रांची

**बुधवार, 1 अप्रैल, 2026**

चैत्र, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2083

स्थापितः 1991, संस्थापक : बलबीर दत्त

वर्षः 35, अंकः 135, मूल्यः ₹3

पृष्ठः 1, कुल पृष्ठः 12

# देश प्राण

सच की ताकत

देश प्राण ESTD. 1991 सत्यस्य शक्तिः सर्वोपरि

contact@deshpran.in | Desh Pran | Desh Pran | Desh Pran | @deshpran | @deshpran | Desh Pran | www.deshpran.com


## सुविचार

भाग्य तभी साथ देता है, जब आप पूरी ताकत से प्रयास करते हैं, सिर्फ उम्मीद से कुछ नहीं होता।

## इतिहास के पन्नों में

### 1 अप्रैल



### महत्वपूर्ण दिवस

#### अप्रैल फूल

अप्रैल फूल दिवस अर्थात मूर्ख दिवस को 1 अप्रैल के दिन विश्वभर में मौज-मस्ती और हंसी-मजाक के साथ एक-दूसरे को मूर्ख बनाते हुए मनाया जाता है। इस दिन लोग अपने मित्रों, पड़ोसियों और यहां तक कि घर के सदस्यों से भी बड़े ही विचित्र प्रकार के हंसी-मजाक, मूर्खतापूर्ण कार्य और धोखे में डालने वाले उपहार देकर आनंद लेते हैं। 'ऑल फूल्स डे' के रूप में जाना जाने वाला यह दिन, 1 अप्रैल एक आधिकारिक छुट्टी का दिन नहीं है, लेकिन इसे व्यापक रूप से एक ऐसे दिन के रूप में जाना और मनाया जाता है, जब एक दूसरे के साथ व्यावहारिक मजाक और सामान्य तौर पर मूर्खतापूर्ण हरकतें की जाती हैं। यह दिन मूर्ख बनकर या मूर्ख बनाकर भी मन को सुख देता है। यही अनूठा भाव ही इसकी लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण है।

## बीसीसीआई के ब्रिटिश ब्रॉडकास्ट इंजीनियर की मुंबई के होटल में मौत

**मुंबई, 31 मार्च:** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ ब्रॉडकास्ट इंजीनियर के तौर पर काम कर रहे एक ब्रिटिश नागरिक का शव मुंबई के ट्राइडेंट होटल में उनके कमरे में मिला। मृतक की पहचान इयान विलियम्स लैंगफोर्ड (76) के रूप में हुई है। इस मामले की छानबीन मरीन ड्राईव पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। मामले की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि इयान विलियम्स लैंगफोर्ड आईपीएल मैचों की कवरेज के सिलसिले में 24 मार्च से ट्राइडेंट होटल में रुके हुए थे। 29 मार्च को मैच खत्म होने के बाद इयान अपने होटल के कमरे में लौट आए।

## दंतेवाड़ा में 9 लाख के इनामी 5 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा, 31 मार्च:** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में आज मंगलवार को 5 लाख की इनामी महिला नक्सली सोमें कड़ती सहित पांच नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनपर 9 लाख रुपये का इनाम घोषित था। बस्तर आईजी सुंदरराज, सीआरपीएफ डीआईजी राकेश, दंतेवाड़ा कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय के समक्ष आत्मसमर्पण के बाद उनकी निशानदेही पर सुरक्षाबलों ने उनके ठिकानों पर छिपाई गई इंसास रायफल, एसएलआर एवं बीजीएल सहित 40 हथियार भी बरामद किए।

### मार्च में ही झुलसाने लगी गर्मी, चार अप्रैल तक येलो अलर्ट

# डाल्टनगंज में 40 डिग्री के पार पहुंचा तापमान

**रांची, 31 मार्च (हि.स.):** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में तापमान में तेजी से वृद्धि होने लगी है। मंगलवार को डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसी प्रकार जमशेदपुर और चाईबासा में भी अधिकतम तापमान बढ़कर 38 डिग्री के पार पहुंच गया है। हालांकि राजधानी रांची में तापमान 34.6 डिग्री दर्ज किया गया जो अन्य जिलों के मुकाबले 04 डिग्री कम है।

मौसम विभाग ने 04 अप्रैल तक राज्य के विभिन्न जिलों के



लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इनमें 01 अप्रैल को राज्य के उत्तरी और मध्यवर्ती जिलों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ 30 से 40 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवा चलने और वज्रपात होने की संभावना है। इसके अलावा 04 अप्रैल को उत्तर-पश्चिमी और मध्यवर्ती भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ 40 से 50 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवा चलने और वज्रपात की संभावना जतायी गई है।


उल्लेखनीय है कि पिछले लगभग 10 दिनों से राज्य भर में मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। कभी कडी धूप तो कभी तेज हवा के साथ बारिश होने से तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की जा रही है। इधर, मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और कड़ी धूप खिली रही। लेकिन दोपहर बाद मौसम में बदलाव दिखाई दिया और घने बादल छाए रहे। साथ ही तेज हवा के कारण ठंडी हवाएं चली। इससे मौसम काफी सुहाना हो गया।

वहीं, मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री, जमशेदपुर में 38.4 और 22.8 डिग्री, डालटेनगंज में 40.2. और 24.8 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 30.2.1 और न्यूनतम 19.5 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम 38.6 डिग्री और न्यूनतम 22.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# तेहरान पर परमाणु हमले की गंभीर चेतावनी देकर यूएन अधिकारी ने चौंकाया

**न्यूयॉर्क/तेहरान, 31 मार्च (हि.स.):** संयुक्त राष्ट्र से जुड़े अधिकारी मोहम्मद सफा ने ईरान पर संभावित परमाणु हमले की आशंका जताते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया कि तेहरान पर बड़े पैमाने पर हमले की योजना बनाई जा रही है, जिसे लेकर वैश्विक स्तर पर पर्याप्त गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। सफा ने अपने बयान में कहा कि लोग इस मामले की गंभीरता को नहीं समझ रहे हैं और आरोप लगाया कि लाखों आम




नागरिकों को प्रभावित करने वाली संभावित कार्रवाई की तैयारी हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इस जानकारी को सार्वजनिक करने के कारण उन्होंने अपना कूटनीतिक करियर छोड़ने का फैसला किया।

उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने कर्तव्यों को निलंबित कर दिया ताकि वह किसी भी ऐसे कदम का हिस्सा न बनें, जिसे उन्होंने मानवता के खिलाफ अपराध बताया। सफा ने न्यूक्लियर विंटर जैसी स्थिति की आशंका जताते हुए कहा कि समय रहते कदम उठाना बेहद जरूरी है।

ईरान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच सफा की यह टिप्पणी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई बहस को जन्म दे सकती है। हालांकि, उनके दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो पाई है और न ही यूनाइटेड नेशंस की ओर से इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आई है।

# असम विधानसभा चुनाव में झामुमो ने झोंकी अपनी ताकत

### ✦ हिमंता के बड़े-बड़े भाषणों के विपरीत विकास से कोसों दूर हैं असम के गांव : सीएम

**देश प्राण संवाददाता**

**रांची/राजमहल, 31 मार्च:** झारखंड मुक्ति मोर्चा असम चुनाव में पूरे दमखम के साथ चुनावी मैदान में है और अपने प्रत्याशी के पक्ष में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पार्टी के स्टार प्रचारक, पार्टी पदाधिकारी, मंत्री, सांसद व विधायक चुनावी प्रचार चुनावी प्रचार में जुटे हैं। मंगलवार को असम के मजबत विधानसभा में



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की चुनावी सभा हुई, मुख्यमंत्री के साथ अभिषेक प्रसाद पिंटू, राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा, स्टार प्रचारक सह राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा व स्टार प्रचारक सह विधायक भूषण तिर्की शामिल रहे।

राजमहल विधायक सह स्टार प्रचारक एमटी राजा ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य एवं देश में नफरत की राजनीति करने वाले पार्टी झारखंड के बाद असम चुनाव में झामुमो पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के एकजुटता संदेश से घबरा गए हैं। झारखंड के चुनाव के समय असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बड़े बड़े भाषण दिए थे, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है, यहां के गांव विकास से कोसों दूर है, जनता हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रही है, असम के मुख्यमंत्री व उनके राजनीतिक पार्टी सिर्फ समाज में नफरत फैलाने की राजनीति करती है।

आज असम की धरती पर प्यार और एकजुटता के साथ भाईचारे का सौहार्द स्थापित करने का कार्य झामुमो के अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कर रहे हैं, उनका संदेश है झारखंड के तरह भाईचारे व एकजुटता से असम का विकास संभव है। आम लोगों में हेमंत सोरेन के भारी आकर्षण दिख रहा है।

## बंगाल चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हुए टेनिस स्टार लिएंडर पेस



**नई दिल्ली, 31 मार्च:** भारत के पूर्व टेनिस स्टार लिएंडर पेस मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय राज्य मंत्री सुकांता मजूमदार, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, सांसद अनिल बलूनी की मौजूदगी में लिएंडर पेस ने भाजपा की सदस्यता ली। पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले भाजपा ने लिएंडर पेस को पार्टी में शामिल कराकर तृणमूल कांग्रेस को बड़ा झटका दे दिया है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लिएंडर पेस का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक पल बताया। उन्होंने कहा कि अब अंतर्राष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी भाजपा के मंच से देश की सेवा करेंगे। रिजिजू ने कहा कि देशभर में लिएंडर पेस का नाम किसी परिचय का मोहताज नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले 12 वर्षों में खेल और खिलाड़ियों के लिए किए गए कार्यों से प्रेरित होकर पेस ने भाजपा का दामन थामा है। उन्होंने आगे कहा कि लिएंडर पेस जैसे दिग्गज खिलाड़ी का पार्टी में शामिल होना न सिर्फ खेल जगत, बल्कि राजनीति के लिए भी एक महत्वपूर्ण क्षण है।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री सुकांता मजूमदार ने टेनिस स्टार के भाजपा में शामिल होने पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि लिएंडर पेस जैसे टेनिस आइकन का पार्टी में आना भाजपा के लिए बहुत बड़ा दिन है।

# चुनौतियों से निपटकर नया इतिहास बना रहा भारत, अगली सदी भारत की: हरिवंश सिंह

### ✦ भोपाल में हुआ मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के युवा विधायकों का सम्मेलन

**भोपाल, 31 मार्च (हि.स.):** राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश सिंह ने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेज गति से उभरती अर्थव्यवस्था है। भारत चुनौतियों से निपट कर नया इतिहास बना रहा है और आने वाली सदी भारत की होगी। इसके लिए सकारात्मक और दूरदर्शी सोच के साथ कार्य करना आवश्यक है।

उप सभापति हरिवंश सिंह मंगलवार को भोपाल स्थित मप्र विधानसभा में आयोजित मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के दो दिवसीय युवा विधायक सम्मेलन (राष्ट्रकुल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन-6) के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

सम्मेलन में लोकतंत्र में नागरिकों की भागीदारी एवं विकसित भारत@2047 में विधायकों की भूमिका पर विचार व्यक्त किये गये। उप सभापति सिंह



ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि युवा देश का इतिहास, दिशा और भविष्य बदल सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत का सपना युवाओं की सक्रियता से ही पूरा होगा।

भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में विकास की यही गति जारी रही तो वर्ष@2047 के पहले भी भारत विकसित राष्ट्र बन सकता है।

**विधानसभाएं तेजी से डिजिटल हो रही, जनप्रतिनिधियों के लिए नए अवसर**

उप सभापति सिंह ने कहा कि जब वे सांसद बनकर आए थे, तब कागजों के पुलिंदे आते थे और उन्हें घर में रखने की जगह भी नहीं होती थी। पढ़ने का भी पूरा अवसर नहीं मिल पाता था। आज वही संसद पूरी तरह पेपरलेस हो चुकी है और अब आगे एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के उपयोग पर भी काम चल रहा है। विधान सभाएं भी तेजी से डिजिटल हो रही हैं, जिससे जनप्रतिनिधियों के लिए कई नए अवसर पैदा हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी अवसर प्रदान करती है, खासतौर पर एआई। इसे लेकर दो तरह की विचारधाराएं हैं-एक ओर इसे चुनौती माना जाता है, तो दूसरी ओर यह बड़े अवसर भी देता है। जिन राज्यों या देशों में विकास की गति धीमी रही है, उनके लिए टेक्नोलॉजी आगे बढ़ने का मौका देती है।

उन्होंने प्रसिद्ध अर्थशास्त्री रघुराम जी. राजन का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी किताब में बताया गया है कि क्यों कुछ राज्य तेजी से विकसित होते हैं, जबकि कुछ पीछे छूट जाते हैं। ऐसी पुस्तकों से हमें यह समझने में मदद मिलती है कि हमारी जीडीपी कैसे बढ़ सकती है और आर्थिक विकास के लिए किन नीतियों की आवश्यकता है।

### राहत एवं बचाव कार्य और समुद्री डकैती विरोधी मिशनों में आएगा काम

# नौसेना के लिए अगली पीढ़ी का गश्ती पोत 'शची' लॉन्च

**नई दिल्ली, 31 मार्च (हि.स.):** भारतीय नौसेना के लिए तैयार किये जा रहे 11 अगली पीढ़ी के अपतटीय गश्ती पोत में से पहला 'शची' मंगलवार को परीक्षण के लिए समुद्र में उतार दिया गया। गोवा में नौसेना उप प्रमुख वाइस एडमिरल तरुण सोबती की मौजूदगी में उनकी पत्नी शगुन सोबती ने नौसैन्य परम्पराओं के साथ लॉन्च किया। अपतटीय गश्ती पोत जैसे प्लेटफॉर्म को नौसेना में शामिल करना इसलिए जरूरी है, ताकि हम मौजूदा और नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें।

अपतटीय गश्ती पोतों का निर्माण गोवा शिपयार्ड लिमिटेड और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स में एक साथ किया जा रहा है। ये देश में बने जहाज रक्षा और निगरानी, खोज और बचाव, अपतटीय संपत्तियों की सुरक्षा, राहत एवं बचाव और समुद्री डकैती विरोधी मिशन जैसे मल्टी डोमेन को बढ़ाएंगे। इन जहाजों के नाम भारतीय पौराणिक कथाओं से लिए गए हैं, जिसमें पहले जहाज का नाम 'शची' है, जिसका मतलब है मदद करने वाला। इसके क्रेस्ट डिजाइन में अर्सा मेजर तारामंडल और एक




लाल और सफेद लाइट हाउस दिखाया गया है। यह स्वदेशी जहाज निर्माण की दिशा में भारतीय नौसेना की कोशिश में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

इस मौके पर वाइस एडमिरल तरुण सोबती ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र और उससे आगे भू-राजनैतिक माहौल को बनाने में भारतीय नौसेना की भूमिका और भी अहम होती जा रही है। हाल के वैश्विक विकास एक मजबूत नेवी की जरूरत को और पक्का करते हैं। बढ़ती रणनीतिक प्रतिस्पर्धा और झगड़ों के साथ नौसेना भारत की समुद्री ताकत का मुख्य उदाहरण और कूटनीति एवं क्षेत्रीय स्थिरता के लिए एक जरूरी जरिया बनी हुई है।

## ग्रीस जा रही प्रवासियों की नाव समुद्र में रास्ता भटकी, 22 की मौत

**ढाका, 31 मार्च:** लीबिया से ग्रीस जा रही प्रवासियों की नाव समुद्र में रास्ता भटक गई। इस दौरान 22 लोगों की मौत हो गई। इनमें 12 युवा बांग्लादेश के नागरिक हैं। सुनामगंज के उपायुक्त मोहम्मद इलियास मिया ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इस घटना के लिए जिम्मेदार मानव तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज करेगा। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, सुनामगंज के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजन सरकार ने बताया कि अब तक उन्होंने 12 नागरिकों की मौत की पुष्टि कर ली है। इनमें से छह लोग डेराई उपजिला के, पांच लोग जगन्नाथपुर उपजिला के और एक व्यक्ति दोराबाजार उपजिला का रहने वाला है। सुनामगंज के उपायुक्त मोहम्मद इलियास ने कहा कि इनके शव समुद्र से मिल गए हैं। 28 मार्च को बचाए गए 26 लोगों को ग्रीस के एक शिविर में रखा गया है। पीड़ित परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि मानव तस्करों ने युवकों को 12 से 15 लाख टका के बदले इटली पहुंचाने का वादा करके फंसाया था। सबको सबसे पहले लीबिया ले जाया गया। उन्हें ठसाठस भरी नावों में बिठा दिया गया। पुलिस ने बताया कि ग्रीक कोस्ट गार्ड ने 28 मार्च को 26 लोगों को बचाया।




संक्षिप्त समाचार

### केडीएच परियोजना में 29 कर्मचारियों को प्रमोशन आदेश प्रदान किया गया

**खलारी/डकरा :** सीसीएल के एनके क्षेत्र अंतर्गत केडीएच परियोजना में मंगलवार को परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह के द्वारा 29 कर्मचारियों को प्रमोशन आदेश प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में खान प्रबंधक, पीई (ईएंडएम), पीई (ईएक्ससीवी), सहायक प्रबंधक (एचआर) सहित पीसीसी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं सदस्यों ने पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही सभी को आगे भी उत्कृष्ट सेवा, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। मानव संसाधन अधिकारी रानी चौबे ने इस उपलब्धि का श्रेय अपनी टीम के सदस्यों उदय सिंह, सुंदर कुमार, महावीर गंझू, महेश, गहना, मुस्कान एवं सरत कुमार को दिया। गौरतलब है कि चालू वर्ष में केडीएच परियोजना में कुल 74 कर्मचारियों को प्रमोशन दिया गया है।

### बुढ़मू के बरौदी मे हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ का हुआ समापन

**बुढ़मू :** धर्म की जय हो,अधर्म का नाश हो,प्राणियों में सद्भावना हो,विश्व का कल्याण हो आदि गगनचुंबी जयघोषों के साथ बुढ़मू प्रखंड के बरौदी गांव में नवनिर्मित श्री हनुमान मंदिर का प्राणप्रतिष्ठा सह यज्ञ समारोह मंगलवार को सम्पन्न हो गया। इससे पूर्व आचार्य रुद्रनाथ मिश्रा, नरेंद्र किशोर वैद्य व अमन वैद्य के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हनुमान जी का प्राणप्रतिष्ठा,यज्ञ मंडप में पूजन,हवन,आरती आदि अनुष्ठान संपन्न किये गये। रात्रि में हजारीबाग के कलाकारों द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। यज्ञ के सफल आयोजन में समिति के मोतीलाल महतो,शिवकुमार मुंडा,राजेंद्र महतो,बलराम महतो,नरेंद्र महतो,छुन्नूलाल महतो,शम्भू साहु, बिहारी महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### युवराज स्व गोपाल शरण नाथ शाहदेव की जयंती पर लगेगा मेडिकल कैंप

**रातु :** छोटानागपुर के युवराज व हटिया विधानसभा के पूर्व विधायक स्व गोपाल शरण नाथ शाहदेव की जयंती पर 2 जुलाई को छोटानागपुर फन कैशल पार्क में मेडिकल कैंप लगाया जायेगा। कैंप में सैनफोर्ड अस्पताल के प्रसिद्ध चिकित्सक की टीम मौजूद होंगे। टीम में जेनरल फिजिशियन, आर्थो ( हड्डी रोग), एवम बच्चो के डॉक्टर उपस्थित रहेंगे। सभी प्रकार की जाँच मुफ्त में किया जाएगा। शिविर में सुबह 9 बजे से 1 बजे तक जांच व इलाज किया जायेगा। निशुल्क दवा दिया जायेगा। कैंप में रक्त दान का भी शिविर लगाया जाएगा। जिसमे लोग रक्त जांच व रक्त दान कर सकते है।

### अड़की में पारंपरिक उल्लास के साथ निकली सरहुल शोभा यात्रा

**अड़की:** प्रखंड के अड़की क्षेत्र में आदिवासी समाज के प्रमुख पर्व सरहुल के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा और पारंपरिक नृत्य का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय अड़की के ताड़ापीड़ी मैदान में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें स्थानीय लोगों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिला प्रवक्ता सह विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि का पारंपरिक रीति रिवाज के साथ भव्य स्वागत किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत लक्ष्मण पाहन एवं शाबरन पाहन द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई, जिसमें प्रकृति और ग्राम देवताओं की आराधना की गई। इस दौरान महिला समूह की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली।

# लाखों का डोडा और तैयार अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

देश प्राण संवाददाता

**रांची, 31 मार्च :** रांची पुलिस ने नशे के तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नामकुम इलाके से 85 लाख रुपये का डोडा, 3.50 लाख के अफीम के साथ ढाई लाख रुपये नकद बरामद करने में सफलता हासिल की हैं। इस कार्रवाई में एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है।

ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने मंगलवार को बताया कि एसएसपी राकेश रंजन को मिली सूचना के आधार पर नशे के तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। डोडा और अफीम की तस्करी करने वाले एक संगठित गिरोह के सदस्य मनीष तिर्की को रांची के नामकुम इलाके से गिरफ्तार किया गया है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि नामकुम थानान्तर्गत ग्राम-बुदरी में एक



गिरोह के द्वारा अफीम एवं डोडा की तस्करी की जा रही है तथा उनके पास अवैध अफीम एवं डोडा छुपा कर रखा हुआ है।

इसके सत्यापन के बाद की गई छापामारी के क्रम में नामकुम थाना क्षेत्र के ग्राम-बुदरी स्थित मनीष तिर्की के पक्का-कच्चा मकान से विभिन्न रंग के प्लास्टिक के बोरा में भरा हुआ डोडा कुल- 31 बोरा एवं मकान परिसर में खड़ी सफेद रंग के गाड़ी (जेएच05 एएस1583) से प्लास्टिक के बोरा में डोडा कुल चार प्लास्टिक बोरा में डोडा भरा हुआ बरामद किया गया, जिसका कुल वजन- 566.5 किलो पाया गया।

तलाशी के क्रम में मनीष तिर्की के घर के अंदर रखे अलमीरा के दराज से प्लास्टिक में पैक किया हुआ 700 ग्राम तैयार अफीम, अफीम तौलने के लिए डिजिटल मशीन, नकद रकम- 2,28,000 रुपये, बैंक पासबुक एवं फोन बरामद किया गया। बरामद डोडा, अफीम एवं नकद रुपये के संबंध वैध कागजात की मांग करने पर मनीष तिर्की ने कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया। इसके बाद बरामद नशे की खेप को विधिवत जब्त किया गया, साथ ही पकड़ाये व्यक्ति ने अपना नाम-पता मनीष तिर्की को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ में पता चला कि उसके द्वारा अत्यधिक मुनाफा कमाने की उद्देश्य से अवैध डोडा एवं अफीम के कारोबार के लिए एक सिंडिकेट बनाया गया है, जो मादक पदार्थ का अवैध कारोबार कर रहा है। इस सिंडिकेट में रांची जिला के अलावा खूंटी एवं हजारीबाग जिले के भी सदस्य शामिल है।

इस गिरोह के द्वारा अवैध व्यापार के संचालन में नकद लेन-देन के अलावे डिजिटल भुगतान-लेन-देन भी किया जाता है।

### आदित्य साहू ने खूंटी घटना को लेकर राज्य सरकार पर लगाया तुष्टीकरण का आरोप

**रांची :** झारखंड के खूंटी जिले के मुरहू में रामनवमी के अवसर पर हुई घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने राज्य सरकार पर तुष्टीकरण का आरोप है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तुष्टीकरण की राजनीति में पूरी तरह डूबी हुई है और वोट बैंक की राजनीति के चलते एक विशेष समुदाय को बढ़ावा दिया जा रहा है। मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में आदित्य साहू ने आरोप लगाया कि राज्य में सनातन धर्म के पर्व-त्योहारों के दौरान सुनियोजित तरीके से जुलूस, शोभा यात्रा, मूर्तियों और मंदिरों को निशाना बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि त्योहारों में बाधा डालना, जुलूसों पर पत्थरबाजी करना और अनावश्यक अवरोध उत्पन्न करना आम बात बन गई है। उन्होंने मुरहू की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि रामनवमी जुलूस पर पथराव इसी मानसिकता का परिणाम है।

## खबर कोना

### रामनवमी आयोजन की सफलता पर मंदिर समिति ने सुखदेवनगर थाना प्रभारी को किया सम्मानित



**रांची :** रामनवमी का पावन पर्व इस वर्ष भी श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक सौहार्द के साथ शांतिपूर्वक एवं भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस सफल आयोजन के उपरांत पश्चिम मुखी हनुमान मंदिर समिति द्वारा सुखदेवनगर थाना प्रभारी श्री सुनील कुमार कुशवाहा जी के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त करने हेतु सुखदेवनगर थाना पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया । इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने थाना प्रभारी को विधिवत चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा भगवान श्रीराम (राम लला) का पावन छाया चित्र सप्रेम भेंट कर उनके सहयोग के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। समिति ने कहा कि रामनवमी जैसे बड़े धार्मिक आयोजन को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में प्रशासन की सक्रिय भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। थाना प्रभारी श्री सुनील कुमार कुशवाहा जी ने भी मंदिर समिति के साथ समन्वय स्थापित करने और भविष्य में भी ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं एवं समिति सदस्यों की अनुशासन एवं सहयोग भावना की भी सराहना की। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में मेहुल प्रसाद, दिलीप वर्मा, सुजीत कुमार, रजत शर्मा, धीरज कुमार एवं असीम पांडे सहित अन्य गणमान्य सदस्य शामिल थे। सभी ने मिलकर इस सफल आयोजन के लिए एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और समाज में शांति, सद्भाव एवं एकता बनाए रखने का संकल्प लिया। मंदिर समिति ने अंत में सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया, जिनके संयुक्त प्रयास से यह पावन पर्व सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

### महवीर मंडल उरुगुटू के द्वारा अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**बुढ़मू :** श्री महावीर मंडल उरूगुट्ठ के तत्वाधान में रामनवमी के अवसर पर उरूगुट्ठ बाजारटांड़ में अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत,जिप सदस्य सुषमा देवी,आजसू के कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी ने किया। मौके पर पूर्व सांसद ने कहा कि रामनवमी हमे असत्य पर सत्य के विजय का संदेश देता है। कार्यक्रम में बुढ़मू,खलारी,रामगढ़, हजारीबाग, चान्हो,लातेहार,चतरा समेत अन्य जगहों के 75 अखाड़ेधारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सभी अखाड़ेधारियों ने अपने करतब से दर्शकों का मन मोह लिया। मौके पर श्री महावीर मंडल टेंडर रातू प्रथम,फ्रेंड्स क्लब जगरनाथपुर द्वितीय व सरना टोली पुंदाग तृतीय स्थान पर रहे। बाकी सभी अखाड़ों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में समिति के अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव, सुबोध पांडेय,रामदयाल महतो,पिंटु पांडेय, राजनाथ लोहरा,प्रदीप पांडेय,अमृत महतो,हरिहर महतो,भोला महतो,मनोज महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दो दिवसीय शिक्षण अधिगम सामग्री पर कार्यशाला का आयोजन




**मांडर :** मांडर के कंदरी स्थित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 'शिक्षण-अधिगम सामग्री पर आधारित 30 एवं 31 मार्च को आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय 'जीरो वेस्ट डे' के उपलक्ष्य में 'वेस्ट मटेरियल' से 'क्राफ्ट मेकिंग प्रतियोगिता' का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएसडब्ल्यू श्री उपेन्द्र उपाध्याय, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दीपाली पराशर, रिसोर्स परशन नवीन कुमार करन एवं समस्त संकाय सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला के मुख्य रिसोर्स पर्सन श्री नवीन कुमार करन रहें। प्राचार्या डॉ. दीपाली पराशर ने अपने संबोधन में कही कि, यह कार्यशाला भावी शिक्षकों के शिक्षण कौशल को सशक्त बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल है। उन्होंने कहा कि टीएलएम के निर्माण से शिक्षण अधिक रोचक और व्यावहारिक बनता है। प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने चार्ट, फ्लैश कार्ड, मॉडल्स और गेम-बेस्ड लर्निंग टूल्स का प्रदर्शन किया। इसमें बी.एड एवं डी.एल.एड के प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। 'जीरो वेस्ट डे' के अवसर पर आयोजित 'क्राफ्ट मेकिंग प्रतियोगिताः में प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने बेकार वस्तुओं से उत्कृष्ट कलाकृतियाँ प्रस्तुत कीं। इसमें प्रथम स्थान विवेकानंद हाउस से बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा प्रतिमा उरांव, द्वितीय स्थान हंसराज हाउस से आकांक्षा लकड़ा ,तृतीय स्थान श्रद्धानंद हाउस से सुष्मिता एक्का एवं चतुर्थ स्थान विवेकानंद हाउस से आकांक्षा एक्का रहीं।

# सीसीएल ने सम्मानित कर सेवानिवृत कर्मियों को दी विदाई

देश प्राण संवाददाता

**रांची, 31 मार्च :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय में मंगलवार को मार्च माह में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यालय के 05 कर्मी सहित विभिन्न क्षेत्रों से कुल 99 कर्मचारियों को विदाई दी गई। मुख्यालय से सेवानिवृत्त होने वालों में महाप्रबंधक (सिविल) शशांक शेखर झा, महाप्रबंधक (खनन) राज कुमार, वरिष्ठ निजी सहायक बिजॉय कुमार रॉय, पंप ऑपरेटर अब्दुल जबार अंसारी और ईपी फिटर श्याम किशोर प्रसाद के नाम शामिल हैं। समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों के सेवाकाल से जुड़ी यादों पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया, जिसने




उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी संगठन की असली पूंजी उसके कर्मी होते हैं। उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। मौके पर निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक नए जीवन अध्याय की शुरूआत है, जबकि निदेशक (योजना एवं परियोजना) अनुप हंजुरा ने कर्मियों के अनुभव को संगठन की अमूल्य धरोहर बताया। समारोह में अधिकारियों, कर्मचारियों और परिजनों की उपस्थिति में सभी को शॉल, पुष्पगुच्छ और स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में अधिकारी सहित अन्य मौजूद थे।

# सीआईएसएफ का पिपरवार में संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन



देश प्राण संवाददाता

**खलारी/डकरा :** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) इकाई सीसीएल एनके पिपरवार द्वारा मंगलवार को आरसीएम साइडिंग, पिपरवार एरिया में संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल का विषय प्रबंधन के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा धरना, घेराव, विरोध प्रदर्शन एवं बंद के आह्वान की स्थिति से निपटना रहा। इस दौरान विभिन्न सुरक्षा एवं आपातकालीन एजेंसियों ने भाग लिया।

मॉक ड्रिल में स्थानीय पुलिस, इंडियन रिजर्व बटालियन, स्टेट इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स, सीसीएल सुरक्षा कर्मी, सीसीएल फायर विंग, एंबुलेंस सेवा के साथ सीसीएल अस्पताल के चिकित्सा कर्मी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिप्टी कमांडेंट दिनेश कुमार ने की। इस अवसर पर उप कमांडेंट अजय कुमार पांडे, सहायक कमांडेंट मनोहर बरवा एवं अमनदीप उपस्थित रहे।

# एआई लर्निंग विषय पर इन-हाउस प्रशिक्षण आयोजित



देश प्राण संवाददाता

**खलारी/डकरा :** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा खलारी में आयोजित त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला (30 मार्च से 1 अप्रैल 2026) के तहत मंगलवार को दूसरे दिन विविध शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियां संपन्न हुईं। कार्यक्रम की शुरूआत वंदना से की गई, जिसके पश्चात एआई लर्निंग विषय पर इन-हाउस प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण के रिसोर्स पर्सन एक्ट्रामार्क्स एजुकेशन के विशेष प्रशिक्षक विकास कुमार थे। प्रशिक्षण सत्र के बाद विद्यालय के भौतिक संसाधनों एवं स्थायी वस्तु पंजी का मिलान कर उसे अद्यतन किया गया। यह कार्य संजीव के द्वारा संपन्न कराया गया। वहीं कक्षानुसार एवं आचार्यवार समय सारिणी का निर्माण पुरुषोत्तम एवं गोविंद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके अतिरिक्त आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए वार्षिक कार्य योजना का भी निर्माण किया गया। कार्यशाला के अंतिम सत्र में प्रधानाचार्य ने दिनभर की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आचार्यों के साथ विचार-विमर्श किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# जी डी गोयनका स्कूल में महिला दिवस का भव्य आयोजन

देश प्राण संवाददाता

**रांची :** परिवार की जिम्मेदारियों को संभालते हुए देश के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों में अपने अदम्य साहस और शौर्य का परचम लहराने वाली हमारी मातृ शक्ति की गाथा को चंद शब्दों में व्यक्त करना मुश्किल है। किसी भी देश की सुरक्षा और सफलता की जिम्मेदारी वहां की सशस्त्र सेनाओं के कंधे पर ही होती है। बेहद प्रतिकूल परिस्थिति में देश की सीमाओं की रक्षा हमारे जवान करते हैं और उनकी अनुपस्थिती में घर ग्रहस्थी की पूरी जिम्मेदारी उनकी पत्नी उठाती हैं। इसी महत्वपूर्ण भाव के साथ आज जी डी गोयनका स्कूल रांची के सुंदर प्रांगण में महिला दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडिअर प्रदीप कुमार सेन गुप्ता, कर्नल आरती चोपड़ा, श्रीमती एम दास गुप्ता (सी जी एम - मेकॉन )हिमानी मुंजाल




(फिरायालाल स्कूल ) इन्द्राणी राय ( मिसेस क्वीन ऑफ इंडिया 2023) चेयरमैन श्री मदन सिंह वाइस चेयरमैन श्री अमन सिंह और विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार, हेड मिस्ट्रेस सुश्री रुमा सेन गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंम किया। इस विशेष कार्यक्रम को खाशतौर पर यहाँ की महिला शिक्षिकाओं ने डिजाइन किया आर्गेनाइज किया और उसे कंडक्ट भी उन्हीं ने किया। बड़ी बात ये कि इस अवसर पर स्कूल मैनेजमेंट ने इस आयोजन में स्कूल की शिक्षिकाओं के अलावा यहाँ पढ़ने वाले बच्चों की अभिभावक माताओं को भी अपने हुनर को प्रस्तुत करने को अपना मंच दिया। सभी ने स्कूल के इस नवीन प्रयास को सराहा।स्कूल की संगीत शिक्षिका सुश्री माला के द्वारा गाये गए देशभक्ति गीत 'ऐ मेरे वतन के लोगों' से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस गीत को सुनकर सबकी आँखे सजल हो गईं।

# कांके विधायक ने राजन सिंह राजा को बनाया विस स्तरीय प्रतिनिधि

देश प्राण संवाददाता

**खलारी/डकरा :** कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार बैठा ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजन सिंह राजा को विधानसभा स्तरीय विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के तहत राजन सिंह राजा सीसीएल मुख्यालय,सीएमपीडीआई, गांधीनगर अस्पताल समेत कांके विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों में विधायक प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे। उन्हें प्रबंधन, मजदूरों एवं विस्थापितों के बीच समन्वय स्थापित कर जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विधायक प्रतिनिधि के रूप में उनकी भूमिका क्षेत्र में विकास कार्यों की निगरानी तथा आम लोगों की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। नियुक्ति के बाद राजन सिंह राजा ने माननीय विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा पूर्व में दी गई जिम्मेदारियों को उन्होंने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाया है, और आगे भी विधायक द्वारा सौंपी गई इस नई जिम्मेदारी को पूरी लगन एवं समर्पण के साथ निभाएंगे।




इस नियुक्ति पर कई नेताओं और कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया। बधाई देने वालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सोमनाथ मुंडा, रांची नगर कांग्रेस अध्यक्ष कुमार राजा, राजेश सिंह मिंटू, ललन सिंह, अब्दुल्ला अंसारी, बिगन सिंह भोक्ता, विनय खलखो, बलवंत सिंह, सोनू पांडे, सुनील सिंह, गोपाल तिवारी, शमीम बरेहार, ऐनूल अंसारी, सदन साव, संजर खान, साबीर अंसारी, गौरीशंकर महतो, अर्जुन मुंडा, तनवीर आलम, गोपाल सिंह, रंजन सिंह बिट्ठू, विक्की सिंह, मोनू रजक, धीरज बहादुर, सुरेन्द्र चौहान, सुधीर सिंह, टुन्नू साव, रमेश चौहान, भोला यादव, सुरेन्द्र यादव, सतीश ठाकुर, अशोक राम, रौशनलाल, सरोज चौधरी, रवि उरांव, बाबू खान, जहीर अंसारी, राजा केसरी, अजय गुप्ता, मोनू सिंह, बबलू सिंह, सतेन्द्र खरवार, सुरज रावत, विजय तुरी, रूपेश मिश्रा, शशि मुंडा, विजय मुंडा, संजय राम, मनोज तुरी, अर्जुन लोहरा, बीजू रजक सहित सैकड़ों लोग शामिल हैं।

आश्रम में दिव्यांग, मंदबुद्धि निराश्रितों की सेवा एवं कराया गया भोजन

# मानव प्रभु सेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं : संजय सर्राफ


**रांची :** परमहंस डा० संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य मे श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के द्वारा संचालित विगत 2 वर्षों से चल रहे पीड़ित मानव सेवा के पावन तीर्थ स्थल मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम पुंदाग के प्रांगण में सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) राँची में मनोरंजन कुमार एवं विधु जी एवं उनके परिवार के सौजन्य से आश्रम में रह रहे 45 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभु जी एवं आश्रम में रहकर उनकी सेवा करने वाले सेवादार साथियों के बीच विभिन्न व्यंजनों के साथ अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसादी का विधिवत आश्रम के किचन में भोजन बनवाकर भोजन खिलाया गया। सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि 16 मार्च से 31 मार्च तक 16 दिनों मे 3360 निराश्रित प्रभुजी एवं उनकी देखभाल करने वाले सेवादार साथियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम सदगुरू कृपा अपना घर (सत्य-प्रेम सभागार) में- दीपक खेतान, गीता देवी शर्मा, आलोक अग्रवाल, किरण कुमारी, निर्भय कुमार सिंह, गुलाब जी,नितिन कुमार, अशोक अग्रवाल, सरोज देवी, नीरज



कुमार,मधु छावनिका, अनिल खेमका,निलेश अग्रवाल, निशा शर्मा, राजकुमार जालान, के सौजन्य से सभी निराश्रित प्रभुजी को भोजन प्रसादी खिलाकर सेवा की गई। सभी ने ट्रस्ट के सदस्यों को बहुत बहुत धन्यवाद एवं अपना अमूल्य आशीर्वाद दिया। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि इसके अलावे कई लोगों द्वारा आश्रम में रह रहे निराश्रितो, मंदबुद्धि, दीनबंधुओं के लिए खाद्य सामग्री एवं जरूरत के समान प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि सेवा कार्यों को समाज के हर वर्ग का सहयोग और प्रोत्साहन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव प्रभु सेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं है।

स्वतंत्र हिन्दी दैनिक
# देशप्राण
4, तारा टावर, रेडियम रोड, कचहरी चौक, रांची-834001, फोन : 0651-2361181/82
contact@deshpran.in | www.deshpran.com | www.deshpran.in
Desh Pran | Desh Pran | Desh Pran
@deshpran | @deshpran | Desh Pran

सुनी-सुनाई नहीं
केवल प्रामाणिक खबर



**मौसम**

| अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|
| 33.8° | 21.4° |
| प्रातः | सायं |
| 43% | 63% |

### बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल से की मुलाकात

**रांची :** झारखंड की राजनीति में एक बार फिर कथित शराब घोटाले को लेकर हलचल तेज हो गई है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर एक अहम ज्ञापन सौंपा। यह मुलाकात रांची स्थित लोक भवन में हुई, जहां मरांडी ने राज्य में सामने आए 750 करोड़ रुपये से अधिक के कथित शराब घोटाले के मामले को गंभीरता से उठाया। उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया कि इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को जल्द से जल्द चार्जशीट दाखिल करने का निर्देश दिया जाए। मरांडी ने अपने ज्ञापन में यह भी कहा कि इस पूरे प्रकरण में एसीबी की भूमिका की समीक्षा की जानी चाहिए, ताकि जांच की निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके।

### मंगल राधिका सेवाधाम में दिव्यांग और मंदबुद्धियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा

**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सेवाधाम परिसर में संचालित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में मंगलवार को दिव्यांग और मंदबुद्धियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा के तहत भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मनोरंजन कुमार, विधुजी और उनके परिवार के सहयोग आयोजित इस कार्यक्रम के तहत आश्रम में रह रहे 45 दिव्यांग एवं निराश्रितों के साथ-साथ उनकी सेवा में लगे सेवादारों को विधिवत तैयार किए गए विभिन्न व्यंजनों का भोजन कराया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 16 मार्च से 31 मार्च तक चल रहे विशेष सेवा अभियान के दौरान अबतक 3360 से अधिक निराश्रितों एवं सेवादारों को भोजन प्रसाद वितरित किया गया है

**डीवीसी का नया बिजली टैरिफ जारी**

# उद्योग व व्यवसायिक उपभोक्ताओं पर बढ़ा बोझ, घरेलू उपभोक्ताओं को मामूली राहत

**मुख्य संवाददाता**

**रांची, 31 मार्च :** दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) क्षेत्र के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 का नया बिजली टैरिफ आदेश जारी कर दिया गया है। नई दरें 01 अप्रैल 2026 से लागू होगी । इस टैरिफ आदेश में टू-अप, एपीआर तथा वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक के मल्टी ईयर टैरिफ को शामिल किया गया है। नये टैरिफ के अनुसार अधिकांश श्रेणियों के उपभोक्ताओं पर बिजली दरों का अतिरिक्त भार बढ़ा है, जबकि घरेलू उपभोक्ताओं को मामूली राहत दी गयी है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा शुल्क 4.30 रुपये प्रति यूनिट से घटाकर 4.25 रुपये प्रति यूनिट कर दिया गया है। वहीं व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए बिजली दर 4.30 रुपये प्रति यूनिट से बढ़ाकर 4.80 रुपये प्रति यूनिट कर दी गयी है, जिससे इस वर्ग पर प्रति यूनिट 0.50 रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा। कृषि एवं सिंचाई श्रेणी के उपभोक्ताओं को राहत देते हुए इस वर्ग की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गयी है और ऊर्जा शुल्क 5.30 रुपये प्रति यूनिट ही रखा गया है। औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए भी बिजली दरों में उल्लेखनीय वृद्धि की गयी है। 11 केवी उद्योगों के लिए दर 4.20 रुपये से बढ़ाकर 6.00 रुपये प्रति यूनिट कर दी गयी है, जिससे 1.80 रुपये प्रति यूनिट की वृद्धि हुई है। इसी प्रकार 33 केवी उद्योगों के लिए दर 5.90 रुपये तथा 132 केवी उद्योगों के लिए 5.85 रुपये प्रति यूनिट निर्धारित की गयी है। आयोग ने सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं पर कृषि एवं सिंचाई श्रेणी को छोड़कर 0.35 रुपये प्रति यूनिट का अतिरिक्त रेगुलेटरी एसेट एडजस्टमेंट सरचार्ज (आरएएएस) लगाने की भी मंजूरी दी है। इस सरचार्ज का उद्देश्य पूर्व वर्षों के रेगुलेटरी एसेट के समायोजन को पूरा करना बताया गया है। टैरिफ आदेश के अनुसार डीवीसी ने लगभग 45 प्रतिशत टैरिफ वृद्धि का प्रस्ताव दिया था, लेकिन आयोग ने जांच के बाद लगभग 40 प्रतिशत वृद्धि को मंजूरी दी है। आयोग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कुल 6,822.20 करोड़ रुपये के वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) को स्वीकृति प्रदान की है। समय पर बिल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए आयोग ने बिल जारी होने के पांच दिनों के भीतर भुगतान करने पर 2 प्रतिशत की छूट देने का प्रावधान किया है। इसके अलावा प्रीपेड मीटर अपनाने वाले उपभोक्ताओं को ऊर्जा शुल्क पर 3 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट भी मिलेगी। ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोग ने ग्रीन एनर्जी टैरिफ के रूप में स्वीकृत टैरिफ के अतिरिक्त 0.45 रुपये प्रति यूनिट शुल्क लगाने की अनुमति दी है। वहीं रूफटॉप सोलर परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रॉस मीटरिंग के लिए 4.16 रुपये तथा नेट मीटरिंग के लिए 3.80 रुपये प्रति यूनिट का टैरिफ निर्धारित किया गया है। नयी दरों के लागू होने से विशेष रूप से औद्योगिक और व्यावसायिक उपभोक्ताओं पर बिजली खर्च का प्रभाव अधिक पड़ेगा, जबकि घरेलू उपभोक्ताओं को मामूली राहत मिलने से उन्हें सीमित राहत का लाभ मिलेगा।

**प्रति यूनिट दर में कितना बदलाव**

- **घरेलू (एलटी घरेलू) :** 4.30 से घटकर 4.25 रुपये प्रति यूनिट, 0.05 रुपये की कमी।
- **व्यावसायिक (एलटी कामर्शियल):** 4.30 से बढ़कर 4.80 रुपये प्रति यूनिट, 0.50 रुपये की वृद्धि।
- **कृषि/सिंचाई:** 5.30 रुपये प्रति यूनिट, कोई वृद्धि नहीं।
- **उद्योग (11 केवी):** 4.20 से बढ़कर 6.00 रुपये प्रति यूनिट, 1.80 रुपये की वृद्धि।
- **उद्योग (33 केवी):** 4.20 से बढ़कर 5.90 रुपये प्रति यूनिट, 1.70 रुपये की वृद्धि।

## सीसीएल की टीम ने सीआईएल अंतर कंपनी बैडमिंटन प्रतियोगिता में मारी बाजी

**देश प्राण संवाददाता**



**रांची, 31 मार्च :** सीसीएल की टीम ने सीआईएल अंतर कंपनी बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कंपनी का नाम गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में सीसीएल की महिला टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम स्पर्धा में उपविजेता (रनर अप) का स्थान प्राप्त किया। महिला टीम की खिलाड़ियों में पूजा ठाकुर, संयमी निधि, मंजू देवी एवं मिस मालती कुमारी शामिल रहीं, जिन्होंने पूरे टूनामेंट के दौरान उत्कृष्ट समन्वय एवं खेल कौशल का परिचय दिया। व्यक्तिगत स्पधाओं में भी सीसीएल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। संयमी निधि ने महिला ओपन सिंगल्स वर्ग में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान प्राप्त किया, जबकि वेटरन पुरुष ओपन सिंगल्स वर्ग में अविनाश कुमार तिवारी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा तथा निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र ने खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सीसीएल प्रबंधन अपने कर्मचारियों को खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए निरंतर प्रेरित करता है, ताकि कर्मचारियों का बहुआयामी विकास सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में भी इसी प्रकार बेहतर प्रदर्शन करते हुए सीसीएल का नाम और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

## मोर्चा ने एनई होरो की मनाई 101 वीं जयंती

**रांची :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, रांची जिला के तत्वावधान में झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अमर पुरोधा एनई होरो की 101 वीं जयंती समारोह मंगलवार को रांची के बहुबाजार में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। कायक्रम में आंदोलनकारियों ने मांग किया कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अमर पुरोधा एनई होरो की जंयती को सरकार की ओर से राजकीय मान-सम्मान के साथ मनाए। वहीं मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि सरकार झारखंड आंदोलनकारियों के स्वाभिमान की रक्षा करने का दायित्व का निर्वाह करे। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी को न्याय के साथ सम्मान और समाज में स्वाभिमान के साथ जीने का अधिकार चाहिए। पुष्कर ने कहा कि मौजूदा समय में आंदोलनकारियों की पहचान विलुप्त होती जा रही है यह विडंबना है कि समाज अलग राज्य बनाने वालों को सहज रूप से सम्मान पहचान नहीं दे रही है। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की अध्यक्ष रोजलीन तिर्की ने कहा कि आंदोलनकारियों का अस्तित्व झारखंड आंदोलनकारियों से है, लेकिन आज हमारे अमर पुरोधा उपेक्षित हैं। उन्होंने मांग किया कि सभी का गजट नोटिफिकेशन कर राजकीय मान सम्मान दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम को केंद्रीय उपाध्यक्ष इजहार राही, केंद्रीय कोषाध्यक्ष सरोजिनी कच्छप, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रभारी अनथन सहित अन्य ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## अधिकारियों को डराना - धमकाना भाजपा की कार्यशैली : किशोर शाहदेव

**मुख्य संवाददाता**

**रांची, 31 मार्च :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के बयान को भड़काऊ और प्रशासन का मनोबल गिराने वाला करार दिया है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा अपनी विफलता छिपाने के लिए हर घटना को धर्म और तुष्टीकरण के चश्मे से देखती है। शाहदेव ने कहा कि आदित्य साहू का पुलिस अधिकारियों को जेल भेजने और उनकी संपत्ति जांच कराने की धमकी देना साफ दर्शाता है कि भाजपा को न तो कानून पर भरोसा है और न ही वर्दी की मयार्दा पर। अधिकारियों को डराना-धमकाना ही भाजपा की



कार्यशैली बन गई है। कांग्रेस प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि गठबंधन सरकार में कानून सबके लिए बराबर है। मुरहू की घटना में पुलिस पूरी तत्परता से जांच कर रही है। जो भी दोषी होगा, वह सलाखों के पीछे होगा, चाहे वह किसी भी समुदाय का हो। सरकार ने कभी किसी अपराधी का पक्ष नहीं लिया। शाहदेव ने आरोप लगाया कि भाजपा रामनवमी जैसे पावन पर्व के बहाने समाज में नफरत का जहर घोलना चाहती है। उन्होंने कहा कि जब-जब चुनाव नजदीक आते हैं, भाजपा को तुष्टीकरण और समुदाय विशेष की याद आने लगती है। रामनवमी शांति और भक्ति का पर्व है, भाजपा इसे सांप्रदायिक रंग देकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकना बंद करे।

## स्वरोजगार का सशक्त साधन है महा झींगा पालन : अमरेन्द्र कुमार

**मुख्य संवाददाता**

**रांची, 31 मार्च :** झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन (मत्स्य) एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निदेर्शानुसार आदिवासियों की जीविका में सुधार के लिए मत्स्य निदेशालय की ओर से राज्य के विभिन्न जलाशयों में महाझींगा पालन हेतु योजनाएं संचालित है। यह योजना आइसीएआर-सीआइएफआरआई, बैरकपुर (कोलकाता) के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.अर्चन कांति दास के नेतृत्व व मार्गदर्शन में संचालित की गई। इस संबंध में झारखंड सरकार के मत्स्य निदेशालय के निदेशक अमरेंद्र कुमार ने मंगलवार को बताया कि जलाशयों में महाझींगा पालन से आदिवासियों की जीविका में सुधार होगा। उनकी जीवन शैली बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि



अभी तक मत्स्य कृषक जलाशय में सिर्फ मछली पालन करते थे, लेकिन अब छोटे-छोटे जलाशयों में मछली के साथ महाझींगा का भी पालन कर सकेंगे। इससे मत्स्य कृषक अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं। गौरतलब है कि पहले झारखंड में सिर्फ तीन जलाशयों, घाघरा जलाशय हजारीबाग, केलाघाघ जलाशय, सिमडेगा तथा मसरिया जलाशय, गुमला में महाझींगा पालन किया जा रहा था, जिसका परिणाम काफी बेहतर व उत्साहवर्धक रहा। महाझींगा पालन में संतोषप्रद प्रदर्शन देखते हुए जिला के सभी डीएफओ ने अन्य छोटे-छोटे जलाशयों में महाझींगा पालन करने के प्रति अभिरुचि दिखाई। तत्पश्चात राज्य के छह अन्य नए जलाशयों, जिसमें बचरा (लातेहार), करंजी और नौरंगा जलाशय (रांची), नंदनी (लोहरदगा), धनसिंह जलाशय (गुमला) तथा बांकीबेरा जलाशय (दुमका) में भी महाझींगा पालन का कार्य प्रारंभ किया गया। 30 मार्च (सोमवार) को बांकीबेरा जलाशय, दुमका में 2,34,000 संख्या में महाझींगा के बीजों का संचयन किया है। इसके साथ ही विभाग द्वारा जलाशय के किसानों के लिए महाझींगा पालन हेतु आहार , मिनरल मिक्सर और जियोलाइट भी उपलब्ध कराया गया। गौरतलब है कि महाझींगा के बीज संचयन में सिफरी के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.एके दास, नवराजन तिर्की, जिला मत्स्य पदाधिकारी दुमका, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी सहित अन्य कर्मी तथा जलाशय समिति के मत्स्य कृषक उपस्थित रहे। डॉ.दास ने कहा कि महाझींगा पालन कर किसान बंधु अपनी आमदनी बढ़ा सकेंगे। महाझींगा की मांग बढ़ी है। महाझींगा का पालन बढ़ाकर किसान बाजार में बेचेंगे तो अच्छा दाम मिलेगा, आर्थिक उन्नति के साथ ही अपने जीवन परिवर्तन ला सकते हैं। स्वरोजगार से जुड़ सकते हैं।

## भोजन की ऊर्जा आत्मा की ऊर्जा बन जाती है : निर्मला

**रांची :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवाकेन्द्र चौधरी बगान, हरमू रोड में प्राकृतिक अपक्व अहार सत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ० रमेश टावानी, विश्व विख्यात प्राकृतिक चिकित्सक ने कहा सच्चा सुख सच्चे आरोग्य में, आपके आरोग्य आपके जीवन शैली में निहित है। आधुनिक जीवन शैली के फलस्वरूप हम शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक शांति खो रहे हैं तथा अपचन, गैस, कब्ज, एसिडिटी, किडनी रोग, मोटापा, कोलोस्ट्रल वृद्धि से ग्रस्त होकर डायबिटीज, ब्लडप्रेशर, हार्ट अटैक, कैंसर के शिकार हो रहे हैं साथ ही मानसिक तनाव, अनिद्रा, याददाश्त कमजोर होना, डिप्रेशन, भय, चिंता एवं चिड़चिड़ापन ने जीवन कष्टमय बना रखा है। इन सबसे मुक्ति के लिए प्राकृतिक जीवन शैली द्वारा बिना दवाइयों के स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्राकृतिक अपक्व अहार पद्धत्ति अपनाने की आवश्यकता है। हम बिना दवाइयों बिना ऑपरेशन के प्राकृतिक उपचार, योग वा अपक्व अहार द्वारा अपने शारीरिक एवं मानसिक रोगों से मुक्त हो सकते हैं। मानव शरीर ईश्वर की अमूल्य देन है। स्व-चालित यंत्र की तरह आत्मा द्वारा वह अपने आप निरंतर कार्य में लगा रहता है। एक और वह आहार ग्रहण करता है, रक्त बनाता है और स्वयं को पोषण देता है। यदि भोजन नहीं पचता है तो भोजन आंतों में पड़े-पड़े सड़ता रहता है। यह भोजन न तो खून तैयार करता है, और न ही मल के रूप में बाहर निकल पाता है। धीरे-धीरे सड़े हुए मल से जीवाणुओं का जन्म होता है। ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि कच्चा भोजन (फल, सब्जियां, अंकुरित अनाज) सात्विक ऊर्जा से भरपूर होता है, जो मन को शांत, पवित्र और विचारहीन रखने में मदद करता है।

## खबरकोना

### धुमकडिया स्थल करम टोली में मनाया गया सरहुल मिलन समारोह

**रांची :** झारखण्ड सरना मसना विकास समिति, रांची द्वारा प्रत्येक वर्ष रांची, करम टोली स्थित धुमकुडिया में सरहुल मिलन समारोह 2026 का हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती रोशनी खलखो, मेयर रांची रही। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरहुल मिलन समारोह, प्रकृति और जीवन के बीच संतुलन का प्रतीक है। यह उत्सव हमें यह समझाता है कि मानव जीवन का अस्तित्व प्रकृति के साथ गहराई से संबंधित है, आदिवासी समुदाय इसे प्रत्येक वर्ष हर्षो उल्लास के साथ मनाता आया है। समिति के अध्यक्ष श्री माधव उरॉव ने कहा कि सरहुल मिलन समारोह मनाने का मुख्य उद्देश्य अपने आदिवासी समाज में एकजुटता , सोहार्द, भाईचारा, बनाए रखना है, महिलाओं के सम्मान देने के साथ आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति, सभ्यता, प्रकृति से प्रेम, इत्यादि से रूबरू कराना होता है। सचिव श्री नंदा उरॉव ने कहा की ऐसे आयोजन से हमारी नई पीढी संस्कृति, सभ्यता, नृत्य से अवगत होती है, एवं अपने बडे बुजुर्ग से आशीर्वाद प्राप्त करने के साथ उनसे मार्गदर्शन भी लेने हेतु ऐसे आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए, यह काफी सराहनीय कार्य है, इससे आने वाली पीढ़ी हमारी संस्कृति-सभ्यता से अवगत होगी साथ ही समाज में मेल जोल बढेगा। इस अवसर पर झारखण्ड सरना मसना विकास समिति के अध्यक्ष श्री माधो उरॉव, सचिव श्री नन्दा उरॉव, सदस्य बैधनाथ उरॉव, पशुपति कच्यप, श्री कर्मा मुण्डा, सुरेश तिग्गा, उषा कच्यप, शिला, निरा इत्यादि के साथ काफी संख्या में आदिवासी समुदाय उपस्थित थे।

### श्री श्याम मंदिर में 197वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 197 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया राम सिया राम सिया राम जय जय राम के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मण्डल के वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य राजेश ढांढनिया ने अखण्ड ज्योति एवं पूजन के सभी कार्य सम्पन्न करवाएं। सुनील मोदी ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया । सुनील मोदी ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया । श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया।

### विष्णुगढ़ की घटना हृदयविदारक, कानून व्यवस्था पर सख्ती जरूरीः राजेन्द्र प्रसाद

**रांची :** हजारीबाग के विष्णुगढ़ में 12 वर्षीय बच्ची के साथ हुई जघन्य और दरिंदगी भरी घटना ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है। इस अमानवीय घटना में बच्ची के साथ क्रूरता की हदें पार करते हुए उसकी हत्या कर दी गई, जो न सिर्फ हृदयविदारक है बल्कि राज्य के लिए शर्मसार करने वाली घटना भी है। मूलवासी सदान के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने इस घटना पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में गिरती कानून व्यवस्था पर मुख्यमंत्री को सख्त तेवर अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन को अपराधियों की पूरी जानकारी रहती है, इसके बावजूद समय पर कार्रवाई नहीं होती। आज स्थिति यह है कि थाना आम जनता के बजाय जमीन दलालों के लिए काम करता नजर आता है, जिससे आम लोगों का भरोसा कमजोर हो रहा है। राजेन्द्र प्रसाद ने राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा पीड़ित परिवार को 1 लाख रुपये की सहायता राशि दिए जाने को सराहनीय कदम बताया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि नियमानुसार 25% मुआवजा राशि तत्काल दी जानी चाहिए थी। घटना के दो-तीन दिन बीत जाने के बावजूद जिला प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार को कोई आर्थिक सहायता नहीं मिलना गंभीर लापरवाही को दशार्ता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने के साथ-साथ परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी भी दी जाए। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल्स ने इमरजेंसी केयर को किया मजबूत, अपग्रेडेड इमरजेंसी डिपार्टमेंट लॉन्च



**रांची :** विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं देने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल्स, रांची ने अपने अत्याधुनिक और अपग्रेडेड इमरजेंसी डिपार्टमेंट का आज शुभारंभ किया। यह पहल झारखंड में इमरजेंसी केयर को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय मंत्री (डॉ.) इरफान अंसारी, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड सरकार, उपस्थित रहे। उनके साथ जैन समाज के अध्यक्ष श्री संतोष कुमार जैन, डॉ. विजय मिश्रा, विभाग प्रमुख झ क्रिटिकल केयर और डॉ. सुषांत छाबड़ा, क्लस्टर प्रमुख झ इमरजेंसी मेडिसिन शामिल रहे। यह अपग्रेडेड इमरजेंसी डिपार्टमेंट समय पर, उच्च गुणवत्ता और प्रोटोकॉल-आधारित उपचार देने के लिए तैयार किया गया है। इसमें 10 समर्पित इमरजेंसी बेड्स और आधुनिक पेशेंट मैनेजमेंट सिस्टम्स शामिल हैं। साथ ही, इन-बेड डायग्नोस्टिक सुविधाओं के जरिए मरीजों की मूवमेंट कम होती है और डॉक्टरों को तेजी से निर्णय लेने में मदद मिलती है जो गोल्डन ऑवर में बेहद अहम होता है। यह विभाग 24७7 इमरजेंसी मेडिसिन विशेषज्ञों की टीम द्वारा संचालित है। सभी डॉक्टर और स्टाफ (अडवांस कर्डिक लाइफ सप्पोर्ट) और (बेसिक लाइफ सप्पोर्ट) में प्रशिक्षित हैं, जिससे किसी भी गंभीर स्थिति में तुरंत जीवन रक्षक उपचार सुनिश्चित किया जा सके। इस लॉन्च के साथ अस्पताल ने # हर घर इमर्जेंसी रैडी पहल भी शुरू की है, जिसका उद्देश्य रांची को उढफ-अवेयर और इमरजेंसी-रेडी बनाना है।

# मनातू में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 216 किलो डोडा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

देश प्राण संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मनातू थाना क्षेत्र में 216 किलोग्राम डोडा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मंगलवार देर रात गुप्त सूचना के आधार पर की गई।

जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक राजीव रंजन के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। इसके बाद मनातू थाना गेट के पास मुख्य सड़क पर रात करीब 12:30 बजे वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान ग्रे रंग की महिंद्रा एक्सयूवी-500 (रजिस्ट्रेशन नंबर वढ 32 खश 7373) को रोका गया। तलाशी के दौरान वाहन से 216 किलोग्राम डोडा बरामद किया गया। जिसकी कीमत है लगभग 35 लख रुपए आंकी गई है।



गाड़ी में सवार दो व्यक्तियों–संजीव शर्मा (36 वर्ष), निवासी फरीदपुर, जिला बरेली (उत्तर प्रदेश) और निजामुद्दीन राईन (44 वर्ष), निवासी कांडी, जिला गढ़वा–को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों के पास से एक-एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे लावालौंग, प्रतापपुर, कुन्दा और चतरा जिले के विभिन्न इलाकों से डोडा खरीदकर उत्तर प्रदेश में उसकी बिक्री करते थे।

इस मामले में मनातू थाना कांड संख्या 15/2026, दिनांक 31 मार्च 2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 15 ( ) एवं 29 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दोनों आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के लिए न्यायालय भेजा जा रहा है। यह लोग रोबोट्सगंज जा रहे थे। इस कार्य में इन लोगों के द्वारा उपयोग किया गया गाड़ी किसी दूसरे के नाम से है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी निजामुद्दीन राईन का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ पूर्व में तरहसी थाना कांड संख्या 100/2020 (एनडीपीएस एक्ट) और पांकी थाना कांड संख्या 51/2025 दर्ज है।

इस कार्रवाई में पुलिस उपाधीक्षक राजीव रंजन, मनातू थाना प्रभारी विक्की कुमार, अशोक टोप्पो, सत्येन्द्र कुमार, मथुरा महतो तथा मनातू थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

पुलिस ने इस सफलता को मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

## मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज की पैथोलॉजी में अव्यवस्था, जांच की विश्वसनीयता पर उठे सवाल

देश प्राण संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के पैथोलॉजी विभाग में गंभीर अव्यवस्था और लापरवाही के मामले सामने आए हैं, जिससे न केवल मरीजों को परेशानी हो रही है, बल्कि जांच की वैज्ञानिक विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है।

सोमवार को सामने आई स्थिति के अनुसार, यूरिन टेस्ट के लिए अस्पताल में उचित कंटेनर की व्यवस्था नहीं थी। इसके बजाय मरीजों को कंटेनर का ढक्कन थमाया जा रहा था, जिसमें वे किसी तरह नमूना (सैंपल) लेकर पैथोलॉजी तक पहुंच रहे थे। यह प्रक्रिया न केवल असुविधाजनक थी, बल्कि वैज्ञानिक मानकों के भी खिलाफ है।

स्थिति इतनी बदतर थी कि भीड़ और अव्यवस्था के कारण एक व्यक्ति का नमूना रास्ते में ही



गिर गया। इससे न केवल उस मरीज की जांच प्रभावित हुई, बल्कि संक्रमण और अस्वच्छता का खतरा भी बढ़ गया।

पैथोलॉजी कक्ष में अनुशासन का अभाव साफ नजर आया। वहीं, पास स्थित शौचालय में ताला बंद होने के कारण मरीजों–विशेषकर महिलाओं–को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ा। उन्हें बाहर से किसी तरह नमूना लाकर सीढ़ियां चढ़ते हुए पहली मंजिल तक पहुंचना पड़ रहा था, जो कई लोगों के लिए जोखिमपूर्ण और अपमानजनक स्थिति बन गई।

**वैज्ञानिक दृष्टिकोण से गंभीर सवाल :** चिकित्सा विज्ञान के अनुसार, यूरिन सैंपल को स्वच्छ, ढक्कनयुक्त और स्टेराइल कंटेनर में संग्रहित करना आवश्यक होता है, ताकि बाहरी संक्रमण, धूल या बैक्टीरिया से नमूना प्रभावित न हो। खुले या अस्थायी साधनों (जैसे ढक्कन) में लिया गया सैंपल दूषित हो सकता है, जिससे जांच रिपोर्ट गलत आने की आशंका बढ़ जाती है।

गलत जांच का सीधा असर मरीज के इलाज पर पड़ता है– गलत दवा, गलत निदान और गंभीर स्वास्थ्य जोखिम तक हो सकते हैं।

इस संबंध में अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय कुमार से मोबाइल फोन पर संपर्क किया गया। उन्होंने मामले को लैब इंचार्ज डॉ. कलेन्द्र के संज्ञान में लाने की बात कही। वहीं, डॉ. कलेन्द्र ने स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

हालांकि, मंगलवार को भी लैब की स्थिति में कोई सुधार नहीं दिखा। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि जांच प्रक्रिया ही मानकों के अनुरूप नहीं होगी, तो मरीजों को सही उपचार कैसे मिल पाएगा।

यह मामला स्वास्थ्य व्यवस्था की मूलभूत जिम्मेदारियों पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है और तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग करता है, ताकि मरीजों की गरिमा और स्वास्थ्य दोनों सुरक्षित रह सकें।

## झारखंड क्रांति मंच को पलामू में नया नेतृत्व, धीरज कुमार वर्मा बने जिलाध्यक्ष

देश प्राण संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झारखंड क्रांति मंच ने पलामू में संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए धीरज कुमार वर्मा उर्फ धीरज चन्द्रवंशी को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है।

मेदिनीनगर के कचहरी प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में मंच के केंद्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने उन्हें औपचारिक रूप से मनोनयन पत्र सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धीरज कुमार वर्मा लंबे समय से मेदिनीनगर के जन मुद्दों पर सक्रिय और मुखर रहे हैं। उनके नेतृत्व में संगठन न केवल शहर बल्कि पूरे पलामू में जन समस्याओं को लेकर संघर्ष को नई धार देगा और जमीनी स्तर पर संगठन को गति मिलेगी।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मंच के पूर्व पलामू जिलाध्यक्ष विजय राम को केंद्रीय सचिव सह कार्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके कार्यकाल में संगठन ने संघर्ष और विस्तार के



क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय उपाध्यक्ष सह एमकेकेयू झारखंड के अध्यक्ष गिरिजा प्रसाद विश्वकर्मा, केंद्रीय महासचिव सदीक अंसारी, केंद्रीय सचिव विजय राम तथा केंद्रीय कमेटी सदस्य कृष्णा बैठा ने संयुक्त रूप से धीरज कुमार वर्मा को मनोनयन पत्र सौंपते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सभी वक्ताओं ने विश्वास जताया कि धीरज कुमार वर्मा के नेतृत्व में संगठन नई उपलब्धियां हासिल करेगा और मेदिनीनगर सहित पूरे पलामू की जन समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष को और तेज किया जाएगा।

## खबरकोना

### समाजसेवी ग्रामीण चिकित्सक विनोदानन्द पाठक का निधन



**भवनाथपुर (गढ़वा) :** भवनाथपुर प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम झगराखांड़ निवासी ग्रामीण चिकित्सक विनोदानन्द पाठक (57 वर्ष) का आकस्मिक निधन सोमवार की सुबह में हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। इस खबर से गांव सहित आसपास के इलाकों में गहरा दुख व्याप्त हो गया। स्व पाठक मधुरभाषी, मिलनसार, सरल और सेवा भाव से परिपूर्ण व्यक्ति थे। जिन्होंने वर्षों तक ग्रामीण क्षेत्र में लोगों की सेवा कर अपनी अलग पहचान बनाई थी। परिजनों के अनुसार सोमवार की सुबह अचानक वे घर में गिर पड़े थे। जिसके बाद उन्हें तत्काल इलाज के लिए गढ़वा के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस खबर के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम छा गया। गढ़वा से उनका पार्थिव शरीर गांव लाया गया। जहां अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। स्व पाठक का अंतिम संस्कार गांव के ही चनरमी नदी स्थित श्मशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े भाई के पुत्र सतीश पाठक ने दी। इसके पश्चात श्मशान घाट पर ही शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। संवेदना व्यक्त करने वालों में जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, अमीन संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार ठाकुर, झामुमो नेता मनोज कुमार यादव, परमानंद पाठक, रमेश पाठक, विनय पाठक, सेवानिवृत बीईईओ अरविन्द मिश्रा, अरुण मिश्रा, सुधीर पाठक, अमित पाण्डेय, ओमप्रकाश पाण्डेय, सुशील मिश्रा, संतोष पाठक, अरविन्द कुमार पाठक, निरंजन पाठक, नित्यानंद पाठक, जे पी गुप्ता आदि शामिल थे।

### जेटेट में क्षेत्रीय भाषाओं को हटाने पर बवाल, विधायक आलोक चौरसिया का सरकार पर हमला



**मेदिनीनगर :** झारखंड में शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। इसी मुद्दे पर डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया ने हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोला है। विधायक ने कहा कि पलामू के युवाओं के भविष्य के साथ सरकार खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जेटेट परीक्षा से भोजपुरी, मगही, अंगिका और मैथिली जैसी क्षेत्रीय भाषाओं को हटाना झारखंड के करोड़ों युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय है। यह कदम उनकी आवाज दबाने और उनके अवसरों को सीमित करने जैसा है। आलोक चौरसिया ने कहा कि जेटेट अब पलामूझगढ़वा के अभ्यर्थियों के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। वर्षों की तैयारी के बावजूद जब छात्रों को अपनी ही भाषा में परीक्षा देने का अवसर नहीं मिलता, तो इससे उनके आत्मविश्वास और भविष्य दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि मगही और भोजपुरी सहित सभी क्षेत्रीय भाषाओं को जल्द से जल्द जेटेट में पुनः शामिल किया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि इस मुद्दे पर शीघ्र सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया, तो वे सड़कों पर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि यह केवल एक परीक्षा का मुद्दा नहीं, बल्कि लाखों युवाओं के भविष्य का सवाल है। पलामू के युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखना हम सभी की पहली जिम्मेदारी है।

## विद्या मंदिर में आयोजित त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का समापन

अरविन्द कुमार पाठक

**भवनाथपुर (गढ़वा) :** औद्योगिक नगरी भवनाथपुर के टाउनशिप स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विद्यालय स्तरीय त्रिदिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का सोमवार को समापन हो गया। 28 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित विद्यालय स्तरीय त्रिदिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला के अंतिम दिन समापन कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय प्रबन्धकारिणी समिति के अध्यक्ष अरविन्द प्रताप सिंह सेंगर ने दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद सिंह ने कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं शिक्षकों के ज्ञान, कौशल एवं कार्यक्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



तीन दिनों तक चले इस कार्यशाला में शिक्षण की नई तकनीकों, कक्षा प्रबंधन, नैतिक शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यालय के आचार्यों ने अपने अनुभव साझा करते हुए एक दूसरे से उनके शिक्षण कौशल को सीखा। समापन सत्र में अपने विचारों को व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि इस कार्यशाला से प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में लाकर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी आचार्यों के सहयोग एवं उनकी सहभागिता के लिए सबों का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में विद्यालय प्रबन्धन समिति के पदाधिकारी, आचार्यगण एवं कर्मचारीगण की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक वातावरण एवं नई ऊर्जा के साथ हुआ।

## नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में झारखंड छात्र मोर्चा की इकाई का गठन, नई टीम ने लिया छात्रहित में काम का संकल्प

देश प्राण संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झारखंड छात्र मोर्चा द्वारा नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय इकाई का औपचारिक गठन किया गया। इस मौके पर गढ़वा जिलाध्यक्ष निशांत चतुर्वेदी, पलामू जिलाध्यक्ष सुमित पाठक, युवा मोर्चा सचिव सह छात्र मोर्चा प्रभारी कौशल किशोर तथा लातेहार जिलाध्यक्ष राजेंद्र भगत की उपस्थिति में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद नई टीम का गठन किया गया।

नवगठित इकाई में अध्यक्ष पद पर कुमार नवनीत को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, युवराज दुबे, सतीश कुमार सिंह और साहिल अंसारी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। सचिव पद पर उत्तम कुमार, संगठन सचिव के रूप में शिव शंकर सिंह और रवीश कुमार तथा कोषाध्यक्ष के रूप में शुभेंद्र दुबे को मनोनीत किया गया। इसके अलावा गढ़वा, पलामू और



लातेहार के जिलाध्यक्ष एवं जिला सचिवों को भी समिति में सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने संगठन को सशक्त बनाने और छात्रहित से जुड़े मुद्दों पर सक्रियता से काम करने का संकल्प लिया। पलामू जिला सचिव सैयद फैजल ने कहा कि विश्वविद्यालय इकाई का गठन छात्र-छात्राओं के अधिकारों की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह इकाई छात्रों और विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच एक प्रभावी सेतु का कार्य करेगी।

कौशल किशोर ने कहा कि इस इकाई के गठन से संगठन की जमीनी पकड़ और मजबूत होगी तथा अधिक से अधिक छात्रों को संगठन से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे छात्रों में जागरूकता, नेतृत्व क्षमता और सहभागिता को भी बढ़ावा मिलेगा।

गढ़वा जिलाध्यक्ष निशांत चतुर्वेदी ने विश्वास जताया कि नवगठित टीम पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेगी। उन्होंने कहा कि संगठन केवल विरोध तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि रचनात्मक पहल करते हुए शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस सुझाव भी देगा। नामांकन, परीक्षा प्रणाली, परिणाम प्रकाशन, छात्रवृत्ति वितरण और बुनियादी सुविधाओं जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी।

लातेहार जिलाध्यक्ष राजेंद्र भगत ने कहा कि छात्रों की समस्याओं को नजरअंदाज नहीं होने दिया जाएगा और हर स्तर पर उनके अधिकारों की आवाज बुलंद की जाएगी। संगठन विश्वविद्यालय परिसर में सकारात्मक, अनुशासित और शैक्षणिक माहौल स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयास करेगा।

कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और छात्र हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प दोहराया।



# रामनवमी जुलूस के दौरान रामकुमार साहू की निर्मम हत्या करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

देश प्राण संवाददाता




**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के पेलावल ओपी क्षेत्र अतंर्गत गदोखर में रामनवमी जुलूस के दौरान रामकुमार साव पिता ?स्व० नेमन साव की निर्मम हत्या की गई थी। जिसमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में शामिल तीन आरोपियो को हत्या में प्रयुक्त हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी एएसपी अमित कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि 27 और 28 मार्च को रात्रि करीब 12:30 बजे गदोखर शिवमंदिर से रामनवमी का शोभा यात्रा बहुत ही शांति पूर्ण तरीके निकला था। शोभायात्रा में करीब एक से सवा सौ ग्रामीण शामिल थे। जब शोभायात्रा गदोखर कब्रिस्तान मोड़ से पगार चौक होते हुए लौट रही थी। इसी बीच करण कुमार यादव, नितेश यादव, अभिषेक यादव और अरूण यादव चारों ने षडयंत्र के तहत शोभायात्रा में शामिल रामकुमार साव पिता स्व० नेमन साव ग्राम गदोखर थाना पेलावल ओपी जिला हजारीबाग को निर्ममता पूर्वक भुजाली से पेट में ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दिया। हत्या कर आरोपी फरार हो गये।

घटना के उपरांत वादी नारायण साव पिता स्व नेमन साव ग्राम गदोखर थाना पेलावल ओपी जिला हजारीबाग के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी के नामजद आरोपी करण कुमार यादव, नितेश कुमार यादव, अभिषेक यादव और अरूण यादव की गिरफ्तारी हेतु ओ०पी० प्रभारी के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। गठित एसआईटी टीम के द्वारा रामकुमार साव के हत्या में शामिल अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी अभियान चलाकर प्राथमिकी के नामजद आरोपी करण कुमार यादव और नितेश कुमार यादव को को कण्डसार रेलवे स्टेशन से एवं अरूण यादव को छड़वा डैम काली मंदिर के पीछे से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों के निशानदेही पर अरूण यादव के घर के छत के उपर वाला कमरा से हत्या में प्रयुक्त खून लगा हुआ एक भुजाली को बरामद किया गया। गिरफ्तार तीनों आरोपियों ने अपने अपने स्वीकारोक्ति बयान में अपराध को स्वीकार किया और बताया कि पूर्व के रंजिश के कारण षडयंत्र के तहत रामकुमार साव की हत्या किया गया है। छापामारी दल में शहिद रजा, पुलिस निरीक्षक, पेलावल अंचल, वेद प्रकाश पाण्डेय, ओपी प्रभारी, पेलावल, निशांत केरकेट्टा, थाना प्रभारी लोहसिंघना, शिवम गुप्ता, थाना प्रभारी कटकमसांडी, हजारीबाग एसआई उपेन्द्र सिंह, श्यामजीत किस्कू, संजय खलखो एएसआई रविन्द्र कुमार, लासो किस्कु, रमेश सिंह, बुधवा तिर्की, सभी पेलावल ओपी और तकनीकी शाखा हजारीबाग के पदाधिकारी एवं पेलावल ओपी सशस्त्र बल शामिल थे।

## जाम से जनता त्रस्त, खुद सड़क पर उतरे भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद



देश प्राण संवाददाता

**हजारीबाग :** शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों में शामिल अन्नदा चौक पर लंबे समय से लग रहे जाम से आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही थी। इस गंभीर समस्या को देखते हुए भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद खुद सड़क पर उतर आए और यातायात व्यवस्था को सुचारू कराने की पहल की। उनके हस्तक्षेप के बाद कुछ ही समय में जाम हटाया गया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

अन्नदा चौक से होकर प्रतिदिन हजारों लोग बाजार, अस्पताल और अन्य जरूरी कार्यों के लिए गुजरते हैं। ऐसे में यहां लगने वाला जाम मरीजों और आम नागरिकों के लिए बड़ी समस्या बन जाता है। कई बार एंबुलेंस तक जाम में फंस जाती है, जिससे स्थिति और गंभीर हो जाती है। भैया अभिमन्यु प्रसाद ने मौके पर मौजूद लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि अन्नदा चौक हजारीबाग का एक प्रमुख और व्यस्त क्षेत्र है, जहां यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा कि अधिकांश लोग अपने वाहनों को सड़क पर जैसे-तैसे खड़ा कर देते हैं, जिससे आवागमन बाधित होता है और जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। उन्होंने प्रशासन से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की, साथ ही आम जनता से भी अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क पर वाहन खड़ा करने से बचें। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए स्थायी समाधान की मांग की है।

## खबरकोना

### दिनदहाड़े घर के दरवाजे का ताला तोड़कर 12 हजार रुपए रूपया और टैब की चोरी

**हजारीबाग :** शहर के लोहसिघना थाना क्षेत्र अंतर्गत मंडई कला मुहल्ले में दिनदहाड़े घर का दरवाजे का ताला तोड़कर 12 हजार रुपया और टैब चोरी का मामला सामने आया है। इस संबंध में युगेश कुमार ने लोहसिघना थाना में शिकायत दर्ज कराया है। शिकायतकर्ता युगेश कुमार सरैयार पिता स्व कौलेश्वर प्रसाद, ग्राम मंडईकला हनुमान नगर ने पुलिस को दिए गए आवेदन में कहा है कि प्रतिदिन की तरह 30 मार्च को उनकी पत्नी अलका कुमारी शिक्षिका 7:30 बजे सुबह मध्य विद्यालय उरीदीरी, कटकमसांडी, हजारीबाग चली गई। वह अपने बेटे के साथ घर का ताला लगाकर 8:30 बजे ग्यारहवीं कक्षा में एडमिशन टेस्ट दिलाने डीएभी स्कूल हजारीबाग चला गया। करीब 1:00 बजे दोपहर घर लौटकर आया तो देखा घर के दरवाजे का ताला टुटा है और अन्दर सब समान अस्त-व्यस्त है। गोदरेज में एडमिशन कराने के लिए रखा राशि 12,000 रूपया गायब है और बेड पर रखा टैब, जो मेरी पत्नी विद्यालय से बनवाने के लिए लाई थी, वह भी चोरी हो गया। युगेश कुमार ने पुलिस से निवेदन किया है कि रूपया और टैब चोरी कर ले गये चोरों पर उचित कानूनी कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

### बड़कागांव रामनवमी में सूर्य मंदिर कुशवाहा समाज की झांकी को मिला प्रथम स्थान




**बड़कागांव :** रामनवमी की निकाली गई झांकी व जुलस शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। सभी 15 अखाड़ों ने एक से बढ़कर एक झांकी व जुलूस प्रस्तुत किया। सोमवार देर शाम पुरस्कार वितरण कार्यक्रम किया गया जिसका संचालन तापेश्वर कुमार तापस एवं संजय सागर ने किया ।रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक सोनी के नेतृत्व में झांकी व जुलूस का मूल्यांकन विनोद सिन्हा, रितेश ठाकुर व सांवरमल अग्रवाल द्वारा किया गया। झांकी का संदेश, लाइटिंग, साउंड, ताशापार्टी, शिष्टाचार, लाठी तलवार, भाला की करतब दिखलाने के अलावा अन्य चीजों की अवलोकन कर मूल्यांकन, कर अंक दिए गए।मुख्य अतिथि बड़कागांव इंस्पेक्टर ललित कुमार, विशिष्ट अतिथि आजसू नेता केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा व अन्य उपस्थित अतिथियों के हाथों प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार बड़कागांव सूर्य मंदिर कुशवाहा समाज की ओर से निकाली गई राजा हरिश्चंद्र एवं श्मशान घाट से संबंधित झांकी को प्रथम पुरस्कार दिया गया वहीं द्वितीय पुरस्कार आदर्श गुरु चट्टी तथा तृतीय पुरस्कार विश्वकर्म मोहल्ला अवतार क्लब को प्राप्त हुआ। इनके अलावा प्रदर्शन के हिसाब से क्रमबद्ध सभी 15 अखाड़े को पुरस्कार दिया गया। वही महा समिति की ओर से रामनवमी की जुलूस की विधि व्यवस्था को देखते हुए रामनवमी शांतिपूर्वक संपन्न कराने पर रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक सोनी को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। जिसमें हजारों राम भक्तों के लिए विशेष रूप से खाना की व्यवस्था की गई थी। ताकि जुलूस में शामिल कोई भूखा नहीं रहे। झांकी के अलावा महासमिति के द्वारा एकल स्पर्धा में बेहतर करने वाले को भी पुरस्कृत किया गया। वही पुरस्कार वितरण के पश्चात अध्यक्ष विवेक सोनी ने जुलूस पुरस्कार वितरण एवं अन्य कार्यों में सहयोग के लिए बड़कागांव वासियों का आभार प्रकट किया।मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से महासमिति अध्यक्ष विवेक सोनी, सचिव बैजनाथ महतो,जदयू के जिला सचिव सुरेश वर्मा ,सरोज सोनी, गौतम वर्मा ,सरोज सोनी,रामधनी महतो, नरेंद्र राम ,पंकज कुमार, दीपक महतो, व दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### बिरसा उच्च विद्यालय का 20 वाँ स्थापन दिवस धूमधाम से मनाया गया



**चौपारण :** प्रखण्ड के बिरसा उच्च विद्यालय डुमरी में दिप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से विद्यालय का 20 वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया । इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव भैरो साव, अध्यक्ष सह बच्छई पंचायत के मुखिया बीरेंद्र रजक, पंचायत समिति सदस्य सहदेव यादव विद्यालय के प्रधानाध्यक टिंकू कुमार, समस्त शिक्षक गण भुनेश्वर रजक लक्ष्मन साव छोटन साव नकुलदेव रजक संतोष रजक समाजनसेवी एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।

एनएमएल बादम कोयला खनन परियोजना में प्रेस वार्ता

## खनन क्षेत्र की प्रगति और भविष्य की रखी गईं योजनाएं

देश प्राण संवाददाता




**बड़कागांव :** एनएमएल बादम कोयला खनन परियोजना में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण कुमार सक्सेना, हेड ऑफ प्रोजेक्ट (बादम) ने किया। उनके साथ सुभ्रांशु शेखर मिश्रा, जीएम (इन्फ्रा), विभिन्न विभागों के प्रमुख (एच ओ डी एस) और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़कागांव के मीडिया प्रतिनिधियों की अच्छी भागीदारी रही।

प्रेस वार्ता के दौरान बादम सीएमपी टीम ने परियोजना की प्रगति के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। अब तक प्राप्त उपलब्धियों, वर्तमान में चल रहे कार्यों और आने वाले समय की योजनाओं को स्पष्ट और पारदर्शी तरीके से मीडिया के सामने रखा गया। परियोजना के विकास, बुनियादी ढांचे की प्रगति तथा आगे की कार्ययोजना के बारे में भी जानकारी साझा की गई। इसके बाद एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया, जिसमें पत्रकारों ने परियोजना से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने प्रश्न रखे। अधिकारियों ने सभी प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया और आवश्यक जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर अरुण कुमार सक्सेना ने मीडिया के निरंतर सहयोग और सकारात्मक भूमिका के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से परियोजना की सही जानकारी आम जनता तक पहुंचती है, जो पारदर्शिता और विश्वास को मजबूत करती है।

कार्यक्रम का समापन सकारात्मक और सार्थक संवाद के साथ हुआ। इस प्रेस मीट से परियोजना टीम और मीडिया के बीच बेहतर तालमेल और समझ विकसित हुई।

## रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई महावीर जयंती

देश प्राण संवाददाता



**चतरा, 31 मार्च :** चतरा जिला मुख्यालय स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर में मंगलवार को जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना स्थल पर भैया-बहनों द्वारा भगवान महावीर की प्रतिमा को भव्य रूप से सजाकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 10वीं की छात्रा श्रुति मित्तल ने किया।इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता

आचार्य मनोज कुमार ने भगवान महावीर के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महावीर स्वामी ने समाज को सत्य, अहिंसा, दया और प्रेम का मार्ग दिखाया है। उनके द्वारा दिया गया 'जियो और जीने दो' का संदेश आज के परिवेश में अत्यंत प्रासंगिक है। आचार्य पंकज कुमार ने भगवान महावीर की जीवनी पर चर्चा की और उनके त्याग व तपस्या के प्रसंगों को साझा किया।

प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह ने भैया-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी पर कुछ भी प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम अनिवार्य है। जिस प्रकार महावीर स्वामी ने 12 वर्षों की कठिन तपस्या के बाद ज्ञान प्राप्त किया, उसी प्रकार विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर पुरुषार्थ करना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के भैया-बहनों ने भी भगवान महावीर के आदर्शों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि हमें सभी जीवों पर समान दया भाव रखना चाहिए, जो महावीर स्वामी की मुख्य शिक्षा रही है। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ।इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य आचार्या और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### ब्रह्मर्षि समाज के संस्थापक मुकेश सिंह पर जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**हजारीबाग :** हजारीबाग में 27 मार्च की रात रामनवमी जुलूस के दौरान ब्रह्मर्षि समाज के संस्थापक अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह पर हुए जानलेवा हमले के मामले में मुख्य आरोपी प्रणय कुमार उर्फ राजू थोथा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी कोर्रा थाना प्रभारी अजीत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि मुकेश सिंह बाजार से घर लौट रहे थे, तभी दीपूगढ़ा गोलंबर के पास रामनवमी कार्यक्रम में शामिल प्रणय कुमार उर्फ राजू थोथा ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। हमले का कारण पुरानी रंजिश और आपसी विवाद रहा है। घायल मुकेश सिंह का इलाज आरोग्यम अस्पताल में कर घर भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कर उसे पकड़ने के लिए लगातार दबिश दे रही थी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी राजू थोथा का पुराना अपराधिक इतिहास रहा है। आरोपी के खिलाफ मुकेश शिंदे नामजद मामला दर्ज कराया था।

## हजारीबाग के अमरदीप यादव को मिला बीजेपी झारखंड प्रदेश मंत्री का दायित्व

देश प्राण संवाददाता



**हजारीबाग :** झारखंड भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू द्वारा घोषित नई प्रदेश कार्यकारिणी में हजारीबाग के कर्मठ और पार्टी के लिए निष्ठावान नेता अमरदीप यादव को प्रदेश मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन बीजेपी के इस नियुक्ति के साथ ही हजारीबाग के राजनीतिक गलियारे में हर्ष और उत्साह का संचार हो गया है। इस उपलब्धि पर हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने सांसद सेवा कार्यालय में अमरदीप यादव का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने अमरदीप को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए पुष्पगुच्छ भेंट किया और संगठन की इस नई एवं चुनौतीपूर्ण पारी के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की अमरदीप यादव का राजनीतिक सफर शुद्ध रूप से वैचारिक निष्ठा और जमीनी संघर्ष की कहानी है। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन की शुरूआत वर्ष 1998 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के एक साधारण कॉलेज कार्यसमिति सदस्य के रूप में हजारीबाग एक संत कोलंबा कॉलेज से की थी। विद्यार्थी जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से ओत-प्रोत अमरदीप यादव ने भाजपा संगठन में विभिन्न दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया है। उनकी सांगठनिक क्षमता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे पूर्व में झारखंड प्रदेश ओबीसी मोर्चा के लगातार तीन बार प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं, जहाँ उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने का अतुलनीय कार्य किया।

हजारीबाग जिले के लिए यह नियुक्ति गौरवपूर्ण होने के साथ-साथ एक समृद्ध विरासत का विस्तार भी है। बिहार से झारखंड अलग होने के बाद साल 2002 में अभयकांत प्रसाद के अध्यक्षीय कार्यकाल में हजारीबाग जिले के बरही के स्व. महावीर साव को प्रदेश पदाधिकारी के रूप में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला था।

## भगवान महावीर जयंती पर लाला प्रीतम बी एड कॉलेज में कार्यशाला आयोजित

देश प्राण संवाददाता



**चतरा, 31 मार्च :** मानवता को अहिंसा, सत्य व करुणा और आत्मसंयम का अमूल्य संदेश देने वाले जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर के अवतरण दिवस पर मंगलवार को लाला प्रीतम बीएड कॉलेज जितनी मोड किशनपुर चतरा व लाला प्रसाद डिग्री इवनिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में पाठ्य सहगामी क्रिया को करिकुलम एक्टिविटी के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बीएड सत्र 2025- 27 एवं डीएलएड सत्र 2024- 26 और 25 -27 के के अध्यनरत छात्र-छात्राओं के द्वारा जीवंत व प्राकृतिक क्रियाशिलन के अंतर्गत श्वेत श्याम पट एवं चार्ट पेपर के माध्यम से भगवान महावीर के विभिन्न कलाकृतियों एवं संदेश को व्यक्त किया। साथ ही भारत व विश्व के परिप्रेक्ष्य में भगवान महावीर के द्वारा दिए गए सत्य अहिंसा एवं करुणा के सिद्धांत में शिक्षा की भूमिका पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थी शिक्षक शिक्षकों के साथ-साथ प्रशिक्षक व्याख्याताओं ने भी अपने विचार प्रकट किया।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सतीश कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज में नैतिकता व मानवता की स्थापना में भगवान महावीर का जीवन दर्शन अतुल्यनीय जाना जाता है। प्रशिक्षु छात्रा सोनाली कुमारी ने शिक्षाविद भगवान महावीर के प्रति अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि तीस वर्ष की आयु में सांसारिक सुखों का त्याग कर कठोर तपस्या का मार्ग अपनाते हुए बारह वर्षो की कठिन साधना के बाद उन्हें कैवल्य ज्ञान सर्व ज्ञान की प्राप्ति हुई और वे महावीर कहलाए।

कार्यशाला के संयोजक व्याख्याता रंजीत कुमार ने महान शिक्षा शास्त्री व शिक्षा दार्शनिक के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है अहिंसा परमो धर्म का संदेश। एक ओर जहां विश्व के कई देश आपस में युद्ध की विभीषिका झेल रहे हैं वही भगवान महावीर की धरती अपने आत्मसंयम एवं करुणा के बल पर समस्त प्राणियों को हिंसा से बचाए रखे हुए हैं।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में महावीर जयंती एवं त्रिदिवसीय विद्यालयी आचार्य कार्यशाला आयोजित

देश प्राण संवाददाता



**हजारीबाग :** विद्या भारती के प्रांतीय कार्य योजना के अनुसार तीन दिवसीय विद्यालयी आचार्य कार्यशाला का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग में आज प्रारंभ हो गया। मालूम हो कि आज विद्यालय में महावीर जयंती मनाई गई 'भगवान महावीर के चरणों में पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया एवं उनके विचारों एवं आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। आचार्य कार्यशाला का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव डॉ जयप्रकाश आनंद, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष डॉ अमिता कुमारी, हजारीबाग विभाग के विभाग निरीक्षक, ब्रजेश कुमार सिंह एवं विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं माता सरस्वती वंदना के साथ किया।

कार्यशाला सात सत्रों में संपन्न हुआ। मौके पर विद्यालय के कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह ने कार्यशाला में कहा - भारतीय संस्कृति के अनुरूप राष्ट्रभक्ति एवं संस्कार युक्त शिक्षा देना विद्या भारती का लक्ष्य है। भैया- बहनों का सर्वांगीण विकास हो उन्हें सभी विषयों की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा आचार्यों द्वारा दी जाए। मौके पर विद्यालय के सचिव डॉ जयप्रकाश आनंद ने कहा- विद्यालय शिक्षा, व्यवहार एवं संस्कार का केंद्र होता है। आप सभी आचार्यों के सतत प्रयास से बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा।

मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने भारती के चार आधार स्तंभ, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं आगामी कार्य योजना पर विस्तार से व्याख्यान दिया ' कार्यशाला में उपाध्यक्ष डॉ अमिता कुमारी ने समावेशी शिक्षा पर आचार्यों का विस्तृत मार्गदर्शन किया उन्होंने कहा समावेशी शिक्षा एक बहुत बड़ी चुनौती है। पूरा समुदाय के सहयोग से समावेशी शिक्षा संभव है। छात्रों को एक ही कक्षा में सर्वोत्तम वातावरण देकर सार्थक शिक्षा समावेशी शिक्षा प्रदान करता है।

कार्यशाला में समिति सदस्य, डॉ खेमलाल महतो ने विद्यालय शिक्षा में गणित का महत्व विषय पर तर्कसंगत जानकारी दी। कार्यशाला में अपना विद्यालय सर्वश्रेष्ठ कैसे बने विषय पर चर्चा पर चर्चा हुई। प्राचार्य महोदय ने आचार्य- दीदी जी का मार्गदर्शन किया।

विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्राध्यापक ,डॉ सुनील कुमार दुबे ने शैक्षिक सुचिता पर विस्तृत मार्गदर्शन किया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में स्नेह मिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता : ज्ञानचंद प्रसाद मेहता

देश प्राण संवाददाता




**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य शैलेंद्र कुमार सिंह के सेवानिवृत्ति के अवसर पर स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रबंधन समिति के माननीय सचिव ज्ञानचंद प्रसाद मेहता, सदस्य लाल दास चौधरी,अशोक कुमार मल्लिक ,सदस्या बबीता कुमारी, ऋचा प्रिया सिन्हा एवं प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन, भारत माता पूजन एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मंचासिन अतिथियों का परिचय विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य मनोज कुमार पांडे ने कराया। उन्होंने विषय प्रवेश करते हुए कहा कि श्री शैलेंद्र आचार्य जी विद्यालय के स्थापना काल से ही विद्यालय के निरंतर उन्नति के लिए प्रयासरत रहे। उन्होंने कहा कि आचार्य शैलेंद्र कुमार सिंह ने सन 1992 से इस विद्यालय में एक आचार्य के रूप में निष्ठा पूर्वक अपनी सेवा प्रदान किया। उन्होंने विद्यालय के स्तंभ के रूप में अपने जिम्मेदारियां का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। अपने आशीर्वचन में विद्यालय प्रबंधन समिति के माननीय सचिव ज्ञानचंद प्रसाद मेहता ने कहा की आचार्य शैलेंद्र कुमार सिंह शालीन व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। उन्होंने विद्या भारती योजना के अनुसार निष्ठापूर्वक लगभग 34 वर्षों तक विद्यालय में अध्यनरत भैया-बहनों को शिक्षा प्रदान की जो सराहनीय है। आगे उन्होंने कहा कि एक शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता है लेकिन व्यवस्था के निमित्त इस परंपरा का निर्वहन होता है। उन्होंने एक लंबे समय तक विद्यालय को अपनी अटूट सेवा प्रदान की। उन्होंने आचार्य जी के उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शैलेंद्र कुमार सिंह एक मिलनसार,सरल स्वभाव एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। आगे उन्होंने कहा कि शैलेंद्र कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल में निष्ठा,अनुशासन और समर्पण के साथ शिक्षण कार्य किया। वे विद्यालय परिवार के लिए सदैव प्रेरणा स्त्रोत रहेंगे। अपने उद्बोधन में आचार्य शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय में बिताया गया समय उनके जीवन की अमूल्य स्मृति रहेगा तथा आचार्य परिवार के साथ बिताया गया पल हमेशा यादगार रहेगा। समारोह के दौरान शैलेंद्र कुमार सिंह को अंगवस्त्र , स्मृति चिन्ह , पुष्प कुछ एवं विभिन्न उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# तेल और चुनाव

देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हालिया राहत ने आम जनता को कुछ हद तक राहत दी है। खासकर जब पांच राज्यों में चुनाव नजदीक हैं, तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह राहत दीर्घकालिक आर्थिक रणनीति का हिस्सा है या फिर चुनावी राजनीति की एक सोची-समझी चाल। जहां दूसरे देशों में तेल की कीमतों में आग लगी हुई हैं। ऐसे में भारत जैसे देश में राहत कब तक? यानी आप यह न समझें महंगाई काबू है। महंगाई धीरे-धीरे बढ़ रही है।

भारत में ईंधन की कीमतें अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के दामों, टैक्स ढांचे और सरकारी नीतियों पर निर्भर करती हैं। जब वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव होता है, तो उसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था और आम आदमी की जेब पर पड़ता है। ऐसे में सरकार द्वारा टैक्स में कटौती या कंपनियों को कीमतें स्थिर रखने के निर्देश देना, तत्काल राहत तो देता है, लेकिन इसके पीछे की मंशा पर बहस होना भी स्वाभाविक है। चुनाव के समय अक्सर सरकारें जनहित में फैसले लेती हैं, लेकिन इन फैसलों का समय उन्हें राजनीतिक रंग दे देता है। तेल की कीमतों में कमी से महंगाई पर काबू पाने में मदद मिलती है, परिवहन लागत घटती है और इसका सकारात्मक असर रोजमर्रा की वस्तुओं के दामों पर भी पड़ता है। इससे मतदाताओं के बीच सरकार की छवि मजबूत होती है। हालांकि, सवाल यह भी है कि क्या यह राहत स्थायी है?

चुनाव खत्म होने के बाद क्या फिर से कीमतों में बढ़ोतरी होगी? यदि ऐसा होता है, तो यह साफ संकेत होगा कि यह कदम केवल चुनावी लाभ के लिए उठाया गया था। दूसरी ओर, यदि सरकार लंबे समय तक संतुलित कीमतें बनाए रखती है तो इसे एक ठोस आर्थिक नीति कहा जा सकता है। देश की जनता अब पहले से अधिक जागरूक है। वह केवल तात्कालिक राहत से संतुष्ट नहीं होती बल्कि स्थायी समाधान चाहती है। सरकार के लिए चुनौती यही है कि वह चुनावी लाभ से ऊपर उठकर ऐसी नीतियां बनाए, जो दीर्घकाल में आर्थिक स्थिरता और जनकल्याण दोनों सुनिश्चित करें। तेल की कीमतों में यह राहत चाहे जिस भी कारण से आई हो लेकिन यह स्पष्ट है कि जनता अब केवल राहत नहीं, बल्कि पारदर्शिता और स्थायित्व की अपेक्षा रखती है।

देश में जब-जब चुनावी मौसम आता है, तब-तब महंगाई का मुद्दा भी नई धार के साथ सामने खड़ा हो जाता है। इस समय पांच राज्यों में चुनावी हलचल के बीच आम जनता की सबसे बड़ी चिंता–महंगाई–फिर से राजनीतिक बहस के केंद्र में है। रसोई गैस से लेकर पेट्रोल-डीजल और रोजमर्रा की वस्तुओं तक, हर चीज की कीमतों ने आम आदमी के बजट को झकझोर कर रख दिया है।

चुनावों के दौरान अक्सर सरकारें राहत के कुछ कदम उठाती हैं- कभी ईंधन के दामों में अस्थायी कमी, तो कभी सब्सिडी या योजनाओं का ऐलान। लेकिन यह राहत अक्सर चुनाव तक ही सीमित रहती है। सवाल यह है कि क्या महंगाई केवल चुनावी मुद्दा बनकर रह जाएगी, या इसके स्थायी समाधान की दिशा में ठोस प्रयास होंगे? विपक्ष महंगाई को सरकार की विफलता बताकर जनता के बीच जा रहा है, तो सत्तापक्ष वैश्विक कारणों–जैसे कच्चे तेल की कीमतें, अंतरराष्ट्रीय संकट–का हवाला देकर अपनी स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश करता है। सच यह है कि महंगाई पर दोनों ही पक्षों की राजनीति के बीच आम आदमी कहीं दब जाता है।

# अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की सामूहिक विफलता

डॉ. शैलेश शुक्ला



द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जब वैश्विक समुदाय ने संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों की स्थापना की, तब उसका मूल उद्देश्य स्पष्ट था- भविष्य में युद्धों को रोकना, राष्ट्रों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना तथा वैश्विक शांति और सुरक्षा को स्थायी आधार प्रदान करना, किंतु इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में जब विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ अनेक युद्ध और सशस्त्र संघर्ष चल रहे हैं, तब यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि क्या अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं अपने मूल उद्देश्य में सफल रही हैं। यूक्रेन, गाजा, सूडान,

**अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की इस विफलता के पीछे कई संरचनात्मक और राजनीतिक कारण हैं। संयुक्त राष्ट्र की संरचना द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की शक्ति संतुलन पर आधारित है, जबकि आज का विश्व बहुध्रुवीय हो चुका है।**

यमन और कई अन्य क्षेत्रों में लगातार जारी हिंसा इस बात का संकेत देती है कि वैश्विक शांति व्यवस्था का ढांचा गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की सामूहिक प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है।

उप्साला कॉन्फ्लिक्ट डेटा प्रोग्राम के अनुसार वर्ष 2023 में विश्व में 59 राज्य-आधारित सशस्त्र संघर्ष दर्ज किए गए जो 1946 के बाद सबसे अधिक संख्या है। यह आंकड़ा केवल संघर्षों की वृद्धि ही नहीं, बल्कि इस तथ्य का भी प्रमाण है कि शीत युद्ध की समाप्ति के बाद जिस शांति काल की आशा की जा रही थी, वह अपेक्षा के अनुरूप स्थायी नहीं हो सका। उसी वर्ष वैश्विक स्तर पर संगठित हिंसा से लगभग 1,54,000 लोगों की मृत्यु दर्ज की गई, जबकि 2022 में यह संख्या 3,10,000 थी। यद्यपि मृत्यु-दर में उतार-चढ़ाव देखा गया, किंतु सक्रिय संघर्षों की बढ़ती संख्या यह दर्शाती है कि विश्व व्यवस्था में अस्थिरता गहराती जा रही है और अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं इन संघर्षों को रोकने या नियंत्रित करने में सीमित सफलता ही प्राप्त कर पा रही हैं।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को वैश्विक शांति और सुरक्षा का मुख्य संरक्षक माना जाता है, किंतु व्यवहार में उसकी संरचना और निर्णय प्रक्रिया कई बार उसकी प्रभावशीलता को सीमित कर देती है। स्थायी सदस्यों को प्राप्त वीटो अधिकार के कारण कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव केवल इसलिए पारित नहीं हो पाते क्योंकि महाशक्तियों के भू-राजनीतिक हित उनसे टकराते हैं। यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में रूस ने अनेक प्रस्तावों पर वीटो का प्रयोग किया, जबकि गाजा संघर्ष के दौरान भी विभिन्न प्रस्ताव स्थायी सदस्यों के मतभेदों के कारण लंबित या विफल रहे।

अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की सीमित प्रभावशीलता का एक अन्य संकेत वैश्विक सैन्य व्यय में लगातार हो रही वृद्धि है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार वर्ष 2024 में विश्व का कुल सैन्य व्यय 2.718 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो अब तक का सबसे अधिक स्तर है और पिछले 10 वर्षों से लगातार बढ़ रहा है। वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 2.5 प्रतिशत भाग सैन्य खर्च पर व्यय किया जा रहा है, जो यह दर्शाता है कि राष्ट्र सुरक्षा के लिए सामूहिक संस्थाओं पर भरोसा करने के बजाय अपनी सैन्य शक्ति बढ़ाने को प्राथमिकता दे रहे हैं। यह प्रवृत्ति न केवल हथियारों की दौड़ को बढ़ावा देती है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की उस भूमिका को भी कमजोर करती है, जिसमें वे सामूहिक सुरक्षा और संघर्ष-निवारण के माध्यम से युद्ध की आवश्यकता को कम करने का प्रयास करती हैं।

हाल के वर्षों में विश्व के कई प्रमुख संघर्षों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की मध्यस्थता और शांति स्थापना प्रयासों की प्रभावशीलता सीमित होती जा रही है। यूक्रेन युद्ध के दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद स्थायी और सर्वमान्य समाधान नहीं निकल सका। इसी प्रकार पश्चिम एशिया में इजराइल और हमास के बीच हिंसा बार-बार युद्धविराम के बावजूद पुनः भड़क उठती है। सूडान में आंतरिक संघर्ष ने मानवीय संकट को जन्म दिया, किंतु अंतरराष्ट्रीय समुदाय समय रहते निर्णायक हस्तक्षेप नहीं कर सका। इन सभी उदाहरणों में यह देखा गया कि संस्थाएँ बयान जारी करने, मानवीय सहायता प्रदान करने और कूटनीतिक प्रयास करने तक तो सक्रिय रहीं, किंतु संघर्षों को शीघ्र समाप्त कराने या दीर्घकालिक शांति स्थापित करने में अपेक्षित सफलता नहीं मिली।

अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की इस विफलता के पीछे कई संरचनात्मक और राजनीतिक कारण हैं। संयुक्त राष्ट्र की संरचना द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की शक्ति संतुलन पर आधारित है, जबकि आज का विश्व बहुध्रुवीय हो चुका है। नए उभरते राष्ट्र और क्षेत्रीय शक्तियाँ वैश्विक निर्णय प्रक्रिया में अधिक प्रतिनिधित्व की मांग कर रही हैं, किंतु सुरक्षा परिषद की संरचना में अब तक व्यापक सुधार नहीं हो सका है। परिणामस्वरूप, अनेक राष्ट्र स्वयं को निर्णय प्रक्रिया से बाहर या हाशिये पर महसूस करते हैं, जिससे संस्थाओं की वैधता और प्रभावशीलता दोनों प्रभावित होती हैं।

इसके अतिरिक्त, अंतरराष्ट्रीय कानून और संस्थाओं की शक्ति मुख्यतः सदस्य राष्ट्रों की सहमति और सहयोग पर निर्भर करती है। यदि कोई शक्तिशाली राष्ट्र किसी निर्णय को मानने से इनकार कर देता है या प्रतिबंधों को नजरअंदाज करता है, तो संस्थाओं के पास उसे बाध्य करने के सीमित साधन ही होते हैं। यही कारण है कि कई बार अंतरराष्ट्रीय न्यायालयों या परिषदों के निर्णय नैतिक और कानूनी दृष्टि से महत्वपूर्ण होते हुए भी व्यवहार में लागू नहीं हो पाते। इससे यह संदेश जाता है कि वैश्विक व्यवस्था में नियमों से अधिक शक्ति और प्रभाव का महत्व है, जो संस्थागत व्यवस्था के मूल सिद्धांतों को कमजोर करता है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि आधुनिक युद्धों का स्वरूप पारंपरिक युद्धों से भिन्न हो गया है। अब केवल दो राष्ट्रों के बीच सीधी लड़ाई ही नहीं, बल्कि प्रॉक्सी युद्ध, साइबर आक्रमण, आतंकवाद और गैर-राज्यीय सशस्त्र समूहों की भूमिका भी बढ़ गई है। इन जटिल और बहुस्तरीय संघर्षों से निपटने के लिए पारंपरिक अंतरराष्ट्रीय संस्थागत ढांचे पर्याप्त रूप से तैयार नहीं हैं। जब संघर्ष स्पष्ट रूप से दो राष्ट्रों के बीच न होकर अनेक पक्षों और गुटों में बंटा हो, तब मध्यस्थता और शांति स्थापना और भी कठिन हो जाती है।

इसके बावजूद यह कहना भी पूर्णतः उचित नहीं होगा कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ पूरी तरह विफल हो चुकी हैं। उन्होंने अनेक अवसरों पर शांति वाताओं को संभव बनाया, मानवीय सहायता पहुंचाई और अंतरराष्ट्रीय कानून तथा मानवाधिकार के मानकों को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किंतु समस्या यह है कि उनकी सफलता अपेक्षाकृत कम दिखाई देती है, जबकि उनकी विफलताएं व्यापक और प्रत्यक्ष रूप से सामने आती हैं। जब युद्ध रुकता है तो उसे कूटनीतिक सफलता के रूप में कम देखा जाता है लेकिन जब युद्ध जारी रहता है तो संस्थाओं की सीमाएं स्पष्ट रूप से उजागर हो जाती हैं।

# देश की पहली डिजिटल जनगणना

प्रमोद भार्गव




दुनिया की सबसे बड़ी आबादी की जनगणना 1 अप्रैल से आरम्भ हो रही है। गृह मंत्री अमित शाह जनगणना के नए नियम और टूल (औजार) पहले ही जारी कर चुके हैं। कोविड महामारी के कारण 2021 में टाली गई जनगणना 2027 में अब शुरू हो रही है। ई-बाजार, ई-आवेदन, ई-रेल व बस में आरक्षण ई-भुगतान के बाद अब ई-जनगणन यानी डिजिटल गिनती होगी। इस गिनती में जाति की गिनती भी साथ-साथ होगी। इसमें जन्म और मृत्यु दोनों ही डिजिटल जनगणना से जुड़े होंगे। हर जन्म के बाद डिजिटल जनगणना खुद ही अद्यतन हो जाएगी और जब किसी की मृत्यु होगी तो उसका नाम खुद ही डाटा से डिलीट हो जाएगा। सेंसर रजिस्टर यानी जनगणना में बच्चे के जन्म माता-पिता ,जाति और जन्म स्थान की जानकारी समेत 16 भाषाओं में 36 प्रश्नों के उत्तर दर्ज हो जाएंगे। बालक जब 18 साल का होगा तो खुद ही उसका नाम चुनाव आयोग के पास चला जाएगा, नतीजतन उसका मतदाता पहचान पत्र बनने के साथ मतदाता सूची में भी नाम स्वमेव दर्ज हो जाएगा। फिर जब किसी की मौत हो जाएगी तो ऑनलाइन जनगणना के डाटा से उस शख्स का नाम खुद ही डिलीट भी हो जाएगा। इस तरह से जनगणना का डाटा हमेशा खुद अद्यतन होता रहेगा। राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्ट्रर (एनपीआर) की प्रक्रिया पर करीब 12000 करोड़ रुपए खर्च होंगे। डिजिटल जनगणना की घोषणा 1 फरवरी 2021 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की थी।

जनगणना-2021 में नागरिकों को गणना में शामिल होने की एक बेहतर और अनूठी ऑनलाइन सुविधा दी गई है। भारत सरकार के केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को ऑनलाइन स्व-गणना का अधिकार देने के लिए नियमों में परिवर्तन किए हैं। जनगणना (संशोधन)-2022 के अनुसार परंपरागत तरीके से तो जनगणना घर-घर जाकर सरकारी कर्मचारी करेंगे ही, लेकिन अब नागरिक स्व-गणना के माध्यम से भी अनुसूची प्रारूप भर सकता है। इसके लिए पूर्व नियमों में 'इलेक्ट्रॉनिक फार्म' शब्द जोड़ा गया है, जो सूचना प्रौद्योगिकी कानून 2000 की धारा दो की उप धारा (एक) के खंड आर में दिया गया है। इसके अंतर्गत मीडिया, मैग्नेटिक, कंप्यूटर जनित माइक्रोचिप या इसी तरह के अन्य उपकरण में तैयार कर भेजी या संग्रहीत की गई जानकारी को इलेक्ट्रॉनिक फार्म में दी गई जानकारी माना जाएगा। यानी एनरायड या आईओएस प्लेटफार्म पर अपनी गिनती दर्ज की जा सकेगी, जो कि आजकल घर-घर में उपलब्ध है। इस ऑनलाइन प्रविष्टि के अलावा घर-घर जाकर भी जनगणना की जाएगी।

इसमें कोई दो राय नहीं कि ऑनलाइन प्रयोग अद्वितीय है। लेकिन देश की जनता के स्थायी और निरंतर गतिशील पंजीकरण के दृष्टिगत अब जरूरी है कि ग्राम पंचायत स्तर पर जनगणना की जवाबदेही सौंप दी जाए। गिनती के विकेन्द्रीकरण का यह नवाचार जहां 10 साला जनगणना की बोझिल परंपरा से मुक्त होगा, वहीं देश के पास प्रतिमाह प्रत्येक पंचायत स्तर से जीवन और मृत्यु की गणना के सटीक व विश्वसनीय आंकड़े मिलते रहेंगे। इस लेख में प्रस्तुत की जाने वाली जनगणना की यह तरकीब अपनाना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि तेज भागती यांत्रिक व कंप्यूटरीकृत जिदंगी में सामाजिक, आर्थिक व शैक्षिक बदलाव के लिए सर्वमान्य जनसंख्या के आकार व संरचना का दस साल तक इंतजार नहीं किया जा सकता? वैसे भी भारतीय समाज में जिस तेजी से लैगिंक, रोजगारमूलक और जीवन स्तर मे परिवर्तन आ रहे हैं, उसकी बराबरी के प्रयासों के लिए भी जरूरी है कि हम जनगणना की परंपरा में आमूलचूल परिवर्तन लाएं?

**इसमें कोई दो राय नहीं कि ऑनलाइन प्रयोग अद्वितीय है। लेकिन देश की जनता के स्थायी और निरंतर गतिशील पंजीकरण के दृष्टिगत अब जरूरी है कि ग्राम पंचायत स्तर पर जनगणना की जवाबदेही सौंप दी जाए। गिनती के विकेन्द्रीकरण का यह नवाचार बोझिल परंपरा से मुक्त होगा।**

जनसंख्या के आकार, लिंग और उसकी आयु के अनुसार उसकी जटिल संरचना का कुछ ज्ञान न हो तो आमतौर पर अर्थव्यवस्था के विकास की कालांतर में प्रगति, आमदनी में वृद्धि, खाद्य पदार्थों व पेयजल की उपलब्धता, आवास, परिवहन, संचार, रोजगार के संसाधन, शिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा के पर्याप्त उपायों के इजाफे के पूवार्नुमान लगाना मुश्किल है। जनसंख्या में वृद्धि के अनुपात में ही लोकसभा और विधानसभा सीटों को परिसीमन के जरिए बढ़ाया जाता है। 2028 में होने वाले लोकसभा चुनाव में महिलाओं के लिए भी 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित रहेंगी। जनगणना में निरंतरता इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि देश व दुनिया में जनसंख्या वृद्धि विस्फोटक बताई जा रही है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक दुनिया की जनसंख्या लगभग सात सौ करोड़ हो चुकी है। 2050 में यह आंकड़ा 10 करोड़ तक पहुंच सकता है। इस आबादी का पचास प्रतिशत से भी ज्यादा हिस्सा महज नौ देशों चीन, भारत, अमेरिका, पकिस्तान, बांग्लादेश, नाइजीरिया, कांगो, इथोपिया और तंजानिया में होगा। परिवार नियोजन के तमाम उपायों के बावजूद दुनिया में प्रति महिला सकल प्रजनन दर 2.5 शिशु है, 2050 में यह दर घटकर 2.1 प्रति महिला प्रति शिशु रह जाने की उम्मीद है।

धरती पर जितनी तेजी से मानव समुदायों की आबादी उन्नीसवीं सदी में बढ़ी है, उतनी तेजी से बढ़ोतरी पहले कभी दर्ज नहीं हुई। एक अनुमान के मुताबिक ईसवी सन एक में धरती पर कुल आबादी लगभग तीस करोड़ थी। अठारहवीं शताब्दी के अंत में दुनिया की जनसंख्या एक अरब के आंकड़े को भी पार नहीं कर पाई थी। इन शताब्दियों में जन्म दर की मात्रा अधिक होने के बावजूद जनसंख्या वृद्धि दर बेहद मंदी थी। प्रकृति पर निर्भर गर्भ निरोधकों से दूर और उपचार की आसान व सुलभ पद्धतियों से अनजान स्त्री-पुरुष बच्चे तो खूब पैदा करते थे, लेकिन उनमें से ज्यादातर मर जाया करते थे। बीमारियों की पहचान और उपचार से नियंत्रण के चलते बीसवीं शताब्दी के पहले ही तीन दशको में यह आबादी दोगुनी होकर करीब पौने दो अरब के आंकड़े को छू गई थी।

भारत की जनसंख्या 1901 में 23,83,96,327 थी। आजादी के साल 1947 में यह आबादी 34.2 करोड़ हो गई थी। 1947 से 1981 के बीच भारतीय आबादी की दर में ढाई गुना वृद्धि दर्ज की गई और आबादी 68.4 करोड़ हो गई थी। जनसंख्या वृद्धि दर का आकलन करने वाले विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में प्रति वर्ष एक करोड़ 60 लाख आबादी बड़ जाती हैं। इस दर के अनुसार हमें अपने देश की करीब एक अरब 40 करोड़ लोगों की एक निश्चित जनसंख्या प्रारूप में गिनती करनी है, ताकि व्यक्तियों और संसाधनों के समतुल्य आर्थिक व रोजगारमूलक विकास का खाका खींचा जा सके। जनसंख्या का यह आंकड़ा अज्ञात भविष्य के विकास की कसौटी पर खरा उतरे उसका मूलाधार वैज्ञानिक तरीके से की गई सटीक जनगणना ही है।

हरेक दस साल में की जाने वाली जनता-जनार्दन की गिनती में करीब 34 लाख कर्मचारी जुटते हैं। डिजिटल डिवाइस से लैस 1.3 लाख जनगणना अधिकारी भी रहेंगे। छह लाख ग्रामों, पांच हजार कस्बों, सैकड़ों नगरों और दर्जनों महानगरों के रहवासियों के द्वार-द्वार दस्तक देकर जनगणना का कार्य करना कर्मचारियों के लिए जटिल होता है। यह काम तब और बोझिल हो जाता है जब किसी कर्मचारी-दल को उसके स्थनीय दैनंदिन कार्य से दूर कर उसे दूरांचल गांव में भेज दिया जाता हैं। ऐसे हालात में गिनती की जल्दबाजी में वे मानव समूह छूट जाते हैं, जो आजीविका के लिए मूल निवास स्थल से पलायन कर जाते हैं। ऐसे लोगों में ज्यादातर अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजातियों के लोग होते हैं। बीते कुछ सालों में आधुनिक व आर्थिक विकास की अवधारणा के चलते इन्हीं जाति समूह के करीब चार करोड़ लोग विस्थापन के दायरे में हैं। इनसे रोशन गांव तो अब बेचिराग हैं, लेकिन इन विस्थापितों का जनगणना के समय स्थायी ठिकाना कहां है, जनगणना करने आए दल को यह पता लगाना मुश्किल होता है? ऐसे ये स्वयं मोबाइल से डिजिटल गणना में शामिल हो सकते हैं।गिनती की निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत वेब आधारित पोर्टल तैयार किया गया है एकीकृत डैशबोर्ड पर रीयल टाइम में जनगणना की जानकारी अपडेट होती रहेगी।गणना को आसानी से संपादित करने वाले टूल अमित शाह ने जारी कर दिए हैं।

## आत्मबोध

### दिनों के नाम संस्कृत में

सप्ताह में कुल सात दिन होते हैं, जिन्हें इंग्लिश में संडे-मंडे और हिंदी में रविवार-सोमवार कहा जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया की सबसे प्राचीन संस्कृत भाषा में इन 7 दिनों को क्या कहा जाता है? दिलचस्प बात ये है कि इन नामों का ग्रहों और भारतीय संस्कृति से गहरा संबंध माना जाता है।

सबसे पहले जान लेते हैं कि सप्ताह में सात दिन ही क्यों होते हैं और इनका निर्माण कैसे हुआ? मान्यताओं के अनुसार, एक बार स्वर्ग के देवताओं ने समय को व्यवस्थित करने का निर्णय लिया। इसके लिए उन्होंने सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा से संपर्क किया। उनका आग्रह मानकर ब्रह्मा जी ने सृष्टि के चक्र को सुचारू बनाने के लिए दिनों का नामकरण करने का फैसला किया। उन्होंने अंतरिक्ष में चमककर पृथ्वी पर जीवन को प्रभावित कर रहे सात दिव्य ग्रहों के नाम पर सात दिन बनाए। इस प्रकार सप्ताह का जन्म हुआ, जिसके प्रत्येक दिन का नाम इन ग्रहों के नाम पर रखा गया।

सप्ताह के पहले दिन यानी रविवार को संस्कृत भाषा में 'भानुवासर' कहा जाता है। यह दिन सूर्य देव को समर्पित होता है, जो सबसे तेज और ओजस्वी हैं। वे अपने रथ पर सवार होकर पूरे ब्रह्मांड को प्रकाशित करते हैं। उनकी किरणें ऊर्जा, स्वास्थ्य और आत्मविश्वास प्रदान करती हैं।

अगला दिन सोमवार होता है, जिसे संस्कृत में 'इन्दुवासर' कहा जाता है। यह दिन, चंद्रमा (सोम) को समर्पित होता है। वे शीतल और सुंदर हैं और रात्रि में अमृत बरसाते हैं, जिससे मन शांत होता है। यही वजह है कि सोमवार को पूजा करने से मानसिक शांति और भावनात्मक संतुलन मिलता है।

तीसरे दिन मंगलवार को संस्कृत में 'भौमवासर' कहा जाता है। यह दिन मंगल ग्रह को अर्पित माना जाता है। वे युद्ध और ऊर्जा के प्रतीक माने जाते हैं। मंगलवार को हनुमान जी या मंगल देव की पूजा से शत्रु पर विजय और साहस प्राप्त होता है।

चौथा दिन बुधवार होता है, जिसे संस्कृत में 'सौम्यवासर' पुकारा जाता है। यह दिवस बुध ग्रह को समर्पित होता है। **(जारी)**



साभार : प्रभा साक्षी

## लो सुनो ...



**आपका लड़ने का तरीका क्या है, हम अंग्रेजों के शासन में नहीं रह रहे हैं। कुछ लोगों ने भगत सिंह जी और बिरसा मुंडा से तुलना ऐसे लोगों से कर दी, जो अक्षम्य है। आपलोग क्या हिमाकत कर रहे हैं। शहीद भगत सिंह और भगवान बिरसा मुंडा, जो अंग्रेजों के सामने लड़े, और आप उनकी तुलना संविधान तोड़कर, हाथ में हथियार लेकर निदोर्षों की हत्या करने वालों से कर रहे हैं?**

**अमित शाह (केन्द्रीय गृहमंत्री, नक्सलवाद पर बयान)**

## कुछ खास ...

### गायब होते सितारे!

भारत के आसमान से सितारे तेजी से गायब हो रहे हैं। दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में बोर्त्ले स्केल पर स्थिति बेहद चिंताजनक है, जहां रात का आसमान अब नारंगी और धुंधला नजर आता है। क्या आपको याद है जब बचपन में बिजली कटते ही हम छत पर लेटकर आसमान में चमकते सितारों को गिना करते थे? आज वह नजारा शहरों से लगभग गायब हो चुका है। भारत अपनी उस 'स्वर्णिम खगोलीय विरासत' को खो रहा है, जो कभी हमारी रातों को रोशन करती थी। आसमान से सितारों का यह पलायन केवल एक दृश्य बदलाव नहीं है, बल्कि एक गंभीर पर्यावरणीय संकट है, जो हमारी आने वाली पीढ़ी से ब्रह्मांड की भव्यता छीन रहा है। भारत के महानगरों से लेकर छोटे शहरों तक, रात का आकाश अब पहले जैसा नहीं रहा। दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों में हालत इतनी खराब हो चुकी है कि घोर अंधेरा होने पर भी तारे नजर नहीं आते हैं. वैज्ञानिकों का मानना है कि हम बहुत तेजी से अपने आसमान की दृश्यता खो रहे हैं। वह समय दूर नहीं जब मिल्की-वे और तारों भरा आसमान बच्चों की किताबों तक ही सीमित रह जाएगा।

## डिजिटल दुनिया

### गूगल मैप्स ने भारत में लॉन्च किया आस्क फीचर

लोकप्रिय नेविगेशन प्लेटफॉर्म गूगल मैप्स ने 'आस्क मैप्स' नाम का एक नया फीचर लॉन्च किया है, जो अब अमेरिका और भारत में यूजर्स के लिए उपलब्ध है। इसकी मदद से आप गूगल मैप्स से आसान और सरल प्रश्नों के माध्यम से अपने आस-पास के स्थानों का पता लगा सकते हैं। इस अपडेट की घोषणा गूगल मैप्स के आधिकारिक एक्स प्लेटफॉर्म पर की गई, जिसमें बताया कि अब यूजर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके ट्रिप प्लान कर सकते हैं।

आस्क मैप्स फीचर यूजर्स को एक सरल अनुरोध में कई शर्तें निर्धारित करने की अनुमति देता है।

आप 2 स्थानों के बीच भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचने और एक ही योजना में कई पड़ावों को शामिल करने का सुझाव मांग सकते हैं।

इससे समय की बचत होती है और आपको केवल आस-पास के स्थानों को खोजने पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है।

गूगल के अनुसार, टूल मैप्स में पहले से ही मौजूद जानकारी के आधार पर जवाब देगा। गूगल मैप्स के अपडेट में अब वास्तविक दुनिया का डाटा शामिल किया गया है।

यह अब सूर्य की स्थिति के साथ-साथ वर्तमान समय को भी ट्रैक करता है, जिससे यूजर्स को उपयुक्त समय पर स्थानों का सुझाव देने में मदद मिलती है।

इसके अलावा, गंतव्य पर समय पर पहुंचने के लिए अनुमानित प्रस्थान समय भी बताता है।

इस फीचर को गूगल मैप्स ऐप में सर्च बार के नीचे आस्क मैप्स पर क्लिक करके आसानी से एक्सेस किया जा सकता है।

पीआरजीआई/आरएनआई पंजियन संख्या : 52413/1991 (टाइटल कोड : JHAHIN00860), पोस्टल रजिस्ट्रेशन संख्या : RN/260/2020-22. अध्यक्ष व प्रधान संपादक: **बलबीर दत्त**. दत्त आउटरीच प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक **रोहित दत्त*** द्वारा 4/A, तारा टावर, होटल महाराजा के सामने, रेडियम रोड, कचहरी चौक, रांची – 834001 से प्रकाशित तथा एसएच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, टेंडर बगीचा के समीप, काठीटांड़, रातू, रांची – 835222 से मुद्रित. फोन नंबर: 0651 2361181, 0651 2361182. ईमेल: contact@deshpran.in (*पीआरबी अधिनियम के तहत समाचारों के चयन के लिए जिम्मेवार).

# जब हिलने लगें दांत

सेहत — पूनम दिनकर



आज के समय में दांतों के अनेक रोग हैं जो बहुतायत से फैले हुए हैं। इनमें दांतों का दर्द, दांतों का पीला होना, पायरिया तथा दांतों का हिलना आदि प्रमुख हैं। दांतों की मजबूती व स्वास्थ्य कैसे बना रहेगा, इस बारे में बहुत से लोगों को जानकारी नहीं होती। अनेक लोग ऐसे भी होते हैं जो जानते हुए भी आलस्य के कारण दांतों की पर्याप्त देखभाल नहीं कर पाते।

दरअसल आमतौर पर लोग यह भी सोच लेते हैं कि सुबह स्नान से पहले दांतों की किसी भी तरह सफाई कर लेने से ही दांतों को स्वस्थ रखने के प्रयत्न पूर्ण हो जाते हैं लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। लोग दांतों की सफाई नियमित रूप से करते हैं, फिर भी दांतों की बीमारियों से परेशान रहते हैं। इसी से यह ज्ञात होता है कि मात्रा दांतों की सफाई ही सब कुछ नहीं है और प्रयत्न करने भी लाजमी हैं, तभी दांतों की सुरक्षा बनी रह सकती है।

प्रायः लोग खाने-पीने के मामलों में यह नहीं देखते कि हम जो कुछ खा-पी रहे हैं, वह कितना कुछ फायदा या नुकसान पहुंचा सकता है। गरमा-गरम चाय पी, तभी अगर आइसक्रीम खाने की इच्छा हुई तो तत्काल आइसक्रीम भी खा ली। इस समय यह नहीं सोचा कि अभी-अभी गर्म चाय पी है। यदि इसके बाद आइसक्रीम खाई तो दांतों पर बुरा असर पड़ेगा और वे कमजोर हो जायेंगे।

कई बार लोग उत्साह में आकर कोई कठोर चीज दांतों से चबा डालते हैं। उस समय वे यह नहीं सोचते कि इस कठोरता से दांतों की कठोरता कम हो जाएगी। इस तरह के कार्य यद्यपि तत्काल तो नहीं लेकिन धीरे-धीरे असर डालकर अपना कुप्रभाव दिखाते रहते हैं। जब रोगी यह समझ लेता है कि उसके दांतों में तकलीफ रहने लगी है, तब भी वह तब तक चिकित्सा के लिए तत्पर नहीं होता जब तक परेशानी ज्यादा नहीं हो जाती।

इससे यह प्रतीत होता है कि लोग आमतौर पर दांतों के प्रति उदासीन ही रहते हैं जबकि ये भी शरीर और स्वास्थ्य के साथ-साथ सौन्दर्य के महत्त्वपूर्ण अंग हैं। मजबूत दांत जहां भोजन को ठीक तरह से चबाने में सक्षम होते हैं, वहीं कमजोर और हिलते हुए दांत न तो भोजन को ही चबा पाते हैं और न ही सौन्दर्य को बनाये रखने में ही सक्षम होते हैं। इसके कारण पेट के भी अनेक रोग जन्म लेते हैं।

दांतों की मजबूती और सुन्दरता को बनाये रखने में स्वास्थ्य का बहुत बड़ा हाथ होता है। इस संबंध में कुछ सुझाव दिये जा रहे हैं जिनको अपनाने से दांतों का स्वास्थ्य और सौन्दर्य, दोनों ही बना रहते हैं।

नित्य प्रातः रात्रि को सोने से पहले दांतों की ठीक तरह से सफाई करें। इसके अलावा प्रत्येक भोजन के बाद अच्छी तरह कुल्ला करें ताकि अन्न कण दांतों में फंसे न रहें। इसके लिए ह्यमाउथवाशह्व का भी गुनगुने पानी के साथ इस्तेमाल किया जा सकता है।

कभी भी एक समय में ही गरम और ठण्डे पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए तथा कठोर वस्तुओं को भी नहीं चबाना चाहिए।

मल- मूत्र को त्यागते समय ऊपर-नीचे के दांतों को भींच कर रखने से दांत कमजोर नहीं हो पाते।

दांतों की सफाई के साथ ही मसूड़ों की मालिश भी अंगुली से नियमित रूप से करते रहनी चाहिए।

चूना, कत्था एवं तम्बाकू के सम्पर्क से भी दांत खराब होने लगते हैं।

दांतों के कमजोर होने के बाद भी उनकी मजबूती के लिए प्रयत्न करना चाहिए तथा उखड़वाने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। दांतों के हिलने की शिकायत होने पर आवश्यक उपचार के साथ-साथ गुनगुना किया हुआ सरसों का तेल कान में डालना चाहिए। इसके अलावा षटबिन्दु तेल को नाक में डालकर नस्य भी लेते रहना चाहिए।

यूं तो दांतों का रोग आयुर्वेद के अनुसार वायु विकार से उत्पन्न होता है, लेकिन इसमें चीनी या मिश्री का शर्बत पीने से लाभ होता है। दांत हिलने की शिकायत शुरू होते ही मौलसिरी की छाल से दातुन करने, इसका क्वाथ मुंह में भरकर कुल्ला करने तथा इसके छाल को चबाने से भी लाभ मिलता है। दांतों के हिलने में तिल और बालवच को चबाने से भी फायदा पहुंचता है।

हिलते हुए दांतों के लिए नागरमोथा, हरड़, वायविडंग, त्रिकटु (सोंठ, कालीमिर्च, पीपल समान मात्रा में) और नीम के सूखे पत्ते सबको समान मात्रा में लेकर कूट-पीसकर नीम के पत्तों के रस में मिलाकर छोटी-छोटी गोली बनाकर रख लें। जिस रोगी के दांत हिलते हों, वह एक गोली मुंह में रखकर सो जाये। कुछ दिनों तक ऐसा करने पर दांतों का हिलना बंद हो जाता है और वे मजबूत हो जाते हैं।

माजूफल को पीसकर दांतों पर मलने से दांतों से रक्त आना बंद हो जाता है तथा वे मजबूत हो जाते हैं। सिरस का गोंद और काली मिर्च बराबर मात्रा में लेकर पीसकर दांतों पर मलने से भी दांत मजबूत होते हैं। भुनी फिटकरी, कत्था, तथा भुना हुआ तूतिया को पीसकर एक चुटकी इस मिश्रण को लेकर दांतों पर मलते रहने से भी दांत मजबूत होते हैं।

सूखा धनिया का चूर्ण 20 ग्राम, गुलाब के सूखे फूल 10 ग्राम, चन्दन का बुरादा 10 ग्राम को लेकर कूट पीसकर, छानकर, मिलाकर रख लें। इसमें तीन ग्राम कपूर मिलाकर एक शीशी में रख लें। इस मंजन की मालिश करते रहने से मसूड़ों का फूलना, दांतों का हिलना, दांतों में दर्द होना, खून निकलना आदि बीमारियां ठीक हो जाती हैं। **(स्वास्थ्य दर्पण)**

सेहत — संजय पटोन्दा

# हाथों में पकड़ लो यौवन को



प्रौढ़ावस्था के लक्षण देखकर हर व्यक्ति एकाएक चैंक-सा उठता है। वह जवानी का आंचल थामे रहने की ललक में वैद्यों और नीम हकीमों के अचूक नुस्खों को आजमाने के लिये उनके यहां चक्कर लगाने लगता है ताकि बुढ़ापे में भी वह स्वस्थ व सुडौल रह सके।

बुढ़ापा एकदम नहीं आता। यह प्रक्रिया 30 की उम्र के बाद शुरू होती है। इस दौरान शरीर की कोशिकाओं में लाखों सूक्ष्म परिवर्तन आते हैं। उनमें से कुछ तो हमें स्पष्ट दिखाई देते हैं जैसे त्वचा पर झुर्रियां, बालों में सफेदी, मांसपेशियों में ढीलापन आने लगना आदि।

कई अनुसंधानकर्ता वैज्ञानिकों का मत है कि औषधियों व शल्य प्रक्रिया के बिना भी अपने शरीर को स्वस्थ, सुंदर, सुडौल व निरोग रखा जा सकता है अर्थात बुढ़ापे के आगमन की गति को धीमा करके चिरयुवा रहा जा सकता है। इसके लिये हमें वैज्ञानिकों के बताये कुछ नियमों का अनुसरण करना होगा।

## संतुलित आहार व्यायाम

आवश्यकता से अधिक भोजन करना स्वास्थ्य के लिये हानिकारक होता है। भोजन की एक सीमा निर्धारित होनी चाहिये। कभी ज्यादा कभी कम भोजन करना भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। भोजन पर नियंत्राण रखने से शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अपेक्षाकृत अधिक समय तक स्वस्थ, रहती है। भोजन में विटामिन व खनिज तत्व पर्याप्त मात्रा में होने चाहिये। भोजन हल्का व सुपाच्य होना चाहिये तथा उसमें ह्यकैलोरीह्व कम व पोषक तत्व अधिक होने चाहिये।

## व्यायाम

व्यायाम प्रतिदिन हल्का करें। प्रातः कालीन लम्बी सैर शरीर को शक्ति व चुस्ती स्फूर्ति प्रदान करती है। व्यायाम से हमारा शरीर स्वस्थ, सुडौल व लचीला बनता है। यह पाचन क्रिया को ठीक करता है व रक्त प्रवाह को सामान्य बनाकर शरीर को निरोग रखता है। इससे फेफड़े व मांसपेशियां मजबूत बनती हैं। खुली हवा में व्यायाम करने से अनावश्यक कैलोरी भस्म होती है। अतिरिक्त चर्बी घुल जाती है। सब से बड़ा लाभ यह कि दिल के दौरे की संभावनायें न के बराबर रह जाती हैं और हृदय को बल मिलता है।

## सूर्य स्नान

पृथ्वी पर सूर्य की किरणों के वैज्ञानिक महत्त्व की जानकारी प्राप्त करने वाले सर्वप्रथम भारतीय ही थे। यहीं से यूनान तथा सारे विश्व ने इसके महत्त्व को समझा। इससे असंख्य रोगों की चिकित्सा होती है। इससे हड्डियां मजबूत होती हैं। शरीर को विटामिन डी प्राप्त होता है। इसकी कमी से रिकेट रोग हो जाता है।

धूप में नंगे बदन अधिक देर बैठना उचित नहीं होता। सूर्य का प्रकाश सौंदर्य वृद्धि के लिए अत्यंत प्रभावशाली 'टानिक' भी है। इससे रक्त में फास्फोरस, आयोडीन, कैल्शियम और लोहा जैसे आवश्यक तत्वों को शरीर के विभिन्न भागों में पहुंचाने की शक्ति उत्पन्न होती है।

तनाव मुक्त जीवनः- रोगों की जड़ मानसिक तनाव को ही समझा जाता है। स्वयं को शक्तिशाली रखने का अभ्यास करें व लम्बी सैर करें व खुली हवा में गहरी सांसें लें। इससे मांसपेशियों की जकड़न दूर हो जायेगी। स्वयं को व्यस्त रखें। खाली समय में अपनी इन रूचियों को विकसित करें। उत्तम साहित्य पढ़ें, मधुर संगीत सुने, बागवानी करें, दोस्तों परिचितों से मिलें। एकाकी पड़े रहने से चिंतायें घेरे रहती हैं। चिंता मुक्त रहें । मन प्रफुल्लित रहेगा तो तनाव के बादल छंट जायेंगे।

शराब, गांजा, भांग, सिगरेट अथवा किसी भी प्रकार का नशा करने के आदी हैं तो उन्हें त्याग देना ही आपके हित में है। धूम्रपान आपके फेफड़ों को क्षतिग्रस्त करता है और हृदय की दीवारों को झुलसा देता है। त्वचा को बदरंग तो करता ही है। शरीर पर झुर्रियां भी पड़ जाती हैं। व्यक्ति अनिद्रा का शिकार हो जाता है। बुढ़ापे की ओर तेज गति से धकेलता है। अतः व्यसनों को त्यागना ही हितकर होगा।

व्यायाम, योगासन, प्रातः कालीन सैर व परिश्रम अच्छी नींद आने में मदद करते हैं। दिन में झपकियां लेने की आदत व अनावश्यक दवाओं के प्रयोग से भी मीठी नींद आने में बाधा बनती है। नशे से दूर रहें। सोने से पहले एक प्याला गरम दूध पियें।

दांपत्य जीवन में मधुर संबंध बनायें रखें। चिंतामुक्त व प्रसन्नचित रहें। सोने से पहले गर्मियों में ठंडे पानी से व सर्दियों में कुनकुने पानी से हाथ मुंह धो कर सोयें। अच्छी नींद आयेगी। इससे आपका मन उमंगों से भरा रहेगा और छोटे-मोटे रोग भाग जाएंगे। **(स्वास्थ्य दर्पण)**

सेहत — हरे राम शर्मा

# नमक से बढ़ता है रक्तचाप



आज लगभग सब घरों में रक्तचाप की बीमारी एक आम बात बन गयी है। यदि हम सौ व्यक्तियों से पूछें तो उनमें से 70 ऐसे होंगे जो रक्तचाप से अवश्य ही पीड़ित होंगे। साधारणतः रक्तचाप की बीमारी सम्पन्न परिवारों में अधिक होती है लेकिन अब यह बीमारी हर वर्ग के लोगों में देखी जा सकती है।

मुख्यतः यह बीमारी 30 वर्ष से ऊपर के लोगों में ज्यादा होती है लेकिन ऐसा भी नहीं है कि 30 से कम उम्र के लोगों में यह बीमारी न हो। आंकड़े बताते हैं कि लगभग चार करोड़ लोग आज इस बीमारी से ग्रस्त हैं। यह रक्तचाप ही वह बीमारी है जो एक बार किसी को पकड़ लेती है तो जिन्दगी भर साथ रहती है। ऐसे नाममात्र के केस होते हैं जिनमें यह रोग बिलकुल समाप्त हो गया हो।

उच्च रक्तचाप सामान्यतः हमारी रक्त प्रणाली को अवरूद्ध करता है, साथ ही गुर्दे की खराबी का कारण भी बनता है। रक्तचाप दो प्रकार का होता है, एक तो उच्च रक्तचाप तथा दूसरा निम्न रक्तचाप। दोनों में ही शरीर की रक्त प्रणाली में रक्त प्रवाह धीमा हो जाता है। भारत ही एक ऐसा देश है जहां यह बीमारी सबसे अधिक होती है।

दिल्ली एवं हरियाणा के ग्रामीण इलाके में कराये गये अध्ययन के अनुसार 34 वर्ष के ऊपर के शहर की आबादी का 11 प्रतिशत उच्च रक्तचाप की चपेट में है। आज अध्ययन में यह बात सामने उभरकर आयी है कि उच्च रक्तचाप के शिकार 83 प्रतिशत ग्रामीण और 42 प्रतिशत शहरी अपनी दशा से नावाकिफ थे और आश्चर्य यह भी है कि जो अपने बारे में जानते भी थे, उनमें 54 प्रतिशत शहरी और 91 प्रतिशत ग्रामीण कोई भी इलाज नहीं करा रहे थे।

आज रक्तचाप का खतरा दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है क्योंकि आजकल ताजे फलों एवं सब्जियों का प्रयोग पहले की तुलना में कम हो रहा है। साथ ही हर प्रकार के भोजन में नमक का अधिक प्रयोग हो रहा है। नमक ही मुख्य कारण है जो रक्तचाप को जन्म देता है। अधिक नमक खाने से शरीर मोटा हो जाता है जिससे रक्तचाप बढ़ता है। साथ ही आज तमाम तरह के घी-तेलों का अधिक उपयोग हो रहा है जो हमारे शरीर में ह्यकोलेस्ट्रोलह्व की मात्रा बढ़ा देता है। इससे भी रक्तचाप बढ़ जाता है।

देखा जाए तो मुख्य कारण नमक ही है क्योंकि नमक आज अधिक से अधिक उपयोग होता है। यहां तक कि कुछ लोग चाय में भी नमक डालकर पीते हैं जो हमारे हृदय की गति को बदल देता है। साधारणतः मनुष्य 11 ग्राम नमक एक दिन में खा जाता है जो नुकसानदेह है। सही मायनों में एक मनुष्य को प्रतिदिन छः ग्राम से अधिक नमक प्रयोग नहीं करना चाहिए।

आज बढ़ते फैशन एवं आधुनिकता की दौड़ में मानव ने 'फास्ट फूड' का सेवन अधिक कर दिया है क्योंकि इसमें नमक की मात्रा अधिक होती है जो अति नुकसानदेह है।

अब एक ही तथ्य सामने नजर आता है कि हमें अपने भोजन में नमक की मात्रा कम ही लेनी चाहिए अन्यथा यह रक्तचाप हमें नजदीक से पकड़ लेगा और सदैव के लिए अपना साथी बना लेगा। अतः हमें संतुलित एवं कम नमक का भोजन ही करना चाहिए और रक्तचाप से बचना चाहिए। **(स्वास्थ्य दर्पण)**

# रोग उपचार ही नहीं, व्यक्तित्व को भी संवारता है संगीत

सेहत — उषा जैन 'शीरीं'



संगीत न सिर्फ एक साधना है, बल्कि रोगों के शमन की अद्भुत क्षमता भी रखता है। प्राचीन समय से ही इस सत्य को स्वीकार किया गया है। संगीत मस्तिष्क के तनावों को दूर कर उसकी तरंगों में सामंजस्य उत्पन्न करता है। इससे रक्तचाप नियंत्रित रहता है। हृदयरोगों पर भी यह प्रभावकारी सिद्ध हुआ है।

धीमे सुर में बजता सुमधुर संगीत किसे अच्छा नहीं लगता। यह ऊब और थकान दूर कर व्यक्ति को ताजगी प्रदान करता है।

आज की तनाव भरी जिन्दगी में जहां हर व्यक्ति ढेरों समस्याओं से घिरा रहने लगा है, परेशानियों से जूझते हुए जब उसके दिमाग की नसें फटने लगती हैं तो चित्त को एकाग्र करने के लिए संगीत से बढ़कर दूसरा साधन नहीं।

फेफड़ों की बीमारी भी काफी हद तक संगीत से दूर की जा सकती है. नियमित गायन से फेफड़ों का व्यायाम होता है उनको शक्ति मिलती है।

हमारे यहां ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में बच्चों को लोरी गाकर सुलाया जाता है और बच्चे ही क्यों, मधुर संगीत बड़ों की भी अनिद्रा दूर करता है। यह बात विज्ञानसम्मत है कि संगीत आध्यात्मिकता की सतहों को छूता हुआ व्यक्ति को स्वयं को पहचानने में अपने को अनुभूत करने में ही मदद नहीं करता बल्कि उसे संपूर्णता की ओर ले जाते हुए उसमें परिपक्वता लाता है। गाते हुए व्यक्ति की भावनाओं का उद्धेल्य होता है। उन्हें आउटलेट मिलता है जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

चूंकि संगीत में लय ताल होती है, वह शरीर और मन दोनों को उसी तरह लयबद्ध कर लेता है। शरीर और मन दोनों का सामंजस्य ही जीवन है जिसे संगीत बढ़ाता है। कमाल की बात तो यह है कि पशु-पक्षी वनस्पति और अबोध बच्चे भी उसके प्रभाव से अछूते नहीं रहते।

संगीत कभी अप्रभावी नहीं रहता। मनुष्य वनस्पति जीव-जंतु सभी को यह मंत्रामुग्ध कर लेता है। इसकी महत्ता प्राचीनकाल से ही समझी जाती रही है पहले राजा महाराजा संगीतज्ञों को बहुत मान-सम्मान के साथ अपने यहां रखा करते थे। आज भी म्यूजिक कैसेटों की बिक्री और गायकों को स्टेज पर लाइव सुनने का उन्माद यह प्रमाण है कि लोग संगीत के पीछे आज भी दीवाने हैं।

हमारे यहां हर शुभ अवसर पर मंगल गान होता है। न सिर्फ खुशी के मौके पर ही बल्कि दुख के समय भी संगीत का सहारा लिया जाता है। वह सुखःदुःख झेलने की कुव्वत देता है और उसे प्रकट करने का एक सभ्य शालीन तरीका है।

जिन व्यक्तियों को संगीत से लगाव नहीं होता, वे बेहद खुश्क, नीरस और ऊबाऊ किस्म के होते हैं। उनके व्यक्तित्व में कहीं न कहीं कोई भारी कमी होती है। इसीलिए न सिर्फ रोगों के उपचार और उन्हें दूर भगाने के लिए बल्कि अपने व्यक्तित्व में संपूर्णता लाने के लिए भी संगीत से प्यार करना चाहिए। **(स्वास्थ्य दर्पण)**

# क्या आप विटामिन युक्त आहार ले रहे?

सेहत — सोनी मल्होत्रा



विटामिन हमारे आहार का वह आवश्यक अंग है जिसकी कमी से व्यक्ति कई गंभीर रोगों की संभावना बढ़ा लेता है। नवीनतम शोधों से यह सामने आया है कि विटामिन ऐसे एंटीआक्सीडेंट हैं जो डिप्रेशन व फ्री रेडिकल्स से सुरक्षा देते हैं। विटामिन ए की आवश्यकता हमारे इम्यून सिस्टम व आंखों को सबसे अधिक होती है। विटामिन बी 12 डिप्रेशन से सुरक्षा देता है। विटामिन सी, ई व ए फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं। गर्भवती महिला को अपने शिशु के लिए विटामिन बी काम्पलेक्स की आवश्यकता होती है।

शायद विटामिन के इतने सारे लाभों के कारण ही विशेषज्ञ विटामिन सप्लीमेंटस लेने की सलाह देते हैं। वैसे तो विशेषज्ञ यह मानते हैं कि विटामिनों को भोजन से ग्रहण किया जाए तो यह सबसे अच्छा है पर अगर आपकी डाइट से ये पोषक तत्व गायब हैं तब मल्टी विटामिन की गोलियां आदि ग्रहण करनी चाहिए पर डाक्टर की राय से। इनकी आवश्यकता से अधिक मात्रा कभी-कभी नुकसान भी दे सकती है।

फल व सब्जियां विटामिन से भरपूर होती हैं इसलिए इनका सेवन अधिक से अधिक करना चाहिए पर आजकल भोजन पकाने में जिन तरीकों का प्रयोग किया जाता है उससे विटामिन शरीर द्वारा ग्रहण किए जाने से पूर्व ही नष्ट हो चुके होते हैं। इसके अलावा कैफीन युक्त पेय पदार्थ, चाकलेट, कोला, कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन भी शरीर द्वारा विटामिन ग्रहण करने में बाधा उत्पन्न करता है। आइए जानते हैं ऐसे ही कुछ विटामिन चुराने वाले चोरों के बारे में।

जब हम भोजन को तलते हैं तो उसमें विटामिन ए, ई व फैट्स नष्ट हो जाते हैं। विटामिन ए, व ई शरीर को कैंसर, हृदय रोगों से सुरक्षा देते हैं, इसलिए डीप फ्राई कम करें। यही नहीं, भोज्य पदार्थों को बार-बार गरम करने से भी उनमें युक्त ये पोषक तत्व नष्ट हो चुके होते हैं।

फलों व सब्जियों में पोषक तत्वों की मात्रा निर्भर करती कि इन्हें किस प्रकार की मिट्टी में उगाया जाता है। विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि खेती में कैमिकल्स व फर्टिलाइजर्स का प्रयोग भी पोषक तत्वों की किस्म व मात्रा को प्रभावित करते हैं। ये इन पोषक तत्वों को नष्ट करते हैं।

अल्कोहल का सेवन शरीर से विटामिन ए, बी काम्पलेक्स, विटामिन सी, डी, ई व कई महत्त्वपूर्ण खनिज कैल्शियम, जिंक और पोटेशियम को चुराता है, इसलिए इसका सेवन नहीं करना चाहिए।

सिगरेट पीने वाले व्यक्ति की कैल्शियम की आवश्यकता सिगरेट न पीने वाले व्यक्ति की आवश्यकता से चार गुना अधिक होती है क्योंकि सिगरेट में युक्त विषैले तत्व शरीर में विटामिन सी नष्ट करते हैं। इसीलिए विशेषज्ञ धूम्रपान करने वाले व्यक्ति को कैल्शियम सप्लीमेंटस लेने की सलाह देते हैं।

जहां एक ओर लोग आरओ डिस्टिल पानी पीना पसंद करते हैं, वहीं आरओ व डिस्टिलेशन की प्रक्रिया कई महत्त्वपूर्ण मिनरल नष्ट कर देती है, इसलिए सदैव एक्वागार्ड वाटर का सेवन करें।

भोज्य पदार्थों में मिले एडिटिवस में टारट्राजाइन आदि भी शरीर में मिनरल व विटामिन को नष्ट करते हैं, इसलिए एडिटिव्स युक्त स्कवैश, जूस आदि की बजाय ताजे फलों के रस का सेवन करें ताकि विटामिन व मिनरल शरीर को प्राप्त हो।

इसके अतिरिक्त फ्रिज में फलों व सब्जियों को दो दिन से अधिक न रखें क्योंकि अधिक समय तक रेफ्रिजेटर में रहने से उनकी ताजगी व पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। फलों का सेवन भी फल को काटने के तुरंत बाद करें क्योंकि हवा के संपर्क में आते ही विटामिन नष्ट हो जाते हैं ।

फलों के रस से भी बेहतर है कि आप फलों का सेवन करें। अगर आप अपनी डाइट में आवश्यक विटामिन नहीं ले रहे तो डाइट विशेषज्ञ से राय लेकर ही विटामिन सप्लीमेंटस लें और वो भी अधिक मात्रा में नहीं क्योंकि अधिक मात्रा हानिकारक हो सकती हैं। **(स्वास्थ्य दर्पण)**

# शारीरिक श्रम बचाता है बहुत-सी बीमारियों से

विशेषज्ञों के अनुसार आज की आरामपसंद व गलत जीवन शैली के कारण कई आर्थोपेडिक समस्याएं जैसे स्पांडिलाइटिस, पीठ दर्द, ओस्टियोपोरोसिस और हृदय रोगों जैसे उच्च रक्तचाप, एंजाइना व हृदयाघात की संभावना बढ़ती जा रही है।

यही नहीं, इंटरनेट और टी.वी. के विभिन्न चैनल बच्चों की आंखों को प्रभावित कर रहे हैं जिसके फलस्वरूप छोटे-छोटे बच्चे आखों का चश्मा लगाए नजर आते हैं। सबसे गंभीर रोग मोटापे से पीड़ित लोगों की संख्या भी बढ़ती जा रही है।

हाल ही में किए गए एक शोध से सामने आया है कि मोटे व्यक्तियों में उच्च रक्तचाप होने की संभावना आम व्यक्ति से तीन गुना अधिक होती है। यही नहीं, जिन व्यक्तियों का वजन साधारण से 20 प्रतिशत अधिक पाया गया, उन्हें उच्च रक्तचाप होने की संभावना 10 गुना अधिक पायी गयी।

मोटे व्यक्तियों में मधुमेह होने की संभावना भी अधिक होती है। मोटे व्यक्तियों में शारीरिक चर्बी और कोलेस्ट्रोल का स्तर अधिक होता है जिससे रक्तवाहिनियों में चर्बी के जमाव की संभावना भी बढ़ जाती है। मोटे व्यक्तियों में कैंसर की संभावना अधिक होती है।

मोटी महिलाओं में स्तन कैंसर, गाल ब्लैडर और गर्भाशय का कैंसर होने की संभावना अधिक और पुरुषों में कोलोन, प्रास्टेट और गुदा का कैंसर होने की संभावना अधिक होती है। इसके अतिरिक्त मोटे व्यक्तियों में हर्निया, घुटनों में दर्द व कमर दर्द आदि समस्याएं भी आम देखने को मिलती हैं, इसलिए विशेषज्ञों के अनुसार शारीरिक श्रम का होना बहुत जरूरी है ताकि आपका वजन भी नियंत्रित रहे और आप कई गंभीर रोगों से भी बचे रहें। वजन नियंत्राण के लिए संतुलित भोजन लें और नियमित व्यायाम करें। नियमित व्यायाम से आपकी मांसपेशियां तो मजबूत रहेंगी ही, साथ ही अस्थि क्षरण, हृदय रोगों व अन्य गंभीर रोगों से भी आपको सुरक्षा मिलेगी। **(स्वास्थ्य दर्पण)**

### हनुमान जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा निकाला जाएगा

**मरकच्चो :** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित उत्तरी पंचायत के श्री संकट मोचन मंदिर से हनुमान जन्मोत्सव पर 2 अप्रैल को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसे लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियां जोरों से चल रही है। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिलेगा। शोभा यात्रा श्रीनगर स्थित श्री संकट मोचन मंदिर से निकलकर विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए मुख्य चौक चौराहों का भ्रमण करेगी। इस दौरान ढोल नगाड़े और भगवान हनुमान के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहेगा। आयोजकों के अनुसार सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिरों में पूजा अर्चना, हनुमान चालीसा पाठ और प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया जाएगा।

# दोषी बक्शा नहीं जाएगा, निदोर्षों को सजा नहीं होगी : जिला एसपी

देश प्राण संवाददाता



**सिंदरी, 31 मार्चः** बलियापुर के भीखराजपुर स्थान पर रामनवमी की जुलुस पर संध्या वक्त विशेष समुदाय के द्वारा किए गए पथराव के बाद जुलुस में मौजूद लोगों के द्वारा भी पथराव से माहौल खराब हो गया, जिसके बाद पुलिस ने कमान अपने हांथ में ले कर वहाँ धारा 163 के अंतर्गत मीटींग, जुलुस, जलशा आदि पर प्रतिबन्ध लगाकर माहौल को शांत करने का सफल प्रयास किया।

उसके बाद अपने सूत्रों को सक्रिय कर पथराव के वक्त एवं उससे पहले एवं बाद में हुए मीटींग के अंतर्गत सक्रिय सीडीआर से भरकाऊ भाषण, उकसाने वाले की फूटेज, वीडियो आदि के अंतर्गत 59 नामजद एवं सैकड़ों अन्य पर केस कर 19 लोगों को जेल भेज दिया गया। बलियापुर थाना के अंतर्गत पुनः क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द की स्थित को बनाने के लिए धनबाद जिला के कप्तान प्रभात कुमार, सीटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, धनबाद एसडीओ लोकेश बारंगे, धनबाद एसडीएम लॉव एवं आर्डर हेमा प्रसाद, डीएसपी शंकर कामती, धीरेंद्र नारायण बंका, राजेश कुमार एवं सिंदरी एसडीपीओ आशुतोष सत्यम एवं बलियापुर प्रभारी सत्यजीत कुमार के साथ सैकड़ों पुलिस बल पहुँचे। धनबाद जिला एवं बलियापुर के सैकड़ों जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों ने भी अपनी उपस्थित दर्ज करवाई, जिसमें मंचाशीन में निरसा विधायक अरुप चटर्जी, सिंदरी विधायक चन्द्रदेव महतो, भाजपा नेत्री तारा देवी के साथ झारखण्ड मुक्ति मोर्चा से लखी सोरेन, मनु आलम, बलियापुर प्रमुख पिंकी देवी, उप प्रमुख आशा देवी, भाजपा ग्रामीण के नेता घनश्याम ग्रोवर, संतलाल प्रमाणिक सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। जनप्रतिनिधि में निरसा विधायक अरुप चटर्जी ने क्षेत्र में वापस से शांति एवं भाईचारा ब्याप्त करने की बात कही। वही सिंदरी विधायक चन्द्रदेव महतो ने दोषियों के लिए शक्त सजा, पर बेल का प्रावधान स्थानीय थाना से हो की मांग रखी। भाजपा नेत्री तारा देवी ने प्रशासनिक अधिककरियों की बीफलता बताई एवं भिखाराजपुर में विशेष समुदाय के द्वारा अराजकता फैलाने की पूर्व में जानकारी होने के वाबजूद पुलीसिया कार्यवाही में ढीलाई बरताना कही। साथ ही शत्रुघन महतो को निर्दोष करार छोड़ने की बात, सोसल मीडिया के द्वारा कहीं। प्रशासनिक अधिकारीयों में सीटी एसपी ने कहा कि क्षेत्र में आपलोग रहते हैं, हमलोग अधिकतम तीन वर्षो के लिए आते हैं, इसलिए आपसी सौहार्द बनाए रखें ताकि कभी भी किसी भी धर्म से हों, दिक्कत नहीं होंगी।

## धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव, शोभायात्रा को लेकर तैयारियां तेज हो गई

देश प्राण संवाददाता



**सिंदरी, 31 मार्च :** आगामी 2 अप्रैल को सिंदरी क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाने का संकल्प विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा लिया गया है। इसी क्रम में मंगलवार, 31 मार्च को संगठन की ओर से एक प्रेस वार्ता आयोजित कर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई।

यह प्रेस वार्ता विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के विभाग मंत्री सोनू गिरी के आवासीय कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा, सुरक्षा व्यवस्था एवं शोभायात्रा के मार्ग को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रेस को दी गई जानकारी के अनुसार दो अप्रैल को भव्य शोभायात्रा जय माता दी मंदिर से निकाली जाएगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए हनुमान मंदिर रोड बांध में जाकर समाप्त होगी। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन का भी सहयोग लिया जा रहा है, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

संगठन के विभाग मंत्री सोनू गिरी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव हिंदू समाज की आस्था का प्रमुख पर्व है और इसे पूरे उत्साह, भक्ति एवं अनुशासन के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

इस प्रेस वार्ता में कई प्रमुख कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें सोनू गिरी, रिंटू सिंह, अमन ठाकुर, रंजीत निषाद, निरज गिरी, राजकुमार मिश्रा, धीरज (गोलू), विवेक आयाव, देव कम्कार एवं दीपक विश्वकर्मा प्रमुख रूप से शामिल थे।

संगठन की ओर से बताया गया कि शोभायात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, आकर्षक झांकियां एवं धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण का निर्माण होगा।

### महिलाओं को कर्ज के में फंसा रही माइक्रोफाइनेंस कंपनियां : सुधीर मंगलेश

**रजरप्पाः** दुलमी प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रखंड क्षेत्र व आसपास के इलाकों में माइक्रोफाइनेंस कंपनियों द्वारा गरीब, मेहनतकश महिलाओं को कर्ज के जाल में फंसाने की लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएं अपने परिवार की जरूरतें पूरी करने और आय बढ़ाने के उद्देश्य से इन कंपनियों से ऋण लेती हैं, लेकिन ऊंचे ब्याज, साप्ताहिक एवं पाक्षिक किस्तों और दबावपूर्ण वसूली के कारण वे गंभीर संकट में फंस जाती हैं। कई मामलों में देखा गया है कि एक कर्ज चुकाने के लिए महिलाओं को दूसरी माइक्रोफाइनेंस कंपनी से कर्ज लेना पड़ता है, जिससे कर्ज का बोझ बढ़ता चला जाता है। वसूली एजेंटों द्वारा मानसिक दबाव, धमकी और अमर्यादित व्यवहार की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक हैं, जो कानूनन और नैतिक रूप से गलत हैं।

## जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक जिला संरक्षक नरेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न



**तेनुघाट,31 मार्चः** ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन बोकारो जिला की एक बैठक जिला संरक्षक नरेश प्रसाद श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और कल्याण से जुड़ी विभिन्न मांगो को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपना और आगामी एक मई को जमशेदपुर में होने वाली मीटिंग में जाने पर चर्चा हुई। साथ बोकारो जिला अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिन्हा और महासचिव शिव शंकर नोनिया उर्फ पप्पू चौहान से भी विचार विमर्श किया गया। आगामी तीन मार्च को बैठक करने पर चर्चा हुई। जिस पर महासचिव पप्पू चौहान ने बताया कि प्रशांत कुमार सिन्हा के द्वारा वार्ता कर सभी सदस्यों को बैठक में शामिल होने के लिए बताया जाएगा। वहीं पत्रकार नागेश्वर कुमार के निधन पर अनकी आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर भगवान से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। बैठक में प्रदेश कानूनी सलाहकार सुभाष कटरियार, जिला कानूनी सलाहकार रमेंद्र कुमार सिन्हा, रतन कुमार सिन्हा, संरक्षक वीरेंद्र प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## खबरकोना

### जेसीबी और पंप लगाकर क्षतिग्रस्त पाइपलाइन मरम्मत शुरू

**धनबाद, 31 मार्चः** शहर के मुगमा मोड़ के निकट धनबाद के शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए लगाए गए 1000 एमएम व्यास के क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मती रात में शुरू कर दी गई है। इस संबंध में पीएचईडी 1 के कार्यपालक अभियंता श्री रंजीत कुमार ठाकुर ने बताया कि मुगमा मोड़ के निकट धनबाद के शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए लगाए गए 1000 एमएम व्यास के पाइपलाइन को किसी ने क्षतिग्रस्त कर दिया था उपायुक्त को इसकी सूचना मिलते ही उनके निदेर्शानुसार युद्ध स्तर पर क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मती हो रही है। कम से कम समय में मरम्मत पूरी करने के लिए मानवबल के साथ साथ जेसीबी मशीन एवं पंप का सहयोग लिया है। इसके कारण 31.03.2026 से 01.04.2026 तक धनबाद शहरी जलापूर्ति योजना बाधित रहेगी। बताया कि इस आशय की सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित कराई गई है।

### फर्नीचर गोदाम में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख



**कोडरमा, 31 मार्चः** तिलैया थाना अंतर्गत करमा के अंबाकोला रोड स्थित एक फर्नीचर के गोदाम में मंगलवार की अहले सुबह भीषण आग लग गई। जिससे गोदाम में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार यह गोदाम करमा के रहने वाले जफीर अंसारी का है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 3 बजे एक शॉर्ट सर्किट होने जैसा कुछ सुनाई पड़ा और तेज रोशनी हुई। लोगों ने उठकर देखा तो पाया कि जफीर अंसारी के गोदाम में आग लग लगी थी। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना जफीर अंसारी को दी। जफीर अंसारी बीती रात एक शादी समारोह में शरीक होने बरही गए हुए थे। सूचना मिलते ही वह वहां से करमा पहुंचे। इस बीच स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दे दी थी। जिसके बाद मौके पर दो दमकल वाहन पहुंच गए। हालांकि गोदाम में रखे फर्नीचर में लगी आग के कारण दमकल को आग बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। करीब 4 घंटे में आग पर काबू हो सका। गोदाम के मालिक जफीर अंसारी ने बताया कि उनके गोदाम में लकड़ी के फर्नीचर के अलावा लोहे का अलमीरा, फ्रिज, कूलर सहित कई महंगे फर्नीचर रखे हुए थे, जो जलकर खाक हो गए। उन्होंने बताया कि इस अगजनी में उन्हें 50 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। इधर स्थानीय मुखिया पति अनिल यादव ने बताया कि जहां पर जफीर अंसारी का मकान बना है, उसके ठीक ऊपर से 11 हजार वोल्टेज का हाई टेंशन तार गुजरा हुआ है। उन्होंने कहा कि कई बार इस संबंध में बिजली विभाग को लिखित सूचना दी गई और उस तार को मकान के बगल से शिफ्ट करने को कहा गया। बावजूद इसके बिजली विभाग ने कोई भी पहल नहीं की जिसका खामियाजा आज जफीर अंसारी को भुगतना पड़ा। वहीं कुछ स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि हाई टेंशन तार पहले से ही वहां से गुजरा है, जबकि मकान का निर्माण बाद में किया गया है।

### घाटी में हत्या कर फेंका गया महिला का शव बरामद

**कोडरमा, 31 मार्च :** मंगलवार को कोडरमा घाटी के मेघातरी में बंद माइंस के समीप सड़क किनारे जंगल में एक अज्ञात महिला का अर्धनग्न अवस्था में शव बरामद किया गया है। मृतक महिला की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो पाई है। प्रतीत होता है कि महिला की अन्यत्र हत्या कर शव को बोरे में डालकर किसी वाहन से वहां फेंक दिया गया। मंगलवार की सुबह मेघातरी के कुछ ग्रामीण जब सड़क किनारे टहल रहे थे, तो उन्हें प्लास्टिक के बोरे में कुछ दिखाई पड़ा। जब वे लोग नजदीक गए तो उन्होंने देखा कि वहां महिला का पैर बोरे से बाहर निकला हुआ था। जिसके बाद उन्होंने आसपास के ग्रामीणों को वहां इकट्ठा कर लिया। वहीं इसकी जानकारी कोडरमा पुलिस को भी दे दी। घटना की सूचना मिलते ही कोडरमा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन कर रही है। बताते चलें कि अभी एक महीने पूर्व ही कोडरमा थाना क्षेत्र के ही जेजे कॉलेज के ठीक सामने होली फैमिली अस्पताल के बाउंड्री वॉल के अंदर इसी प्रकार से एक अर्धनग्न अवस्था में एक महिला का क्षत विक्षत हालत में बरामद किया गया था। महिला का सिर भी गायब था जिसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस के लिए यह एक बड़ी चुनौती हो गई है कि आखिर वे कौन लोग हैं जो इस प्रकार की घटना को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस भी इस तरह के मामलों का खुलासा नहीं कर पा रही है।

### बेटे के जन्मदिन की तैयारी कर रही मां, गिरने से हुई मौत



**कोडरमा, 31 मार्च :** कोडरमा से सटे इंदरवा में बेटे के जन्मदिन की तैयारी में जुटी मां की गिरने से मौत हो गयी। घटना में घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां लापरवाही का आरोप लगाकर परिजनों ने हंगामा भी किया। मामला कोडरमा थाना क्षेत्र के इंदरवा का है। यहां मंगलवार को छज्जा से गिरने से घायल महिला की इलाज के क्रम में मौत हो गई। मृतका की पहचान मीना देवी (30 वर्ष, पति तिलेश्वर साव) के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि मीना देवी के छोटे बेटे का आज जन्मदिन था, जिसको लेकर वह अपने घर की साफ-सफाई कर रही थी। इसी बीच अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह छज्जे से सिर के बल सीधे जमीन पर आ गिरी। बुरी तरह से घायल होने के बाद परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल ले गए।

## भगवान महावीर के जन्म कल्याणक पर जैन समाज का भव्य आयोजन, शांति और अहिंसा का दिया संदेश

देश प्राण संवाददाता



**बोकारो, 31 मार्च :** भगवान महावीर के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर जैन समाज द्वारा जैन मिलन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महावीर जयंती के इस पावन अवसर पर समाज के लोगों ने भगवान महावीर के जीवन, आदर्शों और उपदेशों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

कार्यक्रम की शुरूआत भगवान महावीर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के बच्चों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जैन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भी अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।

जैन मिलन के सचिव आलोक जैन ने अपने संबोधन में भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह के सिद्धांतों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज के बदलते समय में भगवान महावीर के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं और समाज को सही दिशा दिखाते हैं।

इस अवसर पर समाज के सुभाष जैन, विपुल मेहता, बिनोद चोपड़ा, रेणु चोरड़िया, ललिता चोपड़ा, नताशा जैन, सीमा जैन, शांतिलाल लोढ़ा, कमल कुमार जैन, अंकित जैन, चंदन बांठिया, कमल किशोर लोढ़ा, बजरंग लाल चोरड़िया, अभय बेगवानी, किरण बटाविया, विमल जैन, केतन मेहता, विकास जैन, डॉ. आकाश जैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन सुशील बैद ने किया।

कार्यक्रम के दौरान सदर अस्पताल के सहयोग से रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर के संयोजक चंदन बांठिया ने बताया कि रक्तदान किसी जरूरतमंद के लिए नया जीवनदान होता है।

### उर्दू शिक्षक संघ का भव्य ईद मिलन, शिक्षा और सामाजिक सौहार्द पर दिया गया जोर

**लोहरदगा :** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ, लोहरदगा जिला के तत्वावधान में ईद मिलन तकरीब का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर रांची, गुमला, बोकारो, लातेहार, सिमडेगा सहित कई जिलों से उर्दू शिक्षक संघ के प्रतिनिधि शामिल हुए। साथ ही राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ और झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी एवं शिक्षक प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनामुल हक ने की, जबकि मंच संचालन अली रजा ने किया। आयोजन में तौहीद आलम के नेतृत्व में सभी अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से रुमाल, टोपी और माला पहनाकर किया गया। ईद मिलन के इस कार्यक्रम में अमीन अहमद, विजय बहादुर सिंह, आशुतोष कुमार, अरुण कुमार दास, मोहम्मद फखरुद्दीन, मकसूद जफर हादी आदि मौजूद थे।

## सार्वजनिक जमीन की खरीद बिक्री पर रोक लगाया गया




देश प्राण संवाददाता

**कोडरमा, 31 मार्च :** प्रखंड अंतर्गत चितरपुर मौजा के थाना नंबर 320 के खाता संख्या 33 प्लॉट संख्या 945, 947, 972 आदि पर आज प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए ट्रेंच और सरकारी बोर्ड लगाया गया। ज्ञात हो कि इस जमीन पर गांव के ही कुछ दबंग व्यक्ति जाली कागजात बनवाकर, जमीन की खरीद बिक्री और अपना कब्जा जमाने का प्रयास कर रहे थे। इसको लेकर पूरे गांव के लोगों ने विरोध किया और प्रशासन को इसकी सूचना देते हुए इस तरह की अवैध कार्य को रोकने की अपील की थी। प्रशासन द्वारा असामाजिक एवं दबंग लोगो के विरूद्ध इस कार्रवाई से संयुक्त समाज चितरपुर (ग्राम सभा) के लोग काफी खुश हैं और उपायुक्त ऋतुराज एवं समस्त जिला प्रशासन के साथ अपने जनप्रतिनिधियों को जो इस कार्रवाई में सहयोग किए उनको इसके लिए धन्यवाद दे रहे हैं।

## जिले में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ समापन, विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए



देश प्राण संवाददाता

**रामगढ़, 31 मार्च :** जिले में आयोजित नमामि गंगे योजना के अंतर्गत 16 मार्च से आयोजित गंगा स्वच्छता पखवाड़ा 2026 का मंगलवार को समापन हुआ। पखवाड़े के दौरान जिले के विभिन्न स्थानों पर जन-जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के तहत प्रमुख गतिविधियों में सफाई अभियान, हस्ताक्षर अभियान, गंगा शपथ, स्वच्छता शपथ, नुक्कड़ नाटक, श्रमदान और रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला शामिल थे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आम नागरिकों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय को दामोदर नदी एवं अन्य जल स्त्रोतों की स्वच्छता, संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन के प्रति जागरूक किया गया। यह अभियान नगर परिषद रामगढ़, छावनी परिषद रामगढ़, टिस्को, सीसीएल एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी ढंग से संचालित किया गया। जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। लोगों ने उत्साहपूर्वक इन कार्यक्रमों में भाग लेकर स्वच्छता बनाए रखने और नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

## जेईई मेन्स परीक्षा में धांधली का बड़ा खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार, भारी मात्रा में उपकरण जब्त किया

देश प्राण संवाददाता



**रामगढ़, 31 मार्च :** इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन में धांधली कराने वाले एक संगठित गिरोह का रामगढ़ में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि भारी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जब्त किए गए हैं।

यह परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा 2 से 8 अप्रैल तक आयोजित की जानी थी। इस वर्ष भी रामगढ़ स्थित राधा गोविन्द यूनिवर्सिटी को परीक्षा केंद्र बनाया गया था, जहां कंप्यूटर प्रयोगशाला में पूरी साजिश रची जा रही थी। रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने बताया कि गिरोह द्वारा चुनिंदा परीक्षार्थियों को परीक्षा में पास कराने के नाम पर मोटी रकम वसूली जा रही थी। योजना के तहत परीक्षा केंद्र के कंप्यूटर सिस्टम में छेड़छाड़ कर अभ्यर्थियों को अनुचित लाभ पहुंचाने की तैयारी थी। हालांकि विश्वविद्यालय के एक कर्मचारी की सतर्कता से इस पूरे गोरखधंधे का समय रहते खुलासा हो गया। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोठार निवासी दिनेश कुमार महतो, ओरमांझी थाना क्षेत्र के आनंदी डुमरटोली निवासी शाकिर अंसारी व बिहार के मकेर थाना क्षेत्र के भाथा गांव निवासी सूरज कुमार सिंह शामिल हैं। पुलिस ने मौके से करीब 70 कंप्यूटर, एक केंद्रीय प्रसंस्करण इकाई (सीपीयू), तीन राउटर (इंटरनेट उपकरण), चार मोबाइल फोन तथा एक टोयोटा फॉर्च्यूनर वाहन जब्त किया है। इन उपकरणों का उपयोग परीक्षा में गड़बड़ी करने के लिए किया जा रहा था। जांच में यह भी सामने आया है कि परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी संभालने वाली कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के नाम का दुरुपयोग कर प्रयोगशाला में सिस्टम बदले जा रहे थे। गिरोह के सदस्य खुद को अधिकृत कर्मचारी बताकर अंदरूनी पहुंच बना रहे थे और तकनीकी स्तर पर सेटिंग कर रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए रामगढ़ के उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने तत्काल जांच समिति गठित कर दी है और पूरे प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। प्रशासन इस बात की भी जांच कर रही है। कि कहीं इस गिरोह के तार अन्य परीक्षा केंद्रों या राज्यों से तो नहीं जुड़े हैं।

### सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र में जानी-मानी साइक्लिस्ट आशा मालवीय को किया गया सम्मानित

**रजरप्पाः** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र में देश की जानी-मानी साइक्लिस्ट आशा मालवीय को सम्मानित किया गया। ऑफिसर्स क्लब में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों, महिलाओं एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित महाप्रबंधक राजीव सिंह ने आशा मालवीय को सम्मानित करते हुए उनके साहस, दृढ़ संकल्प और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आशा मालवीय जैसी महिलाएं समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और उनका अभियान युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। इस अवसर पर अर्पिता महिला मंडल, रजरप्पा की अध्यक्षा गीतांजलि सिंह ने भी आशा मालवीय को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए इस प्रकार की पहल अत्यंत सराहनीय है और समाज में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# खीस्त राजा शांति शोभा यात्रा में शामिल हुए जिला उपायुक्त

✦ हिमंत बिस्वा सरमा के बड़े-बड़े भाषण के विपरीत विकास से कोसों दूर है असम की गांव : राज

देश प्राण संवाददाता



**पाकुड़, 31 मार्च :** जिदातो मिशन मैदान में आयोजित खीस्त राजा शांति शोभा यात्रा कार्यक्रम में उपायुक्त श्री मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती निधि द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में शांति, प्रेम और आपसी भाईचारे का संदेश प्रसारित करना था, जिसे सभी अतिथियों ने सराहा।

**शांति स्थापित करना हम सभी का परम लक्ष्य:** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निधि द्विवेदी ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमें आध्यात्मिक मूल्यों को आत्मसात करने और ईश्वर के बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने यूनाइटेड क्रिश्चियन फोरम द्वारा आयोजित इस शांति यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में शांति स्थापित करना हम सभी का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम प्रभु यीशु के बताए मार्ग- प्रेम, करुणा और सद्भाव- पर चलें, तो समाज एवं विश्व में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उपायुक्त श्री मनीष कुमार ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह सहित सभी धर्मों के उपदेश हमें प्रेम, त्याग और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों में वर्णित सिद्धांत- संयम, उपवास एवं आत्मनियंत्रण- मानव जीवन को संतुलित और शांत बनाते हैं। यदि हम इन मूल्यों को अपनाएं, तो व्यक्तिगत जीवन से लेकर वैश्विक स्तर तक शांति स्थापित की जा सकती है। उपायुक्त ने कहा कि सदैव आपसी भाईचारे और सौहार्द का उदाहरण रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### नवनियुक्त चौकीदारों ने लिट्टीपाड़ा थाना में दिया योगदान

**पाकुड़:** लिट्टीपाड़ा थाना में 31नव नियुक्त चौकीदारों ने मंगलवार को अपना योगदान दिया. इस अवसर पर थाना प्रभारी विवेक कुमार ने सभी नव नियुक्त चौकीदारों को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों से अवगत कराया. थाना प्रभारी ने चौकीदारों को आम नागरिकों के साथ बेहतर व्यवहार बनाए रखने की सलाह दी.अपने कार्य को ईमानदारी पूर्वक करने को कहा, साथ ही थाना प्रभारी ने सभी नव नियुक्त चौकीदारों को सामान्य परेड के साथ साथ अन्य आवश्यक जानकारी भी दी गई. उन्होंने कहा इससे पूर्व लिट्टीपाड़ा थाना में काफी लंबे समय से 14 चौकीदारों के भरोसे ही थाना से संबंधित कार्यों का निष्पादन किया जाता था, जिससे कार्य करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब 31 नए चौकीदारों की नियुक्ति के बाद चौकीदारों की संख्या 45 हो गई है, इससे कार्य मे तेजी आएगी।

### पूर्व मुखिया बरसन हेम्ब्रम का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**पाकुड़:** प्रखंड के डूमरचिर पंचायत के पूर्व मुखिया बरसन हेम्ब्रम का मंगलवार सुबह करीब आठ बजे लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया. वे 58 वर्ष के थे और अपने पीछे दो पुत्रों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिजनों के अनुसार वे पिछले कुछ समय से गंभीर रूप से बीमार थे और उनकी दोनों किडनी ने काम करना बंद कर दिया था। इलाज के दौरान ही उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने सरल स्वभाव, सादगी और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका के लिए क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे। कुछ दिन पूर्व ही झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने उनके आवास पहुंचकर उनका हालचाल जाना था। निधन की सूचना मिलते ही लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी बाबुधन मुर्मू, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष हेम्ब्रम, सुनील पहाड़िया सहित दर्जनों ग्रामीण उनके घर पहुंचे।

## नगर पंचायत ने लिया संज्ञान, वार्ड पार्षद के देखरेख में त्वरित हुई नाला सफाई



देश प्राण संवाददाता

**बरहरवा, 31 मार्च:** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 3 के दर्जनों स्थानीय लोगों के हस्ताक्षर युक्त आवेदन पर बरहरवा नगर के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मंगलवार को वार्ड संख्या तीन छोटी मस्जिद से हरिजन पाडा तक नाला का सफाई कार्य प्रारंभ कर दिया है। बता दे कि सोमवार को वार्ड 3 के दर्जनों लोगों ने पहुंचकर कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन प्रेषित करते हुए त्वरित नाला सफाई का मांग किया था। लोगों का कहना था कि उक्त नाला सफाई नहीं रहने के कारण लोगों के घरों सहित मस्जिद में भी नाला का गंदा पानी घुस जाता है, जिससे जहां आम लोगों को परेशानी होती है, वही बीमारी की भी आशंका बनी हुई है, जबकि क्षेत्र में मच्छर का प्रकोप भी पहले की तुलना काफी बढ़ चुका है। वहीं मंगलवार को कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार के निर्देश पर वार्ड पार्षद अमित भारती के मौजूदगी में नगर पंचायत के सफाई कर्मी के द्वारा नाला सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। जिससे आम जनों में खुशी का माहौल है।

## विराट हिंदू सम्मेलन का होगा आयोजन, निकाली गई बाइक जागरूकता रैली

देश प्राण संवाददाता



**साहिबगंज, 31 मार्च:** विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर मंगलवार को साहिबगंज चौक बाजार स्थित दुर्गा मंदिर से विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। भगवा ध्वज से सुसज्जित यह बाइक रैली शहर के मुख्य मार्ग से गुजरती हुई स्थानीय सूर्य देव घाट स्थित मंदिर प्रांगण में पहुंचा। आरएसएस के विभाग प्रचारक अजय कुमार ने कहा कि सकल हिंदू समाज के द्वारा आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन द्वारा समाज में जागृति लाने का काम हो रहा है।

उन्होंने कहा कि हिंदू सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं,बल्कि एकता,जागरूकता और सांस्कृतिक संरक्षण का सशक्त माध्यम है।यह हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है,समाज को संगठित करता है और आने वाली पीढ़ी को संस्कार और दिशा देता है।आइए,हम सब मिलकर एकजुट,जागरूक और सशक्त समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रतीक्षा हिंदू परिवार से अन्न का संग्रह किया जाएगा जिससे महाप्रसाद तैयार होगा।आम सनातन परिवार के सहयोग से ही इतना बड़ा विराट कार्यक्रम आयोजित होगा।उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अयोध्या जी स्थिति हनुमानगढ़ी के प्रमुख राजू दास महाराज का आगमन होगा।इस कार्यक्रम हेतु निमंत्रण प्रत्येक हिंदू परिवार तक पहुंचाना भी हम लोगों का दायित्व है।इसके बाद सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सूर्य देव मंदिर सेवा समिति के संजय यादव लोकनाथ चौधरी,आरएसएस के जिला संघचालक डॉ नितेश वर्मा,आरएसएस के नगर कार्यवाह प्रमोद कुमार रिंकू सहित सैकड़ो की संख्या में मातृ शक्ति और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन जिला संपर्क प्रमुख डॉ सुरेंद्रनाथ तिवारी ने किया।

## खबरकोना

### तालाब में डूबने से दो मासूम सगे भाई की मौत



**गोड्डा 30 मार्च:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के घाट बांका गांव स्थित एक तालाब में दो मासूम सगे भाई की डूबने से मौत होने का समाचार मिला है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक रोज की तरह दोनों बच्चे लगभग 3 बजे अपने घर आए थे जहां दोनों बच्चे खाना खाकर खेलने निकले थे। परिजनों के मुताबिक दोनों बच्चे बहुत देर तक जब घर वापस नहीं लौटे तो उनकी खोजबीन शुरू की गई। बताया कि खोजबीन के दौरान एक बच्चे का शव तालाब में तैरता हुआ पाया गया जहां तुरंत गोताखोर को बुलाकर दूसरे बच्चे के शव को भी तालाब से बाहर निकाला गया। इस हृदय विदारक दृश्य को देखकर परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे। बताया गया कि मृतक दोनों भाई की उम्र 6 और 8 साल की थी। उधर सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। फिलहाल घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है।

### बस और बाइक की टक्कर में युवती की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

**गोड्डा 30 मार्च:** मेहरमा प्रखंड अंतर्गत घोरीचक चौक के नजदीक मंगलवार को आशीर्वाद बस और बाइक के बीच जोरदार टक्कर में बाइक सवार एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बलबड्डा थाना पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मेहरमा पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने 18 वर्षीय जुली कुमारी को मृत घोषित कर दिया। अन्य तीन घायलों में 4 वर्षीय प्रिया कुमारी, 5 वर्षीय प्रीति कुमारी और 18 वर्षीय सोनू कुमार शामिल हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, गोड्डा रेफर कर दिया गया ।मिली जानकारी के अनुसार घायल प्रिया कुमारी और प्रीति कुमारी, मृतका जूली कुमारी सोनू कुमार के साथ बाइक से अपने रिश्तेदार के यहां से अपने घर वापस हो रहे थे। फिलहाल पथरगामा पुलिस ने बस को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अवैध बालू से लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत



**गोड्डा 30 मार्च:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सहर पूरा गांव के पास एक ट्रैक्टर के चपेट में आने से दो सगे भाई निरंजन मंडल और संजय मंडल की मौत के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार की शाम उक्त दोनो भाई सुंदर डेम से अपने घर लौट रहे थे इसी दौरान दोनों अवैध बालू से लदे एक ट्रैक्टर की चपेट में आ गए जिससे दोनों की मौत मौके पर हो गई। फिलहाल मौत के बाद जिले के विभिन्न नदियों से हो रहे बालू उठाव को लेकर प्रशासन की चुप्पी पर सवाल उठाने लगे हैं। लोगों का कहना है कि जिला प्रशासन जिले में अवैध खनन को लेकर लंबी लंबी बातें करती है लेकिन जमीन पर प्रशासन का दावा पूरी तरह फेल है। मालूम हो कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में खुलेआम प्रशासन के नाक के नीचे अवैध बालू से लदे ट्रैक्टर और हाईवा का परिचालन होता है बावजूद जिला प्रशासन की चुप्पी से लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। कहते हैं प्रशासन के इस रवैया के कारण अब यहां लोगों की मौत आम बात बन कर रह गई है। ज्ञात रहे कि पिछले एक सप्ताह में आधा दर्जन लोगों की मौत अवैध बालू ढो रहे ट्रैक्टर से हो गई है जिससे लोगों का सड़क पर चलना दुभर हो गया है।

### संगठन मजबूती को लेकर भाजपाइयों ने किया बैठक

**साहिबगंज, 31 मार्च:** भारतीय जनता पार्टी साहिबगंज ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनुराग राहुल के अध्यक्षता में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सह श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मंडल पदाधिकारी गण शक्ति केंद्र संयोजक सहसंयोजक प्रभारी बूथ अध्यक्ष के साथ संगठनात्मक बैठक मंडल अध्यक्ष के आवास पर आयोजित की गई। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य धर्मेंद्र कुमार हुए। जहाँ संगठन के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अनुराग राहुल को बधाई देते हुए कार्यकर्ता को पार्टी के प्रति समर्पित भाव के कार्य करने का मंत्र दिए।वही नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अनुराग राहुल ने सभी मंडल पदाधिकारी गण शक्ति केंद्र संयोजक सहसंयोजक प्रभारी बूथ अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के प्रति अपनी ईमानदारी और समर्पित भाव से संगठन को मजबूती देने का कार्य करेंगे। मौके पर महामंत्री ओम प्रकाश पांडे,यशवंत पासवान, सुनीता देवी, निशा देवी,अमरनाथ चौधरी,जयकांत वर्मा,मनोज सिंह, अरविंद यादव,मिथलेश कुमार, रामभजन यादव,शिनारायण,अभय पासवान अभिनंदन कुमार,ज्योतिष, राजू,चंद्र केतु मिथुन कुमार अभिषेक कुमार मंटू कुमार मुरारी कुमार,विनोद कुमार,बलदेव कुमार,प्रीतम कुमार, अभिनंदन कुमार सहित कई भाजपा के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## जलवायु परिवर्तन पर दो दिवसीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

देश प्राण संवाददाता




**गोड्डा 30 मार्च :** साथी संस्था द्वारा कार्यकताओं, कैडरों एवं जलवायु कैडरों के लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को जीपीएस मापन, कोबो, जीआईएस तथा जलवायु आँकड़ों के वैज्ञानिक संग्रहण की जानकारी एवं व्यवहारिक कौशल प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से सटीक डेटा संग्रह, मैपिंग एवं विश्लेषण की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जलवायु परिवर्तन से जुड़े आँकड़ों का सही संग्रहण स्थानीय स्तर पर योजना निर्माण, आपदा प्रबंधन तथा विकास कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रशिक्षण का संचालन डॉ. नीरज कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने सरल एवं व्यवहारिक तरीके से प्रतिभागियों को जीपीएस उपकरणों के उपयोग, कोबो टूलबॉक्स के माध्यम से डेटा संग्रह, जीआईएस के जरिए मानचित्र तैयार करने तथा जलवायु संबंधी सूचनाओं के दस्तावेजीकरण की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने फील्ड अभ्यास के माध्यम से सीखी गई तकनीकों का प्रयोग भी किया।साथी संस्था के प्रतिनिधि ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से कार्यकताओं एवं कैडरों की क्षमता में वृद्धि होगी जिससे वह अपने-अपने क्षेत्रों में सटीक जानकारी एकत्र कर स्थानीय समुदाय के विकास, जलवायु अनुकूलन तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे।कार्यक्रम में संस्था द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए जाने की बात कही गई। प्रशिक्षण में अमर कुमार, कालेश्वर मंडल, सीमा, अमित, बिभास सहित अनेको केडर और जलवायु केडर मौजूद थे।

## सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ सुरक्षा कवच एचपीवी टीकाकरण अभियान किया शुरू

देश प्राण संवाददाता



**साहिबगंज, 31 मार्च:** झारखंड सरकार और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में साहिबगंज जिले में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया है।

यह अभियान मुख्य रूप से किशोरियों को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) से बचाने के लिए चलाया जा रहा है। साहिबगंज में जिले के उपायुक्त हेमंत सती के मार्गदर्शन में जिले के सभी प्रखंडों में इस टीके की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।यह टीका 14 एवं 15 वर्ष के किशोरियों को लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, झारखंड में लगभग 4 लाख किशोरियों को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है।बता दे कि निजी अस्पतालों में इस टीके की कीमत 3,000 से 4,000 के बीच होती है, लेकिन सरकार इस अभियान के तहत इसे पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध करा रही है।यह अभियान 30 मार्च 2026 से प्रभावी रूप से शुरू हुआ है और अगले तीन महीनों तक विशेष कैंप मोड में चलेगा। इसके बाद इसे नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल कर लिये जाने कि सम्भावना है।यह टीकाकरण साहिबगंज के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिविर लगाकर दिए जा रहे हैं। इस बाबत उपायुक्त हेमंत सती और स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील किया है कि अपनी बेटियों को इस जानलेवा कैंसर से बचाने के लिए टीका अवश्य लगवाएं। यह टीका पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी है। टीकाकरण के समय आधार कार्ड या पहचान पत्र साथ जरूर लाएं ताकि यूविन पोर्टल पर पंजीकरण हो सके। उन्होंने कहा सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है। समय पर एचपीवी टीकाकरण इस खतरे को 90% तक कम कर सकता है।

## कालाजार के बढ़ते मामलों को लेकर महादेवपुर एवं डुमरचीर में विशेष अभियान, रात्रि में चौपाल लगाया

देश प्राण संवाददाता



**पाकुड़, 31 मार्च :** फील्ड विजिट, मेडिकल कैंप एवं रात्रि चौपाल के माध्यम से जागरूकता एवं उपचार पर जोर सदर प्रखंड अंतर्गत के महादेवपुर एवं अमड़ापाड़ा प्रखंड अंतर्गत डुमरचीर में कालाजार भीएल के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष फील्ड विजिट, मेडिकल कैंप एवं रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। यह अभियान जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अमित कुमार के नेतृत्व में संचालित किया गया। इस दौरान एमओआईसी अमड़ापाड़ा एमओआईसी सदर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शिवम जिला भीवीडी कंसल्टेंट अंकित कुमार, केटीएस ज्योतिन मुर्मू सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय रूप से मौजूद रही। फील्ड विजिट के दौरान टीम द्वारा प्रभावित गांवों में घर-घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान की गई तथा आवश्यक जांच एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

साथ ही ग्रामीणों को कालाजार के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस क्रम में एंटोमोलॉजिकल सर्वे भी किया गया, जिसके तहत क्षेत्र में सैंडफ्लाई की घनत्व का आकलन किया गया। प्राप्त आंकड़ों के आधार पर आगे की नियंत्रण रणनीतियों को और सुदृढ़ किया जाएगाइसके अलावा अमड़ापाड़ा प्रखंड में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया, जहां स्थानीय ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित कर कालाजार के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई। चौपाल के माध्यम से लोगों को समय पर जांच कराने, पूर्ण उपचार लेने तथा आईआरएस जैसे नियंत्रण उपायों के महत्व की जानकारी दी गई। जिला भीवीडी पदाधिकारी डॉ अमित कुमार ने कहा कि कालाजार उन्मूलन के लिए निरंतर निगरानी, सक्रिय केस खोज एवं समय पर उपचार सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि प्रभावित क्षेत्रों में रोग पर शीघ्र नियंत्रण पाया जा सके।

## रविन्द्र भवन टाउन हॉल में सेविका-सहायिका के बीच नियुक्ति पत्र का हुआ वितरण, सीडीपीओ ने द्वीप प्रज्वलित किया

देश प्राण संवाददाता




**पाकुड़, 31 मार्च :** समाज कल्याण विभाग को सुदृढ़ करने की दिशा में मंगलवार को रविन्द्र भवन टाउन हॉल में सेविका- सहायिका नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ उपायुक्त श्री मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक श्रीमती निधि द्विवेदी, स्थापना उप समाहर्ता श्री त्रिभुवन कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी हिरणपुर श्री टुडु दिलीप, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीवमती बसंती ग्लाडिस बाड़ा, सांसद प्रतिनिधि श्री श्याम यादव, विधायक प्रतिनिधि श्री गोकुल अहमद, झामुमो की युवा नेत्री सुश्री उपासना मरांडी एवं सीडीपीओ द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती बसंती ग्लाडिस बाड़ा ने कहा कि सेविका-सहायिका सरकार और ग्रामीणों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं तथा योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि चयन के बाद प्रखंड स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके उपरांत आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रतिनियुक्त कर कार्य की व्यवहारिक जानकारी दी जाएगी। उन्होंने सभी को सलाह दी कि कार्य को बेहतर ढंग से सीखने के लिए पर्यवेक्षिका, सीडीपीओ एवं जिला कार्यालय से निरंतर मार्गदर्शन लेते रहें। साथ ही उन्होंने कहा कि लाभार्थी प्रविष्टि, पोषाहार वितरण, टीकाकरण एवं योजनाओं का क्रियान्वयन- सभी कार्य अब ऑनलाइन माध्यम से ही किए जाएंगे। सांसद प्रतिनिधि श्री श्याम यादव ने कहा कि यह नियुक्ति पत्र जिला प्रशासन के अथक प्रयासों का परिणाम है। आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के प्रारंभिक विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला हैं, जहां सरकार की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों का भविष्य काफी हद तक इन केंद्रों से ही आकार लेता है, इसलिए सभी नवनियुक्त सदस्य अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण के साथ करें।

साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि आप सभी प्रशासन एवं सरकार के भरोसे पर खरा उतरते हुए समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मरांडी झामुमो की युवा नेत्री सुश्री उपासना मरांडी ने कहा कि यह आयोजन महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि सेविका-सहायिका अपने-अपने गांव और पंचायत की मजबूत आधारशिला हैं, जिनकी सक्रिय भूमिका से ही समग्र विकास संभव है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करें, महिलाओं को जागरूक बनाएं और एक स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनप्रतिनिधि के रूप में आपकी समस्याओं एवं मांगों को उचित मंच पर उठाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 : झारखंड की पहलवान पूनम ऑरन ने कुश्ती में जीता गोल्ड मेडल

**रायपुर, 31 मार्च (हि.स.)%** कुश्ती जैसे खेल में जहां फिटनेस और ताकत सबसे बड़ी जरूरत होती है, वहां चोटिल कंधे के साथ मैट पर उतरना अपने आप में बड़ा जोखिम है। लेकिन झारखंड की 19 वर्षीय पहलवान पूनम ऑरन ने इस जोखिम को चुनौती में बदला और दर्द के बावजूद मुकाबले दर मुकाबले जीत हासिल करते हुए पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।

सोमवार की देर शाम को खेले गए फाइनल में भी पूनम बाएं कंधे पर पट्टी बांधकर उतरीं। हर मूव के साथ दर्द साफ नजर आ रहा था, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अंत तक लड़ते हुए मुकाबला अपने पक्ष में किया। पूनम ने महिलाओं की 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में तेलंगाना की के. गीता को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

अपने करियर का पहला स्वर्ण पदक जीतने के बाद पूनम ने मीडिया से कहा कि, जब नौ साल से हार नहीं मानी, तो अब कैसे मान लेती। मेरी यह चोट बहुत पुरानी है।



छह साल पहले मेरा कंधा उतर गया था। बीच में ठीक हुआ, लेकिन फिर ट्रेनिंग के दौरान दोबारा चोट लग गई। इसके बावजूद मैंने वापसी की और अब मैंने यहां पर गोल्ड जीता है।₹ उन्होंने कहा,''अपने करियर की शुरूआत से ही मैं चोटों से जूझ रही हूँ, लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी। गोल्ड मेडल जीतना किसी सपने के सच होने जैसा लगता है। नौ साल तक गोल्ड न जीत पाने के दर्द के मुकाबले यह चोट कुछ भी नहीं है।'

झारखंड के चतरा जिले के सुइयाबार गांव की रहने वाली पूनम के लिए यह जीत किसी सपने के सच होने जैसी है। साल 2017 में जब उन्होंने कुश्ती की शुरूआत की थी, उसी दौरान एक गंभीर चोट ने उन्हें करीब एक साल तक मैट से दूर कर दिया। वापसी के बाद उन्होंने 2018 और 2019 में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया में कांस्य पदक जीते, लेकिन इसके बाद पदक जीतने का इंतजार लंबा चला।

पूनम बताती हैं कि, इस प्रतियोगिता में उतरने से पहले भी वह पूरी तरह फिट नहीं थीं। उन्होंने कहा, '' घर वाले मना कर रहे थे, लेकिन कोच और सपोर्ट स्टाफ को मुझ पर भरोसा था। उनके सपोर्ट से ही मैं खेल पाई और गोल्ड जीत सकी। छह साल बाद कोई पदक जीतना मेरे लिए बहुत खास है और इसके पीछे मेरी दृढ़ इच्छाशक्ति है।'' वह पिछले करीब एक दशक से रांची के हॉस्टल में रहकर अभ्यास कर रहीं हैं।

ऑरन समुदाय से ताल्लुक रखने वाली पूनम के लिए यह स्वर्ण पदक खास मायने रखता है। वह कहती हैं, '' इसके मुझे काफी लंबा इंतजार करना पड़ा है। करियर की शुरूआत से ही मैं चोट से जूझ रही हूं, लेकिन कभी हार नहीं मानी। इसके बाद कोई स्वर्ण पदक जीतना, मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है।''

कुश्ती के साथ-साथ पढ़ाई में भी संतुलन बनाए रखते हुए, पूनम अभी रांची यूनिवर्सिटी से बीए (पॉलिटिकल साइंस) की पढ़ाई भी कर रही है। अब वह जूनियर नेशनल्स के लिए झारखंड टीम में जगह बनाने पर ध्यान दे रही हैं।

पूनम ने कहा, मेरा अगला लक्ष्य जूनियर नेशनल ट्रायल्स के लिए क्वालीफाई करना है और मैं इस स्वर्णिम सफलता को आगे भी जारी रखना चाहती हूं।

## बालिका फुटबॉल टीम में छत्तीसगढ़ की धमाकेदार जीत, अरुणाचल प्रदेश को हराकर फाइनल में बनाई जगह

**रायपुर 31 मार्च (हि.स.):** कप्तान किरण पिस्दा की शानदार दोहरी भूमिका से प्रेरित होकर छत्तीसगढ़ की महिला फुटबॉल टीम ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के पहले संस्करण के फाइनल में जगह बना ली है, जबकि राज्य की महिला हॉकी टीम ने भी कांस्य पदक मुकाबले में पहुंचकर अपनी उम्मीदें बरकरार रखी हैं। भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी किरण ने मंगलवार को स्वामी विवेकानंद कोटा स्टेडियम में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ खेले गए सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच की स्टार रहीं। उनके हरफनमौला खेल की बदौलत छत्तीसगढ़ ने निर्धारित समय के बाद 2-2 की बराबरी रहने पर पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से रोमांचक जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में अब तक करीब 20 गोल कर चुकीं किरण ने एक बार फिर आक्रामक भूमिका निभाते हुए 18वें मिनट में गोल कर मेजबान टीम को 2-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि अरुणाचल प्रदेश ने 41वें और 86वें मिनट में गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया और मैच को शूटआउट में पहुंचा दिया। इसके बाद किरण ने साहसिक फैसला लेते हुए नियमित गोलकीपर योगिता की जगह खुद दस्ताने पहनकर गोलपोस्ट संभालने का निर्णय लिया। उनका यह निर्णय कप्तानी की मिसाल बन गया, जब उन्होंने दो शानदार बचाव किए और खुद एक पेनल्टी भी सफलतापूर्वक गोल में बदली, जिससे टीम को फाइनल का टिकट मिला। अंतिम पेनल्टी के गोल के साथ ही मेजबान टीम ने मैदान पर जश्न मनाना शुरू कर दिया। अपने प्रदर्शन पर किरण ने कहा, मैं अपनी टीम को हर हाल में फाइनल में पहुंचाना चाहती थी। मुझे गोलकीपर के रूप में अच्छा करने का भरोसा था। मैंने पहले भी अपनी राज्य टीम के लिए यह भूमिका निभाई है। मेरी मेहनत सफल रही और हम फाइनल में हैं। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। अब फाइनल में छत्तीसगढ़ का सामना झारखंड और गुजरात के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। उल्लेखनीय है कि ग्रुप चरण में मेजबान टीम गुजरात को 2-1 से हरा चुकी है, जिसमें किरण ने भी एक गोल किया था। वहीं, इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में चल रही प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की महिला हॉकी टीम 1 अप्रैल को पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के खिलाफ कांस्य पदक के मुकाबले में उतरेगी। सेमीफाइनल में मेजबान टीम को ओडिशा से 1-5 से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन अब कप्तान कुजूर अश्विन के मार्गदर्शन में टीम पदक जीतने के लिए तैयार है। हॉकी का फाइनल भी 1 अप्रैल को झारखंड और ओडिशा के बीच खेला जाएगा।

## खबरकोना

### डीयू एलुमना ने पीएसपीबी बाबा दीप सिंह महिला हॉकी का खिताब जीता



**नई दिल्ली, 31 मार्च (हि.स.):** सोनू शर्मा और मंजू की स्टिक से निकले तीन-तीन गोल और रक्षा पंक्ति के शानदार प्रदर्शन से दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना टीम ने विवेकानंद कॉलेज को 6-0 से पराजित कर पांचवें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह महिला हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज के मैदान पर डीयू एलुमना टीम में खेल रहीं दिल्ली की पूर्व खिलाडियों ने अपने अनुभव, हॉकी कौशल और मेहनत से अर्जित फिटनेस के बल पर फाइनल मैच में विवेकानंद कॉलेज की युवा खिलाडियों को पूरी तरह से बांध कर रखा। विजेता टीम के लिए सोनू और मंजू ने तीन-तीन गोल किए। मंजू को एसएनएस प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। पूर्व हॉकी ओलंपिक कप्तान व पदमश्री से सम्मानित जफर इकबाल, दिल्ली शिक्षा निदेशालय के उप-निदेशक (खेल), एस. सुनील, मशहूर कॉमेंटेटर व पदमश्री से सम्मानित डॉ. रवि चतुर्वेदी, राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार विजेता हॉकी के इतिहासकार के. अरुमुगम, इंदरप्रीत कौर, डायरेक्टर, फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स, श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, ने खिलाडियों को ट्रॉफी व पदक प्रदान किए। इस मौके पर जफर इकबाल ने सभी खिलाडियों से लगातार मेहनत करते रहने की अपील करते हुए हॉकी को बढ़ावा देने के लिए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की।

### 18 वां जूनियर एवं यूथ राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभाराम हुआ



**रांची :** 18वां राज्यस्तरीय बॉक्सिंग जूनियर बालक, बालिका एवं यूथ पुरुष, महिला बॉक्सिंग का आयोजन रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में स्थानीय गुरुनानक स्कूल पीपी कंपाउंड रांची में हुआ जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उत्तम सिंह अध्यक्ष झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन एवं आनंद बिहारी दुबे सचिव झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन उपस्थित हुए।इस अवसर पर झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष बलजीत सिंह बेदी,राजेश कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष सहित आयोजन समिति के विनय सिन्हा दीपू अध्यक्ष रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन, परमजीत सिंह कार्यकारी अध्यक्ष रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन विशिष्ट अतिथि ज्योति सिंह मथारु उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग एवं गुलाम जावेद कोषाध्यक्ष रांची जिला उपस्थित थे इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के पुरूष और महिला 172 बॉक्सर अपना दमखम दिखा रहे है। परिणाम कल आएगा।कल दिनांक 1 अप्रैल को संध्या 4:30 बजे समापन होगा।

### बीसीसीआई : हाई परफार्मेंस कैंप के लिए हिमाचल के क्रिकेटर पुखराज मान का चयन

**धर्मशाला, 31 मार्च (हि.स.):** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की ओर से हाई परफार्मेंस कैंप फॉर इमरजिंग अंडर-25 पुरुष के लिए एचपीसीए के क्रिकेटर पुखराज मान का चयन हुआ है। यह कैंप 13 अप्रैल से 7 मई के बीच बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर आफ एक्सीलेंस में आयोजित होगा। कैंप का आयोजन 25 वर्ष से कम आयु के उभरते क्रिकेटरों के लिए किया जा रहा है। इस कैंप के लिए खिलाड़ियों को 12 अप्रैल को निर्धारित स्थान पर रिपोर्ट करना होगा। एचपीसीए सचिव मनुज शर्मा ने बताया कि एचपीसीए खिलाड़ी पुखराज मान का कैंप के लिए चयन होना खुशी की बात है। इस कैंप में शामिल होने से पहले, उक्त खिलाड़ी की शारीरिक फिटनेस का आकलन एचपीसीए द्वारा धर्मशाला स्थित क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा। इसके बाद ही उन्हें कैंप में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। एचपीसीए ने पुखराज मान को बधाई देते हुए आगामी कैंप के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### सेंट पॉल क्रिकेट अकेडमी ने 9 विकेट से और रुक्मणी क्रिकेट अकेडमी 38 रन से जीती

**मुरादाबाद, 31 मार्च (हि.स.):** वर्ष 1956 से हर वर्ष आयोजित हो रहे अवस्थी मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूनामेंट में मंगलवार को सातवें दिन एमपीएस के मैदान पर दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। पहला सेमीफाइनल मुकाबला दुर्गा क्रिकेट अकेडमी और सैंट पॉल क्रिकेट अकेडमी के बीच और दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला स्काईलाइन स्पोर्ट्स और रुक्मणी क्रिकेट अकेडमी के बीच खेला गया। जिसमें सैंट पॉल क्रिकेट अकेडमी ने 9 विकेट से जीत हासिल की और रुक्मणी क्रिकेट अकेडमी को 38 रन से विजय मिली। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के डायरेक्टर और पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता एडवोकेट ने बताया डिस्टिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन मुरादाबाद एवं अवस्थी मेमोरियल कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अवस्थी मेमोरियल प्राइज मनी क्रिकेट टूनामेंट के सातवें दिन पहले सेमीफाइनल मुकाबले में दुर्गा क्रिकेट अकेडमी टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.5 ओवर में 113 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। सैंट पॉल क्रिकेट अकेडमी के लिए गैदबाजी में शिवम् शर्मा और मिर्जा इन्तजार बेग ने 3-3 व यथार्थ व्यस्त और विवेक यादव ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष का पीछा करते हुए सैंट पॉल क्रिकेट अकैडमी ने 9 ओवर में 1 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के लिए आर्यन चौधरी ने नाबाद 50, सोनू कुमार ने 36 व रणजी खिलाड़ी शिवम् शर्मा ने नाबाद 27 रन बनाए। दुर्गा क्रिकेट अकैडमी के लिए मौहम्मद कौनैन ने 1 विकेट लिया। इस तरह यह मुकाबला सैंट पॉल क्रिकेट अकेडमी ने 9 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच शिवम् शर्मा को चुना गया। दूसरा मुकाबला स्काईलाइन स्पोर्ट्स और रुक्मणी क्रिकेट अकेडमी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर स्काईलाइन स्पोर्ट्स ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।

## वैज्ञानिक ट्रेनिंग और रिकवरी से प्रदर्शन में सुधार होगा : सोनाली शिंगाटे

**बेल्लारी, 31 मार्च (हि.स.):** भारतीय कबड्डी खिलाड़ी सोनाली शिंगाटे ने आगामी एशियन गेम्स 2026 से पहले चल रहे भारतीय महिला कबड्डी टीम के राष्ट्रीय शिविर में वैज्ञानिक ट्रेनिंग और रिकवरी को प्रदर्शन सुधार की कुंजी बताया है। बेल्लारी स्थित इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट में आयोजित इस हाई-परफॉर्मेंस कैंप में टीम की संभावित खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं।

सोनाली शिंगाटे, जो 2025 कबड्डी वर्ल्ड कप (ढाका) में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रह चुकी हैं और 2018 एशियन गेम्स में रजत पदक विजेता टीम में भी शामिल थीं, ने कहा कि इस बार ट्रेनिंग में स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जो खिलाड़ियों के लिए नया अनुभव है। उन्होंने कहा



कि इससे खिलाड़ियों को बेहतर तरीके से ट्रेनिंग करने और अपने प्रदर्शन को सुधारने में मदद मिल रही है।

करीब एक दशक का अनुभव रखने वाली शिंगाटे ने बताया कि 27 मार्च से शुरू हुए इस कैंप में वैज्ञानिक तरीकों से ट्रेनिंग दी जा रही है, जिसमें रिकवरी पर भी बराबर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, ट्रेनिंग काफी कठिन है, लेकिन रिकवरी भी उतनी ही जरूरी है, और यहां इसका अच्छा प्रबंधन किया जा रहा है, जिससे शरीर जल्दी ढल रहा है।

हाल ही में हैदराबाद में आयोजित 72वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में इंडियन रेलवे की ओर से उपविजेता रहने के बाद शिंगाटे ने कहा कि उच्च स्तर पर प्रदर्शन के लिए ट्रेनिंग और रिकवरी के बीच संतुलन बेहद जरूरी है। उन्होंने माना कि पहले रिकवरी और वर्कलोड मैनेजमेंट पर उतना ध्यान नहीं दिया जाता था, जिससे चोट की संभावना बढ़ जाती थी, लेकिन अब वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खिलाड़ियों की फिटनेस और प्रदर्शन दोनों में सुधार होगा।

यह कैंप 2 अप्रैल तक चलेगा और इसमें अनुभवी व युवा खिलाड़ियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिल रहा है।

## अंबिकापुर : खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में कर्नाटक की मनीषा जोंस सिद्दी ने जीता गोल्ड

**अंबिकापुर, 31 मार्च (हि.स.):** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के प्रथम ऐतिहासिक संस्करण में कर्नाटक की बेटी मनीषा जोंस सिद्दी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कुश्ती के 76 भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया है। अभावों के बीच पली-बढ़ी मनीषा की यह जीत केवल एक पदक नहीं, बल्कि उनके वर्षों के कठिन परिश्रम और अटूट संकल्प की विजय है।

मनीषा का खेल जीवन चुनौतियों से भरा रहा है। उन्होंने बताया कि जब वह पाँचवीं कक्षा में थीं, तभी उनके पिता का देहांत हो गया था। इसके बावजूद, उनकी माँ ने हार नहीं मानी और अकेले दिन-रात मेहनत करके मनीषा के सपनों को पंख दिए। पूर्व में कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सिल्वर और ब्रोंज मेडल जीत चुकीं मनीषा



के करियर का यह पहला गोल्ड मेडल है।

अपनी सफलता को साझा करते हुए मनीषा ने कर्नाटक के डिवाइस स्पोर्ट्स हॉस्टल की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, हॉस्टल के कोच और साथी खिलाड़ियों ने मुझे हमेशा प्रेरित किया। मेरा बड़ा भाई मेरा मार्गदर्शक रहा है, वहीं छोटा भाई, जो खुद एक राज्य स्तरीय एथलीट है, वह मेरी सबसे बड़ी हिम्मत है।

मनीषा ने केंद्र सरकार और आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स जैसे मंच से जनजातीय समुदाय के बच्चों को अपनी विशेष पहचान के साथ आगे बढ़ने का मौका मिला है। उन्होंने यहाँ की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा मैच के दौरान सुरक्षा, भोजन और यातायात की व्यवस्था बेहतरीन थी। छत्तीसगढ़ के लोगों का व्यवहार और यहाँ का माहौल खिलाड़ियों के लिए अत्यंत सुखद है।

स्वर्ण पदक की चमक के साथ मनीषा की निगाहें अब भविष्य की बड़ी चुनौतियों पर हैं। छत्तीसगढ़ की धरती पर मिली इस सफलता से उत्साहित मनीषा अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी में जुटी हैं। उनका अंतिम लक्ष्य विश्व पटल पर स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाना है।

### टेबल टेनिस वर्ल्ड कप में मनिका ने नॉकआउट की उम्मीदें जिंदा रखीं

**मकाऊ (चीन), 31 मार्च (हि.स.):** आईटीटीएफ टेबल टेनिस वर्ल्ड कप में भारत की मनिका बत्रा ने शानदार वापसी करते हुए नॉकआउट में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है, जबकि श्रीजा अकुला को अपने पहले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। तीन बार की ओलंपियन मनिका बत्रा ने अमेरिका की लिली झांग को कड़े मुकाबले में 3-2 (11-7, 11-2, 14-16, 5-11, 11-6) से हराया। यह मुकाबला 43 मिनट तक चला। इससे पहले मनिका को अपने पहले मैच में जापान की मिवा हारिमोटो के खिलाफ 0-3 से हार झेलनी पड़ी थी। वहीं, विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज श्रीजा अकुला को अपने पहले मुकाबले में पुर्तगाल की फू यू के हाथों 1-3 (11-8, 9-11, 13-15, 8-11) से हार का सामना करना पड़ा। अब श्रीजा का अगला मुकाबला चीन की विश्व नंबर-2 वांग मान्यु से होगा। पुरुष वर्ग में भारत के एकमात्र खिलाड़ी मानव ठक्कर को अपने पहले मैच में कोरिया के पार्क गांगह्योन के खिलाफ 0-3 से हार मिली थी।

## फिडे कैंडिडेट्स 2026, राउंड 2 : प्रज्ञानानंद ने ड्रॉ खेलकर संयुक्त बढ़त बरकरार रखी

**नई दिल्ली, 31 मार्च (हि.स.):** फिडे कैंडिडेट्स 2026 के दूसरे राउंड में भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने शानदार लय बरकरार रखते हुए ड्रॉ खेला और अंक तालिका में संयुक्त बढ़त बनाए रखी। उन्होंने चीन के वेई यी के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ खेला। इससे पहले प्रज्ञानानंद ने पहले राउंड में उच्च रैंकिंग वाले अनिश गिरी को हराकर शानदार शुरूआत की थी।

वेई यी ने मुकाबले की शुरूआत पेट्रोफ डिफेंस से की, जिससे खेल की संरचना संतुलित और जटिल हो गई। प्रज्ञानानंद ने अपने रुख और छोटे मोहरों का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए किसी भी तरह के आक्रमण को निष्क्रिय कर दिया। दोनों खिलाड़ियों ने पूरे मुकाबले में उच्च स्तर की सटीकता दिखाई और समय नियंत्रण के करीब पहुंचते-पहुंचते मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हो गया।



महिला वर्ग में ऑल-इंडियन मुकाबले में दिव्या देशमुख और आर वैशाली के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जो अंततः ड्रॉ पर खत्म हुआ। दिव्या ने ठोस रणनीति अपनाते हुए अपने नाइट के इर्द-गिर्द खेल को आगे बढ़ाया और वैशाली पर लगातार दबाव बनाए रखा।

हालांकि, इस मुकाबले की सबसे बड़ी बात वैशाली की समय की स्थिति रही। वह जल्दी ही समय के दबाव में आ गईं और उन्हें पहले सत्र के अंतिम चरण में सिर्फ 30 सेकंड की वृद्धि (इंक्रीमेंट) के साथ खेलना पड़ा। उन्होंने दबाव में शानदार संयम दिखाते हुए मुकाबला ड्रॉ कराया, जो उनके लिए मनोबल बढ़ाने वाला साबित हुआ, जबकि दिव्या के लिए यह एक चूका हुआ मौका रहा।

अन्य मुकाबलों की बात करें तो ओपन वर्ग में मैथियास ब्लूबाउम और जावोखिर सिंदारोव के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा।

## रायबरेली के आलोक बने भारतीय पैरा क्रिकेट टीम के कप्तान

**रायबरेली, 31 मार्च (हि.स.)।** एनटीपीसी ऊंचाहार में कार्यरत और रायबरेली निवासी आलोक शर्मा को भारतीय पैरा क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। श्रीलंका की फिजिकल क्रिकेट एसोसिएशन के निमंत्रण पर 3 से 5 अप्रैल 2026 तक कोलंबो के स्काई स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में भारत और श्रीलंका के बीच विशेष रूप से सक्षम (पैरा) खिलाड़ियों का टी-20 क्रिकेट मैच खेला जाएगा। इस मैच के लिए आलोक शर्मा को टीम का कप्तान बनाया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर परियोजना के अधिकारियों कर्मचारियों सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

उल्लेखनीय है कि आलोक शर्मा भारतीय पैरा क्रिकेट टीम में पहले भी खिलाड़ी के तौर पर चयनित हो चुके हैं और उन्होंने कई मैचों में देश का प्रतिनिधित्व किया है। वह इससे पहले नवंबर 2025 में भी श्रीलंका में भारतीय पैरा क्रिकेट टीम की ओर से खेल चुके हैं।

अब यह उनकी दूसरी अंतरराष्ट्रीय यात्रा होगी, जिसमें वे कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे। डीएएफसी इंडिया के आयोजन सचिव महेंद्र सिंह द्वारा जारी चयन पत्र में आलोक शर्मा के समग्र प्रदर्शन के आधार पर उन्हें कप्तान चुने जाने की जानकारी दी गई है। चयन में सभी राज्यों के खिलाड़ियों और डीएएफसी अधिकारियों के प्रदर्शन को ध्यान में रखा गया। आलोक शर्मा रायबरेली के जवाहर विहार कॉलोनी में रहते हैं और एनटीपीसी में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं।

वे पहले भी विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। आलोक के चयन पर परिवार, मित्रों और खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि रायबरेली जिले के लिए गौरव की बात है।

## लिटिल अंडमान प्रो 2026 से भारत के सर्फिंग सीजन की शुरूआत, एशियाई खेलों में डेब्यू पर नजर

**लिटिल अंडमान, 31 मार्च (हि.स.):** भारत में सर्फिंग खेल की सर्वोच्च संस्था सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने आज लिटिल अंडमान प्रो 2026-नेशनल सर्फ एवं एसयूपी (स्टैंड-अप पैडल) चैंपियनशिप की घोषणा की। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 9 से 12 अप्रैल तक ऐसे समय में आयोजित हो रही है, जब भारत इस वर्ष जापान में होने वाले एशियाई खेल 2026 में पहली बार सर्फिंग में हिस्सा लेने जा रहा है।

चार दिवसीय इस सर्फिंग महाकुंभ में देश के शीर्ष सर्फर और स्टैंड-अप पैडल खिलाड़ी अंडमान द्वीप समूह के खूबसूरत बटलर बे बीच पर खिताब के लिए मुकाबला करेंगे। यह पहली बार होगा जब इस अनछुए और प्राकृतिक रूप से समृद्ध तटीय क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मक सर्फिंग आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में देशभर के शीर्ष खिलाड़ी सीनियर वर्ग में सर्फिंग



और एसयूपी दोनों श्रेणियों में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। टीटी ग्रुप सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के आधिकारिक प्रायोजक के रूप में जुड़ गया है।

यह आयोजन भारतीय सर्फिंग के लिए एक ऐतिहासिक वर्ष में और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। भारत ने 2024 एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में पहली बार एशियाई खेलों के लिए कोटा हासिल किया था और 2025 में महाबलीपुरम में हुए संस्करण में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल चार कोटा स्थान (पुरुष और महिला वर्ग में दो-दो) अपने नाम किए, जो 2026 एशियाई खेल, आइची-नागोया (जापान) के लिए हैं।

सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अरुण वासु ने कहा, यह भारतीय सर्फिंग के लिए एक मील का पत्थर है। एशियाई खेलों में हमारे डेब्यू से पहले लिटिल अंडमान जैसे विश्वस्तरीय स्थान पर राष्ट्रीय सीजन की शुरूआत हमारे इरादों को दर्शाती है कि हम इस खेल को भारत के तटीय क्षेत्रों तक गहराई से ले जाना चाहते हैं। हम अपने खिलाड़ियों को विविध परिस्थितियों में अधिक प्रतिस्पर्धा के अवसर देने पर लगातार काम कर रहे हैं, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी प्रगति के लिए बेहद जरूरी है। सर्फिंग एक समुदाय आधारित खेल है और अंडमान में विस्तार के साथ हम स्थानीय समुदायों के लिए अवसर पैदा करना, युवा प्रतिभाओं को विकसित करना और भारत को वैश्विक सर्फिंग में एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करना चाहते हैं।

उन्होंने आगे कहा, अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय सर्फरों की प्रगति बेहद उत्साहजनक रही है। एशियाई खेलों के लिए कोटा हासिल करने से लेकर महाद्वीपीय चैंपियनशिप में पदक जीतने तक, हमें जमीनी स्तर पर विकास और संरचित प्रतियोगिताओं के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

लिटिल अंडमान प्रो 2026 का आयोजन बटलर बे में होगा, जिसे भारत के सबसे संभावनाशील सर्फिंग स्थलों में से एक माना जाता है। यहां का रीफ ब्रेक अन्य मुख्यभूमि के बीच ब्रेक से अलग है, जहां लंबी और साफ लहरें मिलती हैं, जो सर्फरों को अधिक तकनीकी मूव्स और लंबे राइड्स का मौका देती हैं, जिससे यह उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा के लिए आदर्श स्थान बनता है।

भारत के कई सर्फर जो आमतौर पर बीच ब्रेक पर अभ्यास करते हैं, उनके लिए रीफ परिस्थितियों में प्रतिस्पर्धा करना अपने कौशल को निखारने और अनुभव बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। इस तरह के आयोजन राष्ट्रीय प्रतिभा को मजबूत करने और खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों के लिए तैयार करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

प्रतियोगिता के अलावा, इस चैंपियनशिप का उद्देश्य अंडमान द्वीप समूह को भारत में सर्फिंग और समुद्री खेलों के एक उभरते केंद्र के रूप में प्रस्तुत करना भी है। साफ पानी, कोरल रीफ और स्थिर लहरों के कारण लिटिल अंडमान अब सर्फिंग और एडवेंचर टूरिज्म के क्षेत्र में तेजी से पहचान बना रहा है। यह पहल स्थानीय युवाओं को प्रेरित करने के साथ-साथ खेल के माध्यम से सतत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।

## सरगुजा में कुश्ती का दमदार समापन, हिमाचल और असम बने चैंपियन

**अंबिकापुर, 31 मार्च (हि.स.):** छत्तीसगढ़ में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के तहत सरगुजा जिला मुख्यालय अंबिकापुर के गांधी स्टेडियम में पिछले चार दिनों से चल रही कुश्ती स्पर्धा का मंगलवार को शानदार समापन हो गया। देशभर से पहुंचे खिलाड़ियों के बीच जोरदार मुकाबले देखने को मिले, जहां प्रतिभागियों ने अपनी तकनीक, ताकत और रणनीति का शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों पर कब्जा जमाया।

समापन अवसर पर घोषित टीम चैंपियनशिप में पुरुष वर्ग में हिमाचल प्रदेश ओवरऑल चैंपियन रहा, जबकि जम्मू-कश्मीर ने फर्स्ट रनरअप और महाराष्ट्र व झारखंड ने संयुक्त रूप से सेकंड रनरअप का स्थान हासिल किया। वहीं महिला वर्ग में असम ने ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया, जबकि झारखंड फर्स्ट रनरअप और कर्नाटक व तेलंगाना सेकंड



रनरअप रहे।

अंतिम दिन खेले गए मुकाबलों में महिला सीनियर 57 किलोग्राम वर्ग में तेलंगाना की नागलक्ष्मी ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि कर्नाटक की शालिनी सिद्धि को रजत और अमूल्या भीमसेन कुन्दरगी को कांस्य पदक मिला। महिला सीनियर 68 किलोग्राम वर्ग में कर्नाटक की प्रिंसिता पेड्र फर्नांडिस सिद्दी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि मिजोरम की एलिजाबेथ रोहलुपुल्ल को रजत और गुजरात की चावड़ा लीलाबेन मैयाभाई तथा राजस्थान की बालकेश कुमारी मीना को कांस्य पदक मिला।

पुरुष वर्ग के मुकाबलों में फ्रीस्टाइल 57 किलोग्राम में ओडिशा के अजीत भुयां ने स्वर्ण, महाराष्ट्र के पारस सुभाष बिडकर ने रजत और महाराष्ट्र के विक्की रामचंद्र उइके व हिमाचल प्रदेश के अब्दुल खान ने कांस्य पदक हासिल किया। ग्रीको रोमन 77 किलोग्राम वर्ग में झारखंड के अभिषेक मुंडा ने स्वर्ण, हिमाचल प्रदेश के अर्फन ने रजत और तेलंगाना के जादव चरण व जम्मू-कश्मीर के इंजमाम ने कांस्य पदक जीता।

इसी तरह पुरुष फ्रीस्टाइल 86 किलोग्राम में हिमाचल प्रदेश के सुमित ठाकुर ने स्वर्ण, जम्मू-कश्मीर के बहादुर खान ने रजत और हिमाचल प्रदेश के शब्बीर खान ने कांस्य पदक अपने नाम किया। ग्रीको रोमन 130 किलोग्राम वर्ग में मध्यप्रदेश के शिवा भलावी ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि जम्मू-कश्मीर के दिलेर खान को रजत और तेलंगाना के कर्रा राजू को कांस्य पदक मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### पति की हत्या के सदमे में पत्नी ने बच्चों संग जहर खाया

**डेहरी आन सोन :** रोहतास जिले के सासाराम मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मुरादाबाद गांव में जमीनी विवाद में पति की बेरहमी से हत्या के बाद उसकी पत्नी ने मानसिक तनाव में आकर अपने दो बच्चों के साथ आज जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के अनुसार रेशमा खातून ने अपने बच्चों तैयबा खातून और हमजद के साथ घर का दरवाजा बंद कर जहर खा लिया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर स्वजनों को शक हुआ। दरवाजा खोलने पर तीनों अचेत मिले। स्वजन तुरंत उन्हें अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति में वाराणसी रेफर किया गया है। विदित है कि रेशमा के पति हसन राजा की 24 मार्च को सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मुरादाबाद गांव में दिनदहाड़े पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। घटना का वीडियो भी सामने आया था, जिसमें हमलावर उन्हें बांधकर सड़क पर घसीटते दिखे थे। इस घटना के बाद से ही रेशमा गहरे सदमे में थी।

नीतीश कुमार ने कहा, आप लोगों ने अपने अनुभव साझा किए यह सुनकर अच्छा लगा

# मुख्यमंत्री से प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने मुलाकात की

**भारतीयता और पर्यावरणीय स्थिरता को प्राथमिकता दी गई**

देश प्राण संवाददाता



**पटना, 31 मार्च:** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प सभागार' में 2024 बैच के बिहार कैडर के 12 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान श्री विरूपाक्ष विक्रम सिंह, सुश्री प्रिया रानी, सुश्री कृष्णा जोशी, श्री प्रेम कुमार, श्री सैयद आदिल मोहसिन, श्री अजय यादव, श्री सुरज कुमार, श्री विग्नेश टीए, श्री जतिन कुमार, श्री के परीक्षित, श्री महेश कुमार एवं श्रीमती कशिश बख्शी ने अपनी ट्रेनिंग के दौरान जिले में किए गए कार्यों के संबंध में अनुभव साझा किए। इन 12 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों में 03 महिलायें और 09 पुरूष हैं। इनमें 04 बिहार के, 03 राजस्थान, 02 दिल्ली के, 01 हरियाणा, 01 तमिलनाडु एवं 01 झारखंड के रहनेवाले हैं। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों से बातचीत करते हुए कहा कि आप लोगों ने अपने अनुभव साझा किए, यह सुनकर अच्छा लगा। आपलोग अभी ट्रेनिंग पीरियड में हैं, उसके बाद आपलोगों की पोस्टिंग होगी। सरकार नीति बनाती है और उसे क्रियान्वित करने में आईएएस अधिकारियों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है।

आप सभी संवेदनशीलता, ईमानदारी, अनुशासन एवं पूर्ण मनोयोग से कार्य करते हुये राज्य एवं देश की तरक्की में अपना योगदान दें। आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ बी राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह एवं मुख्यमंत्री के सचिव डॉ चन्द्रशेखर सिंह उपस्थित थे।

### शीतला देवी मंदिर में हुये भगदड़ में श्रद्धालुओं की मौत पर सीएम मर्माहत

**पटना, 31 मार्च :** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नालंदा जिले के बिहार शरीफ स्थित शीतला देवी मंदिर में हुये भगदड़ में श्रद्धालुओं की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना काफी दुखद है और मैं इससे मर्माहत हूँ। मुख्यमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को आपदा प्रबंधन विभाग से चार-चार लाख रुपए एवं मुख्यमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपए (कुल छह लाख रुपए) अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर वरीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुँच गये है तथा राहत एंव बचाव कार्य में जुटे हुये है। मुख्यमंत्री ने हादसे में घायल हुये लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है और उनकी समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया है।

## खबर कोना

### एटीएम बदलकर 40 हजार रुपए की ठगी

**नालंदा, बिहारशरीफ 31 मार्च :** चंडी थाना क्षेत्र में एटीएम कार्ड बदलकर रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने चंडी थाना में आवेदन देकर अज्ञात ठग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घटना मंगलवार की सुबह की बताई जा रही है। चंडी थाना क्षेत्र के मकुन्दन विगहा निवासी विक्रम कुमार ने थाना में दिये अपने आवेदन में बताया कि उन्होंने रुपये निकालने के लिए अपना एटीएम कार्ड अपने भाई शुभम कुमार को दिया था। शुभम कुमार दोपहर लगभग 12 बजे चंडी स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम केंद्र, जो भारतीय स्टेट बैंक के पास स्थित है, वहां पैसे निकालने पहुंचे। पीड़ित के अनुसार, जब शुभम कुमार ने एटीएम मशीन में कार्ड डाला तो कार्ड मशीन में फंस गया। इसी दौरान वहां मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने मदद करने के नाम पर एक कथित कस्टमर केयर नंबर दिया और उस नंबर पर संपर्क करने की सलाह दी। जब उस नंबर पर बात की गई तो सामने वाले व्यक्ति ने कार्यालय आने की बात कही। इसी बीच मौका देखकर उक्त व्यक्ति ने एटीएम कार्ड बदल लिया। कुछ देर बाद विक्रम कुमार के खाते से अलग-अलग किस्तों में 15 हजार, 15 हजार, 13 हजार 500 और 400 रुपये की निकासी कर ली गई। इस तरह कुल 43 हजार 900 रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने बताया कि खाते से रुपये निकासी की जानकारी उन्हें बैंक स्टेटमेंट देखने के बाद मिली। इसके बाद उन्होंने चंडी थाना पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दी और ठगी करने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करते हुए राशि वापस दिलाने की मांग की है इस संबंध में पुलिस का कहना है कि आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही ठग की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### डुमरांव में अवैध गांजा कारोबार का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार



**बक्सर, 31 मार्च :** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ के कारोबार का खुलासा किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि जंगल बाजार रोड स्थित शक्ति द्वार निवासी छोटे तुरहा अपने घर में गांजा छिपाकर उसकी खरीद-बिक्री कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डुमरांव पोलस्त कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने छोटे तुरहा के घर से कुल 78.965 किलोग्राम गांजा बरामद किया। मौके पर छोटे तुरहा के अलावा दो अन्य व्यक्ति–भीम कुमार और सत्येन्द्र कुमार मौजूद पाए गए। पूछताछ में सत्येन्द्र कुमार ने स्वीकार किया कि वह पहले भी अपने भाई के साथ मादक पदार्थों के कारोबार में शामिल रहा है और फिलहाल पुलिस से बचते हुए इस अवैध धंधे को जारी रखे हुए था। इसकी जानकारी डीएसपी डुमरांव ने प्रेस वार्ता में दिया पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और मौके से एक सफेद रंग की कार भी जब्त की है, जिसका उपयोग इस कारोबार में किया जा रहा था। इस मामले में डुमराँव थाना में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### गंगा के छाड़न में पलटी नाव, बच्ची लापता


**बक्सर, 31 मार्च :** सिमरी प्रखंड के रामदास राय के डेरा थाना क्षेत्र में मंगलवार को गंगा के छाड़न में एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब महिला कामगारों से भरी एक छोटी नाव अचानक पलट गई। नाव पर करीब 11 महिलाएं और एक 10 वर्षीय बच्ची सवार थीं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और महिलाओं की चीख-पुकार गूंज उठी। स्थानीय लोगों ने तुरंत साहस दिखाते हुए बचाव कार्य शुरू किया और एक-एक कर सभी 11 महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि, राजापुर नौरंग राय के डेरा गांव निवासी लालबाबू राम की पुत्री नेहा कुमारी नाव के साथ पानी में लापता हो गई। सभी महिलाएं रोजाना की तरह नाव से गंगा पार कर दियारा क्षेत्र में कटनी कार्य के लिए जा रही थीं, तभी अधिक भार और असंतुलन के कारण नाव पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से बच्ची की तलाश जारी है। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### लूटकांड के मामले में एक अपराधी गिरफ्तार



**भागलपुर, 31 मार्च :** जिले के घोघा थाना क्षेत्र के चर्चित लूटकांड मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह ने मंगलवार को बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने इस कांड में शामिल एक और अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। 31 जनवरी 2026 को मिजाचौकी मुंगेर फोरलाइन के पास राहुल कुमार से कट्टा दिखाकर मोबाइल और अन्य सामान लूट लिया गया था। इस मामले में घोघा थाना मे प्राथमिकी दर्ज की गई था। मामले के उद्भेदन और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी भादो उर्फ सुनील मंडल को पटना रेलवे स्टेशन स्थित महावीर मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है और अन्य फरार अपराधियों की तलाश में लगातार छापेमारी जारी है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में पहले ही 7 अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।

### लापता लड़की बरामद, लड़का फरार



**भागलपुर, 31 मार्च :** जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र से बीते 2 मार्च को एक युवक और युवती अपने-अपने घर से अचानक लापता हो गये। करीब 26 दिन बाद युवती थाने से बरामद हुई, लेकिन युवक अब तक लापता है। जबकि लड़की के पिता बबलू शाह का आरोप है कि राजकुमार महतो के बेटे सत्यम महतो ने उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर घर से बुलाया और उसके साथ 20,000 नकद और लगभग एक भर सोना-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गया। परिजन के अनुसार, गायब होने के कुछ दिन बाद युवक ने व्हाट्सएप के जरिए दोनों की शादी की तस्वीरें भी दोनों परिवारों को भेजी, जिससे मामला और उलझ गया। करीब 20 दिन बाद युवती नाथनगर थाने में पहुंची, जहां से पुलिस ने उसके पिता को सूचना दी।

## फोरलेन का काम अंतिम चरण में, यात्रियों के आवागमन के लिए जल्द खोला जाएगा

**249.881 करोड़ की लागत से 45.70 किलोमीटर लंबी सड़क का हो रहा चौड़ीकरण कार्य**

देश प्राण संवाददाता

**पटना, 31 मार्च:** राज्य में सड़क कनेक्टिविटी को बढ़ाने के क्रम में महत्वपूर्ण परियोजना बख्तियारपुरबाढ़ मोकामा पथ (एनएच-31 से जुड़ा मार्ग) के चौड़ीकरण का कार्य जल्द पूरा किया जाएगा। इसके बाद करीब 45 किलोमीटर की दूरी तय करना वाहनों के लिए काफी आसान होगा। पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पथ के चौड़ीकरण का काम अंतिम चरण में है। इसे यात्रियों के आवागमन के लिए जल्द खोल दिया जाएगा। राज्य में सड़क अवसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में पथ निर्माण विभाग बख्तियारपुर बाढ़ मोकामा पथ (एनएच-31 से जुड़ा लिंक पथ) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य कर रहा है।

यह पथ करजान (बख्तियारपुर ताजपुर पुल) अथमलगोला से शुरू होकर बाढ़, पंडारक मोड़, शिवनार, मोकामा और फिर यहां से मोकामा बाजार होकर बाटा चौक तक जाता है। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल का कहना है कि लिंक पथ के चौड़ीकरण कार्य के बाद आसपास के क्षेत्रों का जुड़ाव राजमार्ग और राष्ट्रीय राजमार्ग से आसान होगा। एनएच-31 के जाम की समस्या से स्थाई तौर पर छुटकारा मिलेगा।

साथ ही कृषि अधारित रोजगार और विपणन की सुविधा बढ़ने के साथ-साथ आसपास के इलाकों में रोजगार की संभावनओं को मजबूती मिलेगी। अथमलगोला से मोकामा बाटा चौक तक लिंक रोड चौड़ीकरण का कार्य सड़क की लंबाई कुल 45.70 किलोमीटर परियोजना की लागत, 249.881 करोड़ सड़क की चौड़ाई 6.50 मीटर से फोर लेन के रूप में 11.00 मीटर है।

### डबल मर्डर केस में एक आरोपित गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण,** 31 मार्च : सुगौली थाना क्षेत्र में दर्ज चर्चित हत्या कांड में पुलिस को अहम सफलता मिली है। मामले में हरसिद्धि थाना क्षेत्र के पन्नापुर तदवा निवासी प्रभु सहनी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जाता है कि बीते दिनों थाना क्षेत्र के दक्षिणी सुगांव के बौधा गांव के सरेह में एक पेड़ पर युवक और युवती का शव लटकता हुआ बरामद किया गया था। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई थी, जिसके बाद स्थानीय थाना में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## संजय सरावगी ने दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान को लेकर प्रशिक्षण टीम के साथ बैठक की

देश प्राण संवाददाता

**पटना, 31 मार्च:** बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान को लेकर विभिन्न जिलों की प्रशिक्षण टीम के साथ बैठक की।

बैठक में प्रशिक्षण वर्ग के दौरान संगठन की विचारधारा, नीतियों और आगामी रणनीतियों पर विशेष बल देने की बात करते हुए संगठन की मूल भावना और दिशा को समझाया गया। श्री सरावगी ने बैठक में शामिल लोगों से पार्टी की मूल भावना और दिशा को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए अधिक प्रभावी भूमिका निभाने पर जोर दिया। उन्होंने संगठन निर्माण, वैचारिक स्पष्टता और कार्यकर्ता प्रशिक्षण को पार्टी की मजबूती का आधार बताते हुए कार्यकताओं से अनुशासन और सेवा भाव के साथ काम करने पर जोर दिया। उन्होंन कहा कि प्रशिक्षण से पार्टी के मूल्य, आंतरिक लोकतंत्र और समन्वय की समझ बढ़ती है। उन्होंने निरंतर सीखने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 1420 मंडलों में यह प्रशिक्षण महाअभियान चलेगा।

इसके बाद जिलास्तर पर यह अभियान चलाया जाएगा। मंडल स्तर पर यह अभियान 24 घंटों का हो रहा है। इस प्रशिक्षण महा अभियान में विभिन्न विषयों पर जैसे पार्टी का इतिहास, पार्टी की विचारधारा, सोशल मीडिया और एआई पर भी अलग-अलग सत्र आयोजित किये जा रहे हैं। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दालसनिया भी मौजूद रहे।

## शीतला मंदिर में भगदड़ से हुई मौत से तेजस्वी दुखी



देश प्राण संवाददाता

**पटना,31 मार्च:** बिहार विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी यादव ने नालंदा स्थित माता शीतला मंदिर में हुई भगदड़ की घटना को प्रशासनिक विफलता का परिणाम बताया है। श्री यादव ने आज यहां बताया कि नालंदा के मघड़ा स्थित शीतला मंदिर में प्रशासनिक कुव्यवस्था के कारण हुई भगदड़ की हृदयविदारक घटना में श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। शोकाकुल परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ हैं। उन्होंने। कहा कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन से आग्रह है कि घायलों के समुचित इलाज, मृतकों के परिजनों को तत्काल सहायता और घटना की उच्चस्तरीय जांच सुनिश्चित कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए ।

### इलाज के दौरान महिला की मौत, डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप

**भागलपुर, 31 मार्च :** पिरपैंती थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला पिंकी देवी का मंगलवार को मायागंज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उक्त महिला तीन महीने की गर्भवती थीं। उनका घर पीरपैंती के दिलौड़ी कालीप्रसाद इलाके में बताया जा रहा है। परिजन के अनुसार, गर्भ में पल रहा बच्चा खराब हो गया था। जिसके बाद गर्भपात कराने के लिए वे एक स्थानीय डॉक्टर के पास पहुंचे। आरोप है कि आशा कार्यकर्ता के माध्यम से महिला का गर्भपात कराया गया और इसके बाद उन्हें घर भेज दिया गया। घर लौटने के कुछ ही समय बाद पिंकी देवी को तेज पेट दर्द शुरू हो गया। जब परिजन दोबारा डॉक्टर के पास पहुंचे, तो डॉक्टर ने इसे गैस की समस्या बताकर नजरअंदाज कर दिया।

## अधिक कचरा उत्पादन किया तो खुद करना होगा निस्तारण, चार रंगों के डस्टबिन होंगे

देश प्राण संवाददाता

**पटना, 31 मार्च:** बिहार में शहरों को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने के लिए नगर निकायों के लिए जारी किया गया नया गाइडलाइन कल पहली अप्रैल से लागू हो रहा है, जिसमें 100 किलो से अधिक कचरा उत्पादन करने वाले संस्थान जैसे- अपार्टमेंट, होटल, सरकारी कार्यालयों को खुद कचरा प्रोसेसिंग लगाना अनिवार्य हो जाएगा। साथ ही नगर विकास एवं आवास विभाग ने गीले कचरे का ऑन साइट कंपोस्टिंग करने का बभी निर्देश जारी किया है।

नगर विकास एवं आवास विभाग के अनुसार यह व्यवस्था न्यू सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2026 के तहत सभी नगर निकायों में लागू की जा रही है। वहीं, राजधानी पटना को सुंदर, स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लिए पटना नगर निगम के डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के नए नियम कल पहली अप्रैल से लागू हो जाएगा। अब घरों से कचरा उठाव के दौरान लोगों को अपने कचरे को केवल गीला और सूखा में नहीं, बल्कि चार अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर देना अनिवार्य होगा। जबकि पहले यह व्यवस्था अनिवार्य नहीं थी।

अबतक कचरे को केवल दो श्रेणियों में बांट कर कचरे का उठाव किया जा रहा था। इस नई व्यवस्था के तहत अब कचरा ढोने वाली गाड़ियों में चार अलग-अलग रंगों के बिन लगे होंगे। यदि घरों से कचरा अलग-अलग कर-के नहीं दिया गया तो सफाईकर्मी उसे स्वीकार नहीं करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कचरे का शत-प्रतिशत वैज्ञानिक निस्तारण करना और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाना है। वहीं, राजधानी में दो नए रंग भी लोगों की स्वच्छता नियमों में शामिल किये जा रहे हैं। इसके लिए पटना नगर निगम कुल 225 नये वाहनों की खरीद कर रहा है। जिसमें शहर के सभी छह अंचलों के 375 सेक्टरों में कचरा उठाव के लिए नगर निगम द्वारा अपने संसाधनों को बढ़ाया जा रहा है। वर्तमान में निगम के पास 373 क्लोज टिपर और 150 सीएनजी टिपर हैं, जिनमें से लगभग 327 वाहन वर्तमान में सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं। कचरा कलेक्शन को बेहतर बनाने के लिए निगम 225 नए वाहनों की खरीदारी कर रहा है। इनमें 150 क्लोज टिपर और 75 ओपन टिपर शामिल हैं।

## साहित्य सम्मेलन में हुई कवि-गोष्ठी, प्रो केसरी कुमार भी किए गए स्मरण




देश प्राण संवाददाता

**पटना, 31 मार्च:** संस्कृत, अंग्रेजी, बँग्ला और हिन्दी समेत अनेक भाषाओं के उद्भट विद्वान तथा महान शिक्षाविद डा मुरलीधर श्रीवास्तव शेखर माँ भारती की सेवा करने वाले उन अंगुली गण्य महापुरुषों में परिगणित होते हैं, जिन्होंने अपनी सर्वतोभावेन सेवा से वाग्देवी का विपुल और विमल आशीष प्राप्त किया। 'हिन्दी धातु कोश' का सृजन कर, भाषा परिष्कार के लिए उन्होंने जो कार्य किया, वह दुर्लभ है।

वह विद्वता के पर्याय और वाग्मिता के दृष्टांत थे। उनकी कविताएं तो ललिता देवी की कृपाओं से अलंकृत होती ही थी, उनके व्याख्यान और गद्य भी काव्य-लालित्य से पूर्ण होते थे। यह बातें मंगलवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयन्ती-समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि हिन्दी भाषा और साहित्य के उन्नयन और प्रचार में शेखर जी का अवदान अतुल्य और नमनीय है। उनकी प्रतिभा बहुमुखी थी। विषय चाहे जो हो, साहित्य, दर्शन, कला, संस्कृति, विज्ञान, सामाजिक-सरोकार अथवा राजनीति, सभी विषयों पर वे अधिकार पूर्वक मोहक व्याख्यान देने में समर्थ थे।

भारत, भारती और भारतीय संस्कृति के वे महान ध्वज-वाहक थे। उनके तीनों पुत्रों प्रो शैलेंद्रनाथ श्रीवास्तव, डा रवीन्द्र राजहंस और डा वीरेंद्र नाथ और तीनों पुत्र-वधुओं डा वीणारानी श्रीवास्तव, डा आरती राजहंस तथा डा मधु वर्मा ने भी उनकी ज्ञान-परंपरा और साहित्य-सेवा की विरासत को अग्रगामी बनाया।

डा सुलभ ने सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष प्रो केसरी कुमार और व्यंग्य के सुख्यात कवि डा रवीन्द्र राजहंस को भी स्मरण किया।

## बापू टावर और बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय समेत वैशाली 17वीं विश्वकर्मा अवॉर्ड्स के लिए चयनित

**अगस्त में होगा सम्मेलन अध्यक्ष का निर्वाचन, जुलाई में आरम्भ हो सकती है प्रक्रिया**

देश प्राण संवाददाता



**पटना, 31 मार्च :** भवन निर्माण विभाग द्वारा निर्मित बापू टावर, पटना और बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं स्मृति स्तूप, वैशाली को 17वीं विश्वकर्मा अवॉर्ड्स 2026 के लिए चयन किया गया है। यह चयन श्रेणी में हुआ है।

यह विभाग की उत्कृष्ट निर्माण गुणवत्ता, इंजीनियरिंग कौशल और सांस्कृतिक महत्व की परियोजनाओं को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाने वाली उपलब्धि है। भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा यह विभाग के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है कि बापू टावर और स्मृति स्तूप विश्वकर्मा अवॉर्ड के लिए चयनित हुई है। यह उपलब्धि इंजीनियर्स, आर्किटेक्ट्स एवं निर्माण टीम की मेहनत, तकनीकी उत्कृष्टता एवं समर्पण का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि भवन निर्माण विभाग वास्तुकला व भवन निर्माण शैली में नित नए कीर्तिमान गढ़ देश-दुनिया के समक्ष बिहार की नई पहचान बना रहा है। पहले भी विभाग की महत्वपूर्ण निर्माण सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र, पटना एवं अंजुमन इस्लामिया हॉल को विश्वकर्मा अवॉर्ड मिल चुका है। माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार का सतत प्रयास रहा है कि बिहार अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करे। विश्वकर्मा अवॉर्ड के लिए बापू टावर एवं स्मृति स्तूप का चयन उनकी दूरदर्शिता एवं कर्मनिष्ठा का उत्कृष्ट प्रमाण है। इन परियोजनाओं के माध्यम से बिहार के पर्यटन एवं सांस्कृतिक गौरव को नई ऊंचाई मिल रहा है। पटना के गर्दनीबाग में महात्मा गांधी को समर्पित बापू टावर में गांधीजी की विरासत को ऑडियो-विजुअल्स, म्यूरल, मूर्तियों एवं लघु फिल्म के माध्यम से सजीव ढंग से दशार्या गया है। महात्मा गांधी की जीवन यात्रा, सिद्धांतों और बिहार से उनके जुड़ाव को आधुनिक तकनीक के माध्यम से संग्रहालय में जीवंत रूप से प्रदर्शित किया गया है। बापू टावर न केवल पर्यटकों का आकर्षण है बल्कि युवाओं और छात्रों के लिए शिक्षा का केंद्र भी है। यह संग्रहालय पर्यटन को नई उंचाई प्रदान कर रहा है। वैशाली में भगवान बुद्ध के स्मृति अवशेष को सुरक्षित रखने एवं बौद्ध धर्मावलंबियों के दर्शन हेतु 72 एकड़ भूखण्ड में निर्मित बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं स्मृति स्तूप भवन निर्माण विभाग की एक शानदार उपलब्धि है।

# असम में भाजपा के 31 वादों का 'संकल्प पत्र', सुरक्षित व विकसित असम पर जोर

**गुवाहाटी, 31 मार्च (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को असम विधानसभा चुनाव 2026 के लिए संकल्प पत्र के रूप में अपना घोषणापत्र जारी किया। पार्टी ने संकल्प पत्र में 31 प्रमुख वादों के माध्यम से स्वदेशी अधिकारों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने, आर्थिक विकास और समावेशी प्रगति पर विशेष जोर दिया है। गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दिलीप सैकिया तथा राज्य के कई मंत्रियों की उपस्थिति में संकल्प पत्र का विमोचन किया।



इस अवसर पर सीतारमण ने कहा कि पिछले दस वर्षों में भाजपा सरकार ने असम में व्यापक परिवर्तन लाया है, जिससे राज्य के साथ-साथ पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास को गति मिली है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि पार्टी का विजन ह्यजाति, माटी, भेटीह्न की सुरक्षा पर आधारित है। उन्होंने कहा कि हम असम को शानदार राज्य बनाना चाहते हैं। हम एक निर्भर राज्य नहीं बनना चाहते। हम राष्ट्र निर्माण में हिस्सा लेना चाहते हैं। संकल्प पत्र में हमने 31 वादे किए हैं।

संकल्प पत्र में अवैध प्रवासियों की पहचान करने और निष्कासन को तेज करने के लिए अप्रवासी (असम से निष्कासन) अधिनियम 1950 को लागू करने तथा अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराने का वादा किया गया है। मिशन बसुंधरा के तहत स्वदेशी लोगों को भूमि अधिकार देने और सांस्कृतिक व धार्मिक संस्थानों की रक्षा करने की बात कही गई है। छठी अनुसूची क्षेत्रों और जनजातीय समुदायों को छोड़कर समान नागरिक संहिता लागू (यूसीसी) लागू करने की बात कही गई है। संकल्प पत्र में आर्थिक विकास को गति देने के लिए भाजपा ने ह्यअसम गति शक्ति मास्टर प्लान के तहत पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा है, जिससे असम को देश के पूर्वी द्वार के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके अंतर्गत सड़क, रेल, जलमार्ग और हवाई संपर्क का विस्तार, गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बरदलै अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास विश्वस्तरीय एयरोसिटी तथा सिलचर में ग्रीनफील्ड डोलू हवाई अड्डा विकसित करने की योजना शामिल है। युवा और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देते हुए संकल्प पत्र में अगले पांच वर्षों में दो लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया गया है। मुख्यमंत्री आत्मनिर्भर असम अभियान के तहत युवाओं को पांच लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए केजी से पीजी तक निःशुल्क शिक्षा, 70 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति और वन डिस्ट्रिक्ट, वन यूनिवर्सिटी जैसी पहल की भी बात कही गई है। महिलाओं के लिए ह्यअरुणोदय योजना की सहायता राशि को चरणबद्ध तरीके से तीन हजार रुपये प्रतिमाह तक बढ़ाने और 15 लाख नए परिवारों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता अभियान के तहत 40 लाख लखपति बाइदेव तैयार करने की योजना है। कृषि क्षेत्र में छोटे और सीमांत किसानों को 11 हजार रुपये वार्षिक सहायता, ट्रैक्टर व पावर टिलर पर सब्सिडी तथा डेयरी और मत्स्य पालन को बढ़ावा देना का वादा किया गया है। गरीब परिवारों के लिए रियायती राशन योजनाओं को जारी रखने का भी वादा किया गया है। बाढ़ समस्या के समाधान के लिए भाजपा ने 18 करोड़ रुपये की लागत से बाढ़ मुक्त असम मिशन की घोषणा की है, जिसमें नदी पुनर्जीवन, तटबंधों को मजबूत करना, कटाव नियंत्रण और राष्ट्रीय जलमार्ग-2 की ड्रेजिंग शामिल है। संस्कृति और विरासत संरक्षण के तहत 2027 तक गुवाहाटी में अहोम ओइतिज्य संग्रहालय स्थापित करने, स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा देने और असम के ऐतिहासिक नायकों को पाठ्यक्रम में शामिल करने की बात कही गई है। जनजातीय और चाय जनजाति समुदायों के लिए अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिलाने के प्रयास, भूमि अधिकार, मजदूरी बढ़ाकर 500 रुपये तक करने और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का भी संकल्प पत्र में उल्लेख है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 15 लाख अतिरिक्त पक्के मकान बनाने और 50 हजार करोड़ रुपये के असम स्वास्थ्य उत्कर्ष अभियान के माध्यम से राज्य को स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा ने संकल्प पत्र के माध्यम से वर्ष 2036 तक असम की अर्थव्यवस्था को 300 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए एक आत्मनिर्भर, समृद्ध और सांस्कृतिक रूप से सशक्त असम का विजन प्रस्तुत किया है। असम की सभी 126 विधानसभा सीटों के लिए मतदान नौ अप्रैल को एक ही चरण में होगा, जबकि वोटों की गिनती 4 मई को होगी।

## मप्र विस अध्यक्ष ने 2047 के विकसित भारत के लिए युवा विधायकों को दिलाए पांच संकल्प

**भोपाल, 31 मार्च (हि.स.)।** मध्य प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार हो सकता है, जब हमारे युवा विधायक अपने कर्तव्यों का निष्ठा और दूरदर्शिता के साथ पालन करें। इस तथ्य को रेखांकित करते हुए मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के दो दिवसीय युवा विधायक सम्मेलन (राष्ट्रकुल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन-6) के अंतिम सत्र में मंगलवार को विस अध्यक्ष ने युवा विधायकों को पांच संकल्प दिलाए। विधान सभा अध्यक्ष तोमर ने युवा विधायकों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत 2047 का विजन केवल सरकार का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। सम्मेलन में लोकतंत्र में नागरिकों की भागीदारी एवं विकसित भारत 2047 में विधायकों की भूमिका पर विचार व्यक्त किये गये। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने के लिए युवा विधायकों को समसामयिक परिस्थितियों में देश के प्रति समर्पण भाव से कार्य करना होगा। नेतृत्व विकास के लिए सकारात्मक सोच और अनुशासन से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि युवा विधायक चुनौतियों का समाधान कर अपनी नेतृत्व क्षमता का नवाचार में उपयोग करें। युवा नेतृत्व समाज की सोच में परिवर्तन ला सकता है। सुशासन के क्षेत्र में प्रयास हों और विकास को जनआंदोलन बनाया जाये। लोकतंत्र की मजबूती के लिए नागरिकों का जागरूक होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि युवा विधायकों ने टेक्नोलॉजी, स्वच्छता, सोलर एनर्जी, शिक्षा गुणवत्ता, अधोसंरचना, जनसंवाद और जनकल्याण पर विचार व्यक्त किए हैं। उन्होंने युवा विधायकों को सीख दी कि अध्ययन का विशेष महत्व होता है और विद्यार्थी भाव सदैव बना रहना चाहिए।

युवा विधायकों के पांच संकल्प

संकल्प 1: हम, युवा विधायक सम्मेलन में यह दृढ संकल्प लेते है कि लोकतंत्र की सशक्तता का मूल आधार नागरिकों की सक्रिय भागीदारी है। अतः एक मजबूत और समावेशी लोकतंत्र के निर्माण में हम युवा विधायक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे।

संकल्प 2: हम, युवा विधायक समाज की नई ऊर्जा, नवाचार और परिवर्तन की सोच का प्रतिनिधित्व करते हुये नागरिकों और शासन के बीच सेतु का कार्य करेंगे, हम जनसरोकारों को समझकर आम जनता की समस्याओं को विधानसभा तक पहुँचायेंगे तथा पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी नीतियों के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभायेंगे ताकि लोकतांत्रिक संस्थायें जनता के प्रति उत्तरदायी हो सके।

संकल्प 3: हम, नागरिकों को जागरूक और सशक्त बनाने हेतु सतत/सार्थक प्रयास करेंगे ताकि वे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भाग लें. तकनीक और नवाचार का उपयोग कर शासन को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दीर्घकालिक नीतियाँ बनाने एवं युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों की आवाज को सशक्त बनाने हेतु सक्रिय भूमिका निभायेंगे जिससे जनता और उनकी विधायिकाओं के बीच प्रभावी संपर्क स्थापित हो सके तथा सार्थक सहभागी शासन सुनिश्चित किया जा सके।

### अवैध गतिविधि में धन के दुरुपयोग को रोकने के लिए लाया गया है एफसीआरए विधेयकः किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली, 31 मार्च (हि.स.)।** विदेशी अंशदान (विनियमन) (एफसीआरए) संशोधन विधेयक, 2026 को लेकर विपक्षी दलों के आरोपों को खारिज करते हुए केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि किसी भी अवैध गतिविधियों में धन के दुरुपयोग को रोकने के लिए यह विधेयक लाया गया है। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए किरेन रिजिजू ने कहा कि केरल में वामदलो और कांग्रेस द्वारा कुछ अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि भारत सरकार विभिन्न धार्मिक संगठनों की गतिविधियों को रोकने के लिए एफसीआरए संशोधन विधेयक ला रही है। लेकिन प्रस्तावित संशोधन विधेयक केवल भारत में विदेशी धन के विनियमन के लिए, किसी भी अवैध गतिविधि में धन के दुरुपयोग को रोकने के लिए लाया गया है। उन्होंने कहा कि विदेशों से अवैध रूप से पैसा आता है और उसका इस्तेमाल राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ किया जाता है। इसलिए राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय हित में प्रस्तावित संशोधन लेकर सरकार लाई है। किरेन रिजिजू ने आरोप लगाया कि वामपंथी दल और कांग्रेस प्रस्तावित संशोधनों को लेकर झूठी अफवाहें फैला रहे हैं, क्योंकि वे केरल विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा को मिल रहे भारी जनसमर्थन से भयभीत हैं। यह विधेयक किसी भी धार्मिक समूह के खिलाफ नहीं है। उन्हें इस तरह के झूठ फैलाना बंद कर देना चाहिए।

## नालंदा विश्विद्यालय का पतन केवल भारत नहीं, पूरी दुनिया के लिए एक बहुत बड़ी क्षति थी : राष्ट्रपति

**राजगीर, 31 मार्च (हि.स.)।** बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने कहा कि प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय ने लगभग आठ शताब्दियों तक ज्ञान के एक महान केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाई थी, और इसका पतन न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक बहुत बड़ी क्षति थी।



राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, ₹इसका पुनरुद्धार, आधुनिक परिवेश में विश्वविद्यालय की गौरवशाली विरासत को फिर से स्थापित करने की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का प्रतीक है।₹स्नातकों को डिग्रियां प्रदान करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इस संस्थान के छात्रों को मानवता की एक ₹साझी विरासत₹ प्राप्त होती है। राष्ट्रपति ने कहा कि यहां से स्नातक होने वाले छात्रों को दो चीजें मिलती हैं – एक डिग्री और एक विरासत।

जहां डिग्री उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, वहीं मानवता की जो विरासत वे यहां से पाते हैं, वह एक साझी विरासत है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस वर्ष स्नातक होने वाले छात्रों में से आधे से अधिक छात्र 30 से अधिक देशों के थे। राष्ट्रपति ने कहा, ₹भगवान महावीर और बुद्ध ने बिहार के इसी क्षेत्र से पूरी मानवता को अहिंसा, करुणा और प्रेम का संदेश दिया था।₹ दीक्षांत समारोह से पहले उन्होंने पौधरोपण कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया, और 'नेट-जीरो उत्सर्जन' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता की सराहना की।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, ₹यह परिसर एक 'नेट-जीरो परिसर' बनने की अपनी यात्रा में, स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उच्च शिक्षा संस्थानों को निश्चित रूप से उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नेतृत्व करना चाहिए।

## आईएफएफडी के समापन पर फिल्म 'शतक : संघ के सौ वर्ष' एवं लोकमाता देवी अहिल्याबाई की विशेष स्क्रीनिंग

**नई दिल्ली, 31 मार्च (हि.स.)।** इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, दिल्ली (आईएफएफडी) के समापन दिवस पर भारत मंडपम में फिल्म ह्यशतक : संघ के सौ वर्षह्न एवं लोकमाता देवी अहिल्याबाई की विशेष स्क्रीनिंग को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दिल्लीवासियों, फिल्म प्रेमियों और सिनेमा से जुड़े लोगों ने फिल्में देखीं। दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने फिल्मों के निमार्ता-निर्देशकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी फिल्में नई पीढ़ी को अपने राष्ट्र नायकों और उनके महत्वपूर्ण योगदान से परिचित कराती हैं। ह्यशतकह्न फिल्म के जरिये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आधारशिला डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार, गुरूजी माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर एवं बाला साहेब देवरस का राष्ट्रनिर्माण में नेतृत्व और योगदान की प्रस्तुति प्रभावशाली ढंग से की गई है। स्वयंसेवकों का देश के आंदोलनों में योगदान एवं देश के मुश्किल समय में पूर्ण समर्पण से किया गया कार्य लोगों को प्रेरित करता है। जम्मू-कश्मीर को देश का हिस्सा बनाए रखने एवं गोवा की स्वतंत्रता में स्वयंसेवकों का सर्वस्व बलिदान संघ के पूर्ण समर्पण की भावना को अभिव्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्षों की यात्रा, सेवा कार्यों और सामाजिक योगदान को इस फिल्म के माध्यम से व्यापक समाज तक पहुंचाया गया है। कपिल मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरएसएस एवं जनसंघ के राष्ट्रीय एकता, राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत कर संकल्पों को सिद्ध किया है। बगैर भेदभाव गांव और गरीब का विकास, अंत्योदय को योजनाओं का आधार बनाना, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना और देश के दुश्मनों को गोली का जवाब गोले से देना ऐसे सभी संकल्प पूरे हुए हैं। लोकमाता देवी अहिल्याबाई पर बनी लघु फिल्म की सराहना करते हुए कपिल मिश्रा ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने में असाधारण भूमिका निभाई है। देश भर के मंदिरों के निर्माण, पुनर्निर्माण और संरक्षण में उनका अभूतपूर्व योगदान रहा। इस वीरांगना ने सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कपिल मिश्रा ने कहा कि कई वर्षों के इन्तजार के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर, वाराणसी में काशी विश्वनाथ, उज्जैन में महाकाल, गुजरात में सोमनाथ, उत्तराखंड में केदारनाथ और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिरों की भव्यता और दिव्यता प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में लौटी है।

## प्रधानमंत्री ने गुजरात को दी बीस हजार करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात

**वाव-थराद, 31 मार्च (हि.स.):** गुजरात के वाव-थराद में आयोजित एक बड़े कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं में सड़क, रेलवे, ऊर्जा, शहरी विकास, स्वास्थ्य, जल आपूर्ति, पर्यटन और ग्रामीण विकास जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं, जिनका उद्देश्य क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करना और सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देना है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने वैश्विक परिदृश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले एक महीने में दुनिया के कई हिस्से युद्ध, अशांति और अस्थिरता से जूझ रहे हैं। विशेष रूप से पश्चिम एशिया की स्थिति ने ऊर्जा संकट को जन्म दिया है, जिसका प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में भारत ने स्थिरता बनाए रखी है,



जो देश की मजबूत विदेश नीति और नागरिकों की एकता का परिणाम है।


प्रधानमंत्री ने विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल इस कठिन समय में भी विभाजनकारी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता एकजुटता बढ़ाने के बजाय भय और अफवाह फैलाने में लगे हैं, जो राष्ट्रीय हितों के खिलाफ है। विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गुजरात में गांव-गांव को बेहतर सड़कों से जोड़ा गया है और आधुनिक हाई-स्पीड हाईवे का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी आधुनिक ट्रेन सेवाएं भी राज्य को मिल रही हैं, जिससे यात्रा सुविधाजनक और तेज हुई है। उन्होंने भरोसा जताया कि ह्लपंचायत से पार्लियामेंट तक जब तक जनता का विश्वास बना रहेगा, विकास की सुपरफास्ट एक्सप्रेस इसी गति से आगे बढ़ती रहेगी। प्रधानमंत्री ने उत्तर गुजरात के पुराने हालात को याद करते हुए कहा कि एक समय यह क्षेत्र सूखा और अकाल के लिए जाना जाता था। उन्होंने कहा कि उस दौर में कांग्रेस सरकारों द्वारा क्षेत्र की उपेक्षा की गई, जिसके कारण लोगों को कई किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता था और जीवन संघर्षपूर्ण था। उन्होंने कहा कि आज विकास परियोजनाओं के कारण इस क्षेत्र की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है।

प्रधानमंत्री ने दीसा एयरबेस का भी उल्लेख किया और कहा कि पहली बार उनका विमान सीधे यहां उतरा है। अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 130 किलोमीटर दूर स्थित यह एयरबेस देश की सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना उनके मुख्यमंत्री काल में शुरू हुई थी, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों की उदासीनता के कारण वर्षों तक लंबित रही।

सड़क अवसंरचना के क्षेत्र में प्रधानमंत्री ने 5,100 करोड़ रुपये से अधिक लागत से निर्मित अहमदाबाद-धोलेरा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया, जिससे क्षेत्रीय संपर्क बेहतर होगा और धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र में औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## छत्तीसगढ़ में 93 हथियार, 7.2 किलो सोना, 2.90 करोड़ नकद सहित 25 इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर, 31 मार्च (हि.स.)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलवाद के खात्मे की तय समय सीमा के अंतिम दिन आज मंगलवार को बस्तर आईजी सुन्दरराज पी., सीआरपीएफ के डीआईजी बी.एस. नेगी, बीजापुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष 25 इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इन पर 1.47 करोड़ का इनाम घोषित था। इन नक्सलियों ने एलएमजी, एके-47, एसएलआर, इंसास सहित कुल 93 घातक हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया है। पहली बार नक्सलियों के पास से 2.90 करोड़ रुपये नकद और लगभग 7.2 किलोग्राम सोना बरामद किया गया है। बरामद सोने की कीमत करीब 11.16 करोड़ रुपये आंकी गई है। इनके पास मिले हथियारों में 4 एके-47 और 9 एसएलआर राइफलें जैसे आधुनिक हथियार भी शामिल हैं। सभी 25 आत्मसमर्पित नक्सलियों पर 1.47 करोड़ का इनाम घोषित था। इनसमें मंगल कोरसा ऊर्फ मोटू, आकाश ऊर्फ फागु उईका, डीवीसीएम शंकर मुचाकी, एसीएम राजू रैयाम ऊर्फ मुन्ना, एसीएम पाले कुरसम जैसे बड़े नक्सली शामिल है। मंगल 8 लाख रुपए का इनामी था और वह 12 बड़ी घटनाओं में शामिल रहा। शंकर मुचाकी (33वर्ष) भी 8 बड़े वारदातों में शामिल रहा, पाले कुरसम 5 घटनाओं में शामिल था। आत्मसमर्पण समर्पण




करने वाले नक्सलियों की निशानदेही पर 93 घातक हथियारों के साथ 7.2 किलो सोना और 2.90 करोड़ रुपये नकद बरामद किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली कैडरों को शासन की नीति के तहत आर्थिक सहायता, कौशल विकास प्रशिक्षण, आवास, शिक्षा और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही उन्हें समाज में सम्मानजनक जीवन जीने के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। सुरक्षा बलों ने शेष माओवादी कैडरों से भी अपील की है कि वे हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा में लौटें, ताकि क्षेत्र में शांति और विकास को और मजबूती मिल सके। बीजापुर डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि नक्सलियों के बड़े नक्सल डंप बरामद करने में सुरक्षाबल को बड़ी सफलता मिली है। 25 नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने के साथ ही नक्सल संगठन लगभग समाप्त हो चुका है। 31 मार्च 2026 'नक्सल मुक्त बस्तर' संकल्प की समय-सीमा का अंतिम दिन है। शासन की पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वालों को आर्थिक सहायता, सुरक्षा, कौशल प्रशिक्षण एवं सम्मान जनक जीवन की सुविधा दी जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 1 जनवरी 2024 से 31 मार्च 2026 तक बीजापुर जिले में कुल 1003 माओवादी कैडर आत्मसमर्पण कर चुके हैं। अब तक कुल 19.43 करोड़ रुपये की बरामदगी हो चुकी है, जिसमें 6.63 करोड़ रुपये नकद और 12.80 करोड़ रुपये मूल्य का 8.20 किलोग्राम सोना शामिल है।

## खबरकोना

### राजघाट में पूर्वांचल महोत्सव-नौ का आयोजन, ओम बिरला ने कहा- पूर्वांचल विचार, साधना और सृजन की भूमि

**नई दिल्ली :** दिल्ली के गांधी दर्शन प्रांगण में माटी संस्था द्वारा आयोजित पूर्वांचल महोत्सव-9 का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें पूर्वांचल की समृद्ध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और बौद्धिक परंपरा का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि पूर्वांचल केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं बल्कि विचार, साधना और सृजन की भूमि है, जिसने सदियों से समाज को दिशा दी है। उन्होंने इस अवसर पर छह प्रमुख हस्तियों फैज अहमद किदवई, डॉ. प्रवीण कुमार सिंह, प्रोफेसर वंदना सिंह, रवि शंकर राय, राजेश सिंह दयाल और अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी को माटी सम्मान-9 से सम्मानित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि सम्मानित व्यक्तियों ने राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान देकर पूर्वांचल का गौरव बढ़ाया है। वहीं, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष राम बहादुर राय ने माटी संस्था की सराहना करते हुए इसे पूर्वांचल की आकांक्षाओं को दिशा देने वाली संस्था बताया। दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा ने उद्घाटन सत्र में कहा कि पूर्वांचल की मिट्टी में व्यक्तित्व निर्माण की अद्भुत शक्ति है और माटी संस्था इसी शक्ति का प्रतीक बनकर उभर रही है। कार्यक्रम में बृज भूषण शरण सिंह, विजय गोयल और सांसद राजीव राय सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

### दिल्ली के मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को मानवाधिकार आयोग का नोटिस

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मंगलवार को दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पालम इलाके में लगी आग में एक ही परिवार के 9 सदस्यों की मौत और तीन अन्य के घायल होने की घटना का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने दिल्ली के मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग के मुताबिक 19 मार्च 2026 को प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 18 मार्च को दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पालम इलाके में एक चार मंजिला इमारत में लगी आग में एक ही परिवार के 9 सदस्यों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। मृतकों में तीन बच्चे और एक 70 वर्षीय महिला शामिल थीं। खबरों के मुताबिक, दमकल कर्मियों की हाइड्रोलिक क्रेन में कुछ तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके कारण बचाव कार्य में देरी हुई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उपकरण के समय पर चलने से और अधिक जानें बचाई जा सकती थीं। आयोग ने रिपोर्ट में पीड़ितों और घायलों को मुआवजे के वितरण की स्थिति भी शामिल करने का निर्देश दिया।

### दिल्ली में राष्ट्रीय जनजातीय एवं लोक संस्कृति साहित्य महोत्सव आज से

**नई दिल्ली :** दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) 25-26 मार्च को '10वें राष्ट्रीय जनजातीय एवं लोक संस्कृति साहित्य महोत्सव' का आयोजन करेगा। आईजीएनसीए के मुताबिक कार्यक्रम का शुभारंभ 25 मार्च को सुबह 10 बजे से होगा। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्कल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. केके मिश्रा शिरकत करेंगे जबकि अध्यक्षता आईजीआरएमएस भोपाल के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे करेंगे। महोत्सव का समापन समारोह 26 मार्च को शाम 4 बजे से होगा। इसमें आईजीएनसीए के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार राम बहादुर राय मुख्य अतिथि होंगे। प्रो. अमिताभ पांडे संगोष्ठी की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इस कार्यक्रम को कला निधि प्रभाग और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय (आईजीआरएमएस), भोपाल संयुक्त रूप से आयोजित कर रहा है।कार्यक्रम का विषय 'जनजातीय साहित्य, भाषाएं, ज्ञान परंपराएं एवं सांस्कृतिक धरोहर' है।

### उज्जैन सिंहस्थ में विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर होगा भीड़ प्रबंधन, तकनीक के एमओयू हस्ताक्षरित

**वाराणसी :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि जिस तरह बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर में भीड़ प्रबंधन हो रहा है, उसी तरह का प्रबंधन हम सिंहस्थ में भी चाहते हैं। हमारा दौरा उसी की जानकारी लेने और योजना बनाने के लिए है। सभी राज्यों में बेहतर धार्मिक पर्यटन की व्यवस्था हो, धार्मिक पर्यटन से लोगों की जिंदगी में बदलाव आए, इस पर विचार कर रहे हैं। इसके लिए मंदिर न्यास के साथ एक एमओयूहस्ताक्षरित किया गया है।मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी) में आयोजित एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 में भाग लेने पहुंचे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में हाजिरी लगाई। मंदिर में विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने श्री काशी विश्वनाथ धाम में अध्ययन भ्रमण किया। धाम के सभागार में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने काशी विश्वनाथ मंदिर के क्राउड फ्लो डिजाइन, अधोसंरचना लेआउट और तीर्थयात्री प्रबंधन प्रणालियों का अवलोकन किया। उन्होंने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर भीड़ प्रबंधन पर मंदिर न्यास की विशेष प्रस्तुतियां देखीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर के अधिकारियों के साथ भी बैठक कर मंदिर प्रबंधन से जुड़ीं कई जानकारियां भी ली। इसके बाद मंदिर में क्राउड मैनेजमेंट की तकनीक को लेकर मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ विश्व भूषण मिश्रा ने उज्जैन के आयुक्त के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन स्थल होटल रामाडा पहुंचे और सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन किया।